सुप्रभात

रांची, बुधवार

10.05.2023

* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ



khabarmantra.net ज्येष्ठ, कृष्ण पक्ष, पंचमी, संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 294

12 परिणीति और राघव चड्ढा की सगाई 13 को

## न्यूज डायरी

### जम्मू कश्मीर में एनआइए का तलाशी अभियान जारी

**श्रीनगर।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) ने मंगलवार को यहां आतंकवादी हमले की साजिश रचने के मामलों में जम्मू-कश्मीर में 15 ठिकानों पर तलाश अभियान छेड़ा। ज्ञात हो कि केंद्र शासित प्रदेश में यह छापेमारी आतंकवादी हमले की साजिश रोकने को की जा रही है।

### प्लास्टिक फैक्ट्री में लगी भीषण आग

**रांची।** ओरमांझी थाना क्षेत्र के हुटुप स्थित एक प्लास्टिक फैक्ट्री में मंगलवार को अचानक आग लग गयी। आग इतनी भयानक है कि उसके काले धुएं की लपटें कई किमी दूर तक दिख रही हैं।

### अनूप हत्याकांड का खुलासा, तीन धराये

**रांची।** तमाड़ थाना पुलिस ने अनूप दास हत्याकांड का खुलासा करते हुए तीन आरोपितों सत्यजीत पाठक, राजेश लोहरा और बिपिन सिंह मुंडा को गिरफ्तार किया है। इनके पास से एक लाख रुपये नकदी, तीन मोबाइल फोन और एक चाकू बरामद किया गया है।

### 21 छात्र मणिपुर से पटना होकर रांची पहुंचे

**पटना।** मणिपुर में हिंसा की स्थिति बनी हुई है, ऐसे में बिहार सरकार ने बिहार के छात्रों को विशेष विमान की व्यवस्था कर पटना लाया है। उसी विमान से झारखंड के 21 छात्र भी पटना एयरपोर्ट लाये गये हैं।

### पुल के नीचे गिरी बस, 22 की मौत

**खरगोन।** खरगोन जिले के ऊन थाना क्षेत्र में दसंगा गांव के पास एक यात्री बस पुल की रेलिंग तोड़ कर नदी में गिर गयी। हादसे में 24 यात्रियों की मौत की खबर है। बस में 50 से ज्यादा यात्री सवार थे।

### कोडरमा में भी एक बंदी की मौत, उठ रहे सवाल

**कोडरमा।** मंडल कारा में बंद एक विचाराधीन बंदी कीइलाज के दौरान सदर अस्पताल में मौत हो गयी। देहज प्रताड़ना के आरोप में बंद विवेक यादव (24) के सीने और रीढ़ की हड्डी में काफी दर्द था। चिकित्सकों ने हार्ट अटैक से मौत की बात कही है। इधर, बरकट्ठा के विधायक अमित यादव ने बंदी की मौत पर कई सवाल उठाये हैं। उन्होंने पूरे मामले में जेल प्रशासन पर सवालिया निशान लगाते हुए मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है।

### अगवा भावेश को पुलिस ने 24 घंटे में छुड़ा लिया

**साहिबगंज।** जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र स्थित समलापुर मोहल्ले से गायब छात्र को पुलिस ने अपराधियों के कब्जे से छुड़ा लिया है। पुलिस ने 24 घंटे के अंदर सफलता प्राप्त की। साहिबगंज एसपी अनुरंजन किस्पोट्टा ने बताया कि समलापुर मोहल्ला से 12 वर्षीय भावेश को पुलिस ने अपराधियों के चंगुल से छुड़ा उसके मात-पिता को सुपूर्द कर दिया है। सोमवार को बदमाशों ने बच्चे को उसके घर के बाहर से उठा लिया था। अपराधी पिता से फिरौती की डिमांड कर रहे थे।

### दुमका में संताली स्पोकन सर्टिफिकेट कोर्स शुरू

**दुमका।** संथाल परगना प्रमंडल में लगभग 40 फीसदी आबादी संथाल समाज के लोगों की है। ऐसे में यहां रहने वाले सभी लोगों के लिए संताली भाषा जानना-समझना और बोलना काफी उपयोगी माना जाता है। दुमका स्थित सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय नेखुद इस दिशा में पहल करते हुए संताली स्पीकिंग कोर्स की शुरुआत की है। पूरे प्रमंडल में अब तक ऐसा कोई संस्थान चाहे वह निजी हो या सरकारी कहीं संताली भाषा सिखायी नहीं जाती थी।

### गहना आभूषण

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 58,300 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 81,000 रु./प्रति किलो |

# इमरान गिरफ्तार, हालात बेकाबू

## शीशा तोड़कर घुसे रेंजर्स, कोर्ट रूम से उठा ले गये, पाक में हिंसा भड़की

■ दो की मौत, अफसर समेत अनेक घायल

एजेंसी

**कराची।** अल कादिर ट्रस्ट केस में पाकिस्तान के पूर्व पीएम इमरान खान को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया गया। पाकिस्तानी रेंजर्स ने इमरान को इस्लामाबाद हाई कोर्ट के बाहर से गिरफ्तार किया गया है। इमरान की गिरफ्तारी से पाकिस्तान सुलग उठा है। सेना मुख्यालय पर भी इमरान समर्थकों ने हमला कर दिया है। कई जगह आगजनी भी की गयी। झड़प में दो लोगों की मौक और 50 से अधिक लोगों के घायल होने की खबर है। 43 प्रदर्शनकारी गिरफ्तार किये गये हैं। इमरान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के समर्थकों ने उन्हें टॉर्चर करने की बात भी कही है। इधर भारत भी वहां की घटना पर कड़ी नजर बनाये हुए है। पूरे पाकिस्तान में तनाव का माहौल है। देशभर में धारा 144 लागू कर दी गयी है। देश भर में ट्विटर और इंटरनेट सेवाएं ब्लॉक कर दी गयी है। इ्मरान की पाटी ने देश की आवाम से अपील की है कि वे सड़कों पर उतरें और पूरे मुल्क में प्रदर्शन करें।


**सैन्य मुख्यालय पर हमला :** रावलपिंडी में सेना के हेडक्वार्टर पर इमरान समर्थकों पर धावा बोल दिया। लाहौर आर्मी कैंट और कोर कमांडर के घर पर भी बवाल मचा हुआ है। कई जगह आंसू गैस के गोले का भी इस्तेमाल करना पड़ा है। पेशावर में भी पीटीआई समर्थकों का प्रदर्शन हिंसक हो चुका है। लाहौर में भी सड़कों को जाम कर दिया और प्रदर्शन किया।

**भारत सतर्क :** भारतीय सुरक्षा बल पाकिस्तान के हालात पर और वहां की गतिविधियों पर पैनी नजर रख रहे हैं। रक्षा सूत्रों के अनुसार नियंत्रण रेखा पर बलों द्वारा कड़ी निगरानी रखी जा रही है।

(शेष पेज 11 पर)

### कॉलर पकड़ घसीटते ले गये रेंजर

दिलचस्प बात है कि इमरान को पाकिस्तान रेंजर्स के जवानों ने गिरफ्तार किया है जोकि एक अर्धसैनिक बल है। जो वीडियो आ रहे हैं उनमें भी साफ नजर आ रहा है कि इमरान के साथ रेंजर्स किस तरह से पेश आ रहे हैं। सैनिक उनका कालर पकड़ कर घसीटते ले जाते नदर आ रहे हैं। इमरान इस्लामाबाद हाइकोर्ट में लगी बायोमीट्रिक मशीन में अपनी हाजिरी लगाने वाले थे। इसी दौरान सैनिक आये और उन्हें खींचकर ले गए। वकील ने बताया कि सैनिक इमारत में लगे शीशों को तोड़कर अंदर आये थे और अरेस्ट करके ले गये।



### स्थिति नियंत्रण से बाहर, आइएसआइ और सैन्य मुख्यालय पर समर्थकों का हमला

गिरफ्तारी के बाद गुस्सायी जनता ने सैन्य मुख्यालय, जासूसी एजेंसी आइएसआइ मुख्यालय पर भी हमला कर दिया है। वहीं बलूचिस्तान के क्वेटा में विरोध प्रदर्शन के दौरान पाकिस्तानी सेना ने जनता पर फायरिंग की। गोली लगने से कई प्रदर्शनकारियों की मौत और घायल होने की खबर है। स्थिति नियंत्रण से बाहर बतायी जा रही है। रेडियो पाकिस्तान की पेशावर में स्थित इमारत में आग लगा दी गयी। गुस्साए इमरान के समर्थकों ने पूरी बिल्डिंग को किया आग के हवाले।



## अभी नहीं मिलेगी गर्मी से राहत, कुछ दिनों में पांच डिग्री पारा चढ़ने का अनुमान

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** चक्रवाती तूफान 'मोचा' का असर राज्य में नहीं के बराबर देखा जा रहा है। कुछ जिलों में तुफान के कारण बादल छायें रहे लेकिन राजधानी रांची में लोगों को धूप का सामना करना पड़ रहा है। इसी बीच मौसम विभाग ने जानकारी दी है कि राज्य में आने वाले कुछ दिनों में तापमान में वृद्धि दर्ज की जायेगी। 13 मई तक तापमान में पांच डिग्री सेल्सियस तक की वृद्धि दर्ज की जायेगी। जिससे लोगों को गर्मी का एहसास होगा। वहीं, नौ मई को राज्य के कुछ हिस्सों में बादल छाये रहने की संभावना व्यक्त की गयी है। विभाग ने बढ़ती गर्मी को देखते हुए लोगों को गर्मी से बचने की चेतावनी दी है। विभाग ने कहा है कि आने वाले कुछ दिनों में धूप के साथ तेज हवाएं भी चल सकती है। हालांकि बादल छाये रहने से लोगों को इससे राहत मिलेगी। लेकिन फिर भी लोगों को इससे सतर्कता बरतने की हिदायत दी है।

(शेष पेज 11 पर)

## इडी जांच और पूछताछ में हो रहे नित नये-नये खुलासे

# छवि रंजन यदि रांची डीसी बने रहते तो और लुट जाती सरकारी जमीन

### सैन्य जमीन घोटाला

■ जमीन लूट की साजिश का हिस्सा था छवि रंजन का डीसी बनना

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** कई जमान घोटाले में फंसे रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन से मंगलवार को तीसरे दिन भी पूछताछ हुई। सूत्रों के अनुसार यदि मेन रोड हिंसा मामले में छवि रंजन को नहीं हटाया गया होता तो और भी सरकारी जमीन की लूट हो जाती। जमीन दलालों की नजर रेडियम रोड स्थित फौजी छावनी और इडी के कब्जे में रखे गये स्टेशन रोड की आर्मी की जमीन पर भी थी। इसके लिए ताना बाना बुना जा रहा था।

इडी पूछताछ में छवि रंजन के करीबियों के मुताबिक, छवि रंजन को इसलिए डीसी बनाया गया था कि रांची में अरबों की जमीन को डील की जा सके। सिंडिकेट में छवि रंजन समेत तीन लोग शामिल थे। तीनों ने मिलकर अरबों का जमीन घोटाला कर डाला है। जिसकी जांच इडी के द्वारा की जा रही है।

### एक एफआइआर ने बिगाड़ दिया सारा खेल



छवि रंजन से पूछताछ का मंगलवार को तीसरा दिन है। नियमत: पहले उनका मेडिकल टेस्ट कराया गया और फिर पूछताछ शुरू कर दी गयी। जानकारी के अनुसार राजधानी में जमीन लूट का खेल छवि रंजन के रांची डीसी बनने के साथ ही शुरू हो गया था। पॉवर ब्रोकर प्रेम प्रकाश, अमित अग्रवाल और छवि रंजन की तिकड़ी ने एक साथ मिलकर करोड़ों नहीं, बल्कि अरबों की जमीन का घोटाला कर डाला। पर एक एफआइआर ने सबकी पोल खोल दी। जमीन की डील में आखिर पर्दे के पीछे कौन-कौन लोग थे यह राज छवि रंजन से इडी उगलवा रही है। जिस प्रेम प्रकाश के इशारे पर छवि रंजन ने हर काम किया, इडी के समक्ष उसे ही पहचानने से इनकार कर दिया, लेकिन, सबूत के सामने छवि रंजन टूट गए, उनकी बोलती बंद हो गयी।

### इडी अब पता लगा रही है पोस्टिंग में कितने खर्च हुए

छवि रंजन को साजिश के एक रणनीति के तहत ही रांची का डीसी बनाया गया था। मंशा जमीन लूट की थी। जिसमें छवि ने हर तरह की सहायता करने की हामी भरी थी। इडी जांच में यह बात भी सामने आई है कि छवि रंजन को रांची का डीसी बनाने के लिए भी एक बड़ी राशि का भुगतान किया गया था। भुगतान के बाद ही छवि रांची डीसी बने। इडी सूत्रों के अनुसार एजेंसी यह जानकारी एकत्र कर रही है कि डीसी की पोस्टिंग में कितने खर्च हुए, साथ ही साथ पैसों का भुगतान किन्हें किया गया।

# बिजली कटी, कांग्रेस की बैठक टली

## परेशान रहे कांग्रेस के मंत्री-नेता और कार्यकर्ता

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राजधानी रांची में बिजली की कटौती से हर कोई परेशान है। आम लोगों के साथ झारखंड सरकार के मंत्री को भी इस समस्या का सामना करना पड़ रहा है। आम जनता अगर सरकार से यह शिकायत करती है तो सरकार के मुलाजिम मानने को तैयार नहीं होते। मगर जब खुद सरकार के ही मंत्री को इसका भुक्तभोगी बनना पड़ जाय तो, आप क्या कहेंगे। कुछ ऐसा ही वाकया मंगलवार को गठबंधन सरकार में शामिल कांग्रेस पार्टी की बैठक के दौरान हुआ। दरअसल पुराने झारखंड विधानसभा सभागार में आयोजित कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक हो रही थी। अचानक बिजली गुल हो गयी। काफी देर तक बिजली नहीं आने पर बैठक टाल कर लंच ब्रेक घोषित कर दिया गया। वहां जेनरेटर की व्यवस्था नहीं थी।

(शेष पेज 11 पर)

### अंधेरे में बैठे रहे

बैठक में मौजूद झारखंड सरकार के ग्रामीण विकास एवं संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर सहित कांग्रेस के कई बड़े नेता इस उमस भरी गर्मी से परेशान रहे। काफी लंबे समय तक सभी अंधेरे में ही बैठे रहे। बिजली की इस ऑख मिचौली के लिए कांग्रेस के बड़े नेताओं ने इसके लिए पूर्व की सरकार दोषी कहा। हालांकि नेताओं ने कहा कि बिजली आने के बाद बैठक की गयी।

### पीपी की डिस्चार्ज पिटीशन याचिका पर सुनवाई 15 को

**रांची।** तकरीबन एक हजार करोड़ के मनी लाउंड्रिंग मामले में जेल में बंद चर्चित व्यवसायी प्रेम प्रकाश के क्रिमिनल रिवीजन की सुनवाई मंगलवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। सुनवाई के दौरान प्रार्थी ने कोर्ट को बताया कि याचिका संबंधी त्रुटि दूर कर ली गयी है। इसके बाद कोर्ट ने मेरिट पर सुनवाई के लिए 15 मई की तिथि निर्धारित की है। बता दें कि ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने प्रेम प्रकाश के डिस्चार्ज पिटीशन को खारिज कर दिया था। उनके खिलाफ अदालत ने आरोप भी गठित कर दिया है। प्रेम प्रकाश ने खुद को निर्दोष बता ईडी कोर्ट द्वारा उनके डिस्चार्ज पिटीशन खारिज किए जाने एवं उन पर आरोप गठित किए जाने को हाईकोर्ट में चुनौती दी है।

# ऋत्विक कंपनी के अधिकारी की हत्या

## हजारीबाग में अपराधियों ने वाहन पर की ताबड़तोड़ फायरिंग

खबर मन्त्र संवाददाता

**बड़कागांव।** थाना से महज डेढ़ किलोमीटर दूर स्थित हजारीबाग-बड़कागांव मेनरोड के हेठगढ़ा में अपराधियों ने दिनदहाड़े ऋत्विक कोल माइनिंग के प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर शरद कुमार की गोली मार कर हत्या कर दी। वह मूलरूप से हैदराबाद के रहने वाले थे। जानकारी के अनुसार एनटीपीसी कंपनी के एमडीओ ऋत्विक कंपनी के प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर एंव बॉडीगार्ड स्कार्पियो से केरेडारी कार्यलय जा रहे थे। बड़कागांव के हेठगढ़ा में अपराधियों ने वाहन पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। गाड़ी में सवार ऋत्विक कंपनी के कोऑर्डिनेटर शरद बाबू को सीने में एंव बॉडीगार्ड पुलिस जवान राजेन्द्र प्रसाद को कमर में गोली लगी। दोनों बुरी तरह घायल हो गये। आनन-फानन में हजारीबाग आरोग्यम अस्पताल उन्हें भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान को-ऑर्डिनेटर शरद बाबू की मौत हो गयी।

**पुलिस अनुसंधान जारी :** ऋत्विक कंपनी एनटीपीसी के लिए कोल उत्खनन का काम करती है। घटना के बाद पूरे इलाके में पुलिस ने नाकाबंदी कर दी गयी है। अपराधियों की धरपकड़ के लिए ऑपरेशन चलाया जा रहा है। घटना की जानकारी मिलने के बाद हजारीबाग एसपी मनोज रतन चोथे अस्पताल पहुंचे। कंपनी के वरीय पदाधिकारियों से घटना के बारे में विस्तृत जानकारी ली। एएसपी कुमार सुवाशीष, एसडीपीओ बड़कागांव अमित कुमार सिंह, थाना प्रभारी बड़कागांव बिनोद तिर्की, केरेडारी थाना प्रभारी एनजी केरकेट्टा, कोर्रा थाना प्रभारी उत्तम तिवारी, डाडीकला ओपी प्रभारी मणिलाल एंव बड़कागांव थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। फिलहाल पुलिस ऑपरेशन चला रही है। इस मामले को लेकर कंपनी की ओर से किसी भी तरह का बयान नहीं दिया गया है।

## ओड़िशा में नवीन से मिले नीतीश, 11 को पवार-ठाकरे से मिलने मुंबई जायेंगे

# गठबंधन पर राजनीतिक चर्चा से मुकरे दोनों सीएम

एजेंसी

**भुवनेश्वर, पटना।** बिहार के सीएम नीतीश कुमार का मिशन 2024 जारी है। अगले साल होने वाले आम चुनाव में एनडीए के खिलाफ मजबूत विपक्षी गठबंधन की कोशिशों में जुटे नीतीश लगातार विपक्ष के बड़े नेताओं से मुलाकात कर रहे हैं। इसी कड़ी में मंगलवार को वह भुवनेश्वर पहुंचे और ओड़िशा के सीएम नवीन पटनायक से मुलाकात की। दोनों नेताओं की लंबी बातचीत में कई मुद्दों पर चर्चा हुई। हालांकि इस भेंट के बाद दोनों ने इस बात से इनकार किया कि उनके बीच गठबंधन पर कोई बातचीत हुई। पत्रकारों से पूछे जाने पर दोनों ने स्पष्ट किया कि बैठक के दौरान किसी गठबंधन या महागठबंधन पर कोई राजनीतिक चर्चा नहीं हुई। अच्छे दोस्त होने के नाते हम दोनों मिले और दोपहर के भोजन पर दोस्ताना चर्चा की। 11 को शरद पवार उद्धव ठाकरे से मिलने नीतीश कुमार की मुंबई जाने की भी संभावना है। सबकुछ ठीक रहा तो 17 से 19 मई को बिहार में विपक्षी सर्वदलीय बैठक हो सकती है। इसी बैठक के बाद तय होगा कि देश में कोई तीसरा मोर्चा बनेगा या फिर कांग्रेस के साथ मिलकर ही ये सभी दल भाजपा से 2024 में दो-दो हाथ करेंगे।

(शेष पेज 11 पर)



### नीतीश से मिल कर खुशी है

ओड़िशा के मुख्यमंत्री ने कहा कि वह नीतीशजी से मिलकर बहुत खुश हुए। हम दोनों के बहुत अच्छे संबंध हैं और वे वाजपेयी सरकार में सहयोगी थे। हमने पुरी में भूमि पर चर्चा की और घोषणा की कि ओड़िशा सरकार ने बिहार सरकार को बिहार भवन बनाने के लिए डेढ़ एकड़ जमीन मुफ्त में दी है ताकि बिहार के लोग श्री जगन्नाथ की यात्रा के दौरान रुक सकें। पत्रकारों द्वारा पूछे जाने पर श्री कुमार ने कहा कि उनके बीजू बाबू से बहुत अच्छे संबंध हैं और वह अक्सर ओड़िशा आते रहते थे। नीतीश ने कहा कि नवीन जी के साथ उनके संबंध इतने मजबूत हैं कि उनसे किसी भी राजनीतिक स्थिति पर चर्चा करने की जरूरत नहीं है।

# आज रांची में विपक्षी एका पर हेमंत से मिलेंगे नीतीश

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 10 मई को रांची दौरे पर आ रहे हैं। उसके साथ पार्टी अध्यक्ष ललन सिंह भी होंगे। जानकारी के अनुसार नीतीश कुमार दोपहर बाद करीब चार बजे रांची पहुंचेंगे और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात करेंगे। माना जा रहा है दोने नेताओं के बीच 2024 की चुनावी तैयारी के साथ नीतीश कुमार की विपक्ष को एकजुट करने मुहिम को लेकर चर्चा हो सकती है।

जदयू सूत्रों के अनुसार सीएम नीतीश कुमार 10 मई को दोपहर बाद रांची पहुंचेंगे और उसके बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ उनकी मुलाकात होगी। बता दें कि झारखंड में राजनीतिक सक्रियता को बढ़ाने और दलों के बीच पेट को लेकर के जदयू के कई नेता झारखंड दौरे पर रह चुके हैं पिछले 15 दिनों के भीतर जदयू के 2 बड़े नेता झारखंड दौरा कर चुके हैं जिसमें जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह और झारखंड के प्रदेश प्रभारी अशोक चौधरी शामिल हैं। विपक्षी एकता को 2024 के लिए एक मंच पर लाने की तैयारी में जुटे नीतीश कुमार अभी तक कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी से मुलाकात कर चुके हैं।

(शेष पेज 11 पर)

## 30 जून को होगा विस्फोट: लोबिन

**रांची।** झामुमो विधायक लोबिन हेंब्रम ने कहा कि आगामी 30 जून को सिद्धो कान्हो की धरती पर उनके जन्मदिन पर बड़ा विस्फोट उनकी ओर से होगा। लोबिन ने कहा कि झामुमो की पहचान जल, जंगल, जमीन बचाने वाली पार्टी के तौर पर रही है पर, उसके रहते झारखंड में लूट मची है। युवा, स्थानीय लोग उनसे बात करते हैं कि हमलोगों का भविष्य कैसे सुरक्षित होगा। उन्होंने सरकार पर कहा कि सरकार पहले कहती थी कि वे जैसा चाहेंगे, वैसी नीति बनेगी, पर उन्हें लाठियां मिल रही हैं। लोबिन हेंब्रम ने एक बार फिर सीएनटी एक्ट, एसपीटी एक्ट के संरक्षण की वकालत की है। इसमें राज्य सरकार की विफलता का भी आरोप लगाया है।


**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

**ई-निविदा सूचना सं.: जीएसयूआरएनसी-ईएनजीडी-01-2023 दिनांक: 04.05.2023।** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक (इंजी.), दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची - 834003 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम :** सीपीएम/जीएसयू/आरएनसी के क्षेत्राधिकार में विभिन्न निर्माण स्थलों पर परियोजना पर्यवेक्षण सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रोजेक्ट सुपरवाइजर सर्विसेज एजेंसी (पीएसएसए) की नियुक्ति। **निविदा मूल्य :** ₹ 4,39,33,433.86। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय :** 05.06.2023 को अपराह्न 03.00 बजे। निविदाकार ऑनलाइन निविदा के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखे सकते है। ई-निविदा सूचना मंडल रेल प्रबंधक (इंजी), दक्षिण पूर्व रेलवे, डीआरएम बिल्डिंग, रांची-834003 के कार्यालय के सूचना पट्ट पर उपलब्ध है। (PR-140)


## आय से अधिक संपति मामले में सजायाफ्ता पूर्व मंत्री बंधु तिर्की की अपील पर बहस 28 जून को

**रांची।** आय से अधिक संपत्ति मामले में सजायाफ्ता मांडर के पूर्व विधायक विधायक बंधु तिर्की की ओर से सीबीआई कोर्ट द्वारा सुनाई गई सजा के खिलाफ दायर अपील की सुनवाई मंगलवार को हाईकोर्ट में हुई। मामले में हाईकोर्ट ने बहस के लिए 28 जून की तिथि निर्धारित की है। हाईकोर्ट के आदेश के आलोक में मामले में निचली अदालत से लोअर कोर्ट रिकॉर्ड आ चुका है। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने मामले में निचली अदालत से लोअर कोर्ट रिकॉर्ड की मांग की थी।

## जून तक प्रधानमंत्री आवास योजना के लंबित आवास को करें पूरा : चंद्रशेखर

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** ग्रामीण विकास सचिव चंद्रशेखर ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के धीमी प्रगति पर चिंता जतायी है। सचिव ने कहा है कि राज्य भर में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के 1,09,542 आवास लंबित हैं। वे मंगलवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये समीक्षा बैठक कर रहे थे। उन्होंने कहा कि लंबित आवासों को जून 2023 तक पूर्ण करना अनिवार्य है। इसके लिए पंचायत-ग्राम स्तर पर अभियान चलाने की जरूरत है। उन्होंने सभी जिले के उप विकास आयुक्त को इस अभियान की समीक्षा हर सप्ताह करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इस अभियान के माध्यम से अधिक से अधिक संख्या में लंबित आवासों को पूर्ण कराया जाये। बैठक में मनरेगा आयुक्त राजेश्वरी बी ने जानकारी दी कि आवास लाभुक दिवस अभियान के तहत पंचायत, ग्राम में हर गुरुवार को कैंप का लगाया जायेगा और लोगों को इस योजना की जानकारी दी जायेगी।

### जमीन दलालों ने बना लिया था सिंडिकेट, छवि रंजन समेत तीन लोग थे शामिल

# एक एफआइआर से खुला अरबों रुपये के जमीन घोटाले का राज

**जमीन घोटाले का मास्टरमाइंड है अमित अग्रवाल**

कुबेर सिंह



**रांची।** रांची में जमीन घोटाले में सत्ता के करीबी कोलकाता के कारोबारी अमित अग्रवाल सबसे बड़े मास्टरमाइंड की भूमिका में रहे और छवि रंजन उनके सबसे बड़े मददगार बने थे। अरबों की जमीन घोटाले का राज एक एफआइआर से खुला, जो रांची के बरियातू थाने में दर्ज करायी गई थी।

गौरतलब हो कि रांची नगर निगम के टैक्स क्लेक्टर दिलीप शर्मा ने 4 जून 2022 को बरियातू थाने में एक एफआईआर दर्ज करायी थी, जिसमें उन्होंने शिकायत की थी कि फर्जी आधार कार्ड, बिजली बिल के जरिए प्रदीप बागची नाम के एक व्यक्ति ने दो होल्डिंग नंबर 4.55 एकड़ जमीन ले ली है, तब मामूली माने जाने वाले इस एफआईआर के आधार पर ही अब न सिर्फ रांची के तत्कालीन डीसी छवि रंजन की गिरफ्तारी हो गई, बल्कि अरबों रुपये मूल्य के जमीन घोटाले का भी पदार्फाश हुआ। इडी ने बरियातू थाने में दर्ज केस के आधार पर ही इसीआइआर दर्ज की थी।

### सेना की जमीन घोटाले ने किया पर्दाफाश

जमीन घोटाले का मामला सीधे सेना की जमीन से जुड़ा था, इसलिए इडी का इस पर पूरा ध्यान था। एक बड़ी साजिश कर कागजातों को बदलकर सेना की जमीन कब्जा किया जा रहा था। रांची के बरियातू में सेना की 4.83 एकड़ जमीन बीएम लक्ष्मण राव के नाम पर थी। राव ने यह जमीन सेना को 417 रुपए मासिक किराए पर देश की आजादी के ठीक बाद दे दी थी, लेकिन जालसाजों के गिरोह ने प्रदीप बागची के दादा प्रफुल्ल बागची के नाम पर फर्जी कागजात बनाए। इसके बाद जमीन को अमित अग्रवाल की कंपनी जगतबंधु टी-एस्टेट प्राइवेट लिमिटेड को बेच दी गयी। इडी ने जब कोलकाता के रजिस्ट्रार ऑफ एश्योरेंस और बड़गाईं अंचल में सर्वे किया, तब यह बात सामने आयी कि वहां ओरिजनल रजिस्टर को फाड़ दिया गया था, वहीं नए पेपर ओवरराइटिंग कर लगा दिए गए थे। एफएसएल गांधीनगर से रजिस्टर की जांच हुई तो टेंपरिंग और पेपर फाड़े जाने, ओवरराइटिंग की पुष्टि हुई। अमित अग्रवाल की कंपनी को सरकारी दर 20 करोड़ से भी कम महज 7 करोड़ में रजिस्ट्री की गई, लेकिन भुगतान महज 25 लाख ही प्रदीप बागची के खाते में दिखा।

**कैसे साजिश का हिस्सा बने छवि रंजन :** रांची का डीसी बनने के बाद छवि रंजन के समक्ष यह मामला समाने आया कि सेना और जमीन के मालिक रहे बीएम भास्कर राव के वंशज जयंत करनाड ने जमीन पर दावेदारी की है। करनाड के पक्ष में कोर्ट ने कुछ फैसला भी सुनाया था, लेकिन जमीन पर करनाड का कब्जा न हो इसके लिए अफसर अली, प्रदीप बागची ने कोलकाता के रजिस्ट्रार आफ एश्योरेंस में कागजों की हेरफेर करा दी। इसके बाद फर्जी डीड तैयार कराकर प्रेम प्रकाश, अमित अग्रवाल और छवि रंजन ने अमित की कंपनी के नाम पर जमीन की रजिस्ट्री करा दी।

**आरोपियों ने खोल दी छवि रंजन की पोल :** इडी की अदालत में सौंपी गई जांच रिपोर्ट में छवि रंजन ने 24 अप्रैल को पूछताछ के दौरान प्रेम प्रकाश और अमित अग्रवाल से किसी भी तरह की पहचान से इनकार किया था, लेकिन ईडी ने अफसर अली, सद्दाम हुसैन के सामने छवि रंजन को बैठाया और इस दौरान प्रेम प्रकाश का एक करीबी और बड़गाईं सीओ मनोज कुमार को भी बुलाया गया था। सभी ने स्वीकार किया कि छवि रंजन ने प्रेम प्रकाश के कहने पर ही सीओ मनोज कुमार को निर्देश दिया था कि वह प्रदीप बागची के पक्ष में रिपोर्ट दें।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गुमला**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**
**संख्या – 2/2023–24**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | विज्ञापन दाता का नाम | :– | ग्रा0का0वि0, कार्य प्रमण्डल, गुमला। |
| 2 | परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं स्थान। | :– | दिनांक 17.05.2023 10.00 बजे पूर्वाहन से 01.00 बजे अपराहन तक। कार्यपालक अभियंता, ग्रा0का0वि0, कार्य प्रमण्डल,गुमला। |
| 3 | निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं स्थान। | :– | दिनांक 19.05.2023 को 3.00 बजे अपराहन तक। जिला नियंत्रण कक्ष, गुमला। |
| 4 | निविदा खोलने की तिथि एवं स्थान | :– | दिनांक 19.05.2023 को 4.00 बजे अपराहन में। कार्यपालक अभियंता, ग्रा0का0वि0, कार्य प्रमण्डल,गुमला। |
| 5 | कार्य मद | :– | Critical Gap |
| 6 | कार्यो का विस्तृत विवरण | :– | |

| ग्रुप सं0 | प्रखण्ड | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | Gumla | Construction of 2 Room with Stair at Budha Mahadev Mandir Campus, Gumla, Block- Gumla Sadar, Dist-Gumla. | 1621500.00 | 32500.00 | 5000.00 | 3 माह |
| 2 | Gumla | Construction of G.C.I Sheet Shed (40'-0" x 1'-0") at Budha Mahadev Mandir Campus, Block- Gumla Sadar, Dist-Gumla. | 584500.00 | 12000.00 | 1250.00 | 1 माह |
| 3 | Gumla | Paver Block at Budha Mahadev Mandir Campus, Block- Gumla, Dist-Gumla. | 300000.00 | 6000.00 | 750.00 | 1 माह |

निविदा की शर्तें:–
1. परिमाण विपत्र का शुल्क परिमाण NIT में अंकित राशि के अनुसार आवेदन के साथ बैंक ड्राफ्ट के रूप में जो कार्यपालक अभियंता, ग्रा0का0वि0, कार्य प्रमण्डल, गुमला के नाम पर भुगतेय होगा। परिमाण विपत्र निर्गत किया जाएगा, जो लौटाया नहीं जायेगा। बैंक ड्राफ्ट निबंधित संवेदक के खाता से ही बना हुआ मान्य होगा एवं बैंक ड्राफ्ट की वैद्यता निविदा की प्रकाशन की तिथि से तीन माह का होना अनिवार्य है।
2. S.O.R से 10% कम दर पर अंकित करने तक अतिरिक्त जमानत राशि (Additional Performance Security money) की आवश्यकता नही है लेकिन यदि 10% से ज्यादा कम दर अंकित करते है तो नियमानुसार (Additional Performance Security) Tender Paper के साथ ही देना अनिवार्य है।
3. समय पर एकरारनामा नहीं करने वाले/दिये गये Work Programme अनुसार कार्य नहीं करने वाले संवेदक को निविदा कागजात निर्गत नहीं किया जायेगा।
4. एक NIT में किसी भी संवेदक को एक हीं ग्रुप का परिमाण विपत्र निर्गत किया जायेगा।
5. निविदा की विस्तृत शर्तें कार्यालय की सूचना पटट पर अनिवार्य रूप से देख लें।

ह0/–
कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गुमला

PR296960 (Rural Work Department)23-24*D


## बीडीओ पंचायतों को पूरी तरह से कार्यशील बनायें : राजेश्वरी बी

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** मनरेगा आयुक्त राजेश्वरी बी ने राज्य के पंचायत भवनों के पूरी तरह से कार्यशील नहीं होने पर चिंता जतायी है। उन्होंने इस संबंध में सभी बीडीओ को निर्देश दिया है कि वे पंचायतों के भवनों को कार्यशील बनाने की दिशा में कार्य करें। मनरेगा आयुक्त ने कहा कि उन्होंने देखा है कि आज भी पंचायत भवनों से पूरी तरह से कार्य नहीं हो रहा है, अब भी प्रखंड कार्यालयों से 98 फीसदी काम हो रहा है। ऐसे में पंचायतों की भूमिका खास नहीं रह जा रही है। ऐसे में पंचायत सचिव, मुखिया के पास कुछ खास काम नहीं हो रहा है। पंचायतों की सिस्टम पूरी तरह से ऑनलाइन नहीं है। इंटरनेट की व्यवस्था सही नहीं है। बिजली की भी समस्या है। लाभुकों को समय से भुगतान भी नहीं हो पा रहा है। मनरेगा आयुक्त ने हाल में बीडीओ को वाहन वितरण कार्यक्रम में भी यह बात कही थी। उन्होंने कहा कि वहां हर जरूरी संसाधन हो इसके लिए वे खुद अपनी मॉनिटरिंग में काम करायें, ताकि ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं का क्रियान्वयन बेहतर हो सके। बिरसा हरित ग्राम, दीदी बाड़ी योजना, जेएसएलपीएस की योजनाओं का क्रियान्वयन पंचायत स्तर पर होने पर विकास कार्य आसानी हो सकेगा।

## दाहू यादव को संरक्षण देने वालों पर कार्रवाई करें सीएम : बाबूलाल



**रांची।** भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने दाहू यादव की गिरफ्तारी नहीं होने को लेकर मुख्यमंत्री को कटघरे में खड़ा किया है। उन्होंने कहा कि दाहू यादव आज दलाही बस्ती में अपने गैंग के लोगों को बुलाकर मीटिंग कर रहा है और झारखंड पुलिस को वह महीनों से ढूढ़े नहीं मिल रहा है। उन्होंने कहा कि दो दिनों पहले दाहू के यहां कुर्की-जब्ती की नौटंकी वाली खबर देखी थी। वहां के एसपी को दाहू और उनके गुर्गों को चौबीस घंटे में पकड़ कर अंदर करना चाहिये। उन्होंने कहा कि दाहू की काली कमाई के हिस्सेदार प्रशासन-पुलिस के लोगों पर एफआइआर की चेतावनी दी जानी चाहिए, फिर पुलिस दो घंटे में दाहू को घुटने के बल चलाकर जेल पंहुचा देगी।

**खबर एक नजर में**

### माडा और पलामू जिप कर्मचारियों के रिटायरमेंट लाभ का भुगतान छह महीने में करें : हाईकोर्ट



**रांची।** हाइकोर्ट ने राज्य सरकार को माडा (मिनरल एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी) और पलामू जिला परिषद के कर्मचारियों को छह महीने के अंदर सेवानिवृत्ति भुगतान करने का निर्देश दिया है। झारखंड हाइकोर्ट ने सरकार को निर्देश दिया है कि इसके लिए स्किम तैयार कर बकाया राशि का भुगतान करें। वैभव गहलोत समेत अन्य के द्वारा झारखंड हाइकोर्ट में जनहित याचिका दाखिल की गई थी। जिसमें कहा गया था कि माडा और पलामू जिला परिषद् के अधीनस्थ कर्मचारियों को रिटायरमेंट बेनिफिट मिलने में काफी देर होती है और जो राशि मिलती उसका भुगतान किश्तों में होता है। इस जनहित याचिका पर हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र और जस्टिस आनंद सेन की खंडपीठ में सुनवाई हुई। हाइकोर्ट के इस आदेश से करीब 1000 रिटायर्ड कर्मचारियों को राहत मिलेगी।

### हाईकोर्ट के निर्देश की मियाद पूरी, झारखंड विस में नेता प्रतिपक्ष का मामला जस का तस



रवींद्र नाथ महतो
विस अध्यक्ष

> तीन मई को हाईकोर्ट ने मामले के हल के लिए एक सप्ताह का दिया था समय

**रांची।** झारखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष का मामला जस का तस बना हुआ है। मामला विधानसभा के अध्यक्ष के न्यायाधिकरण में लंबित है। इसमें विलंब को लेकर झारखंड हाईकोर्ट में भी जनहित याचिका दायर की गयी। तीन मई को हाईकोर्ट ने जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए ने कहा था कि यदि एक सप्ताह में मामले का हल नहीं निकलता है, तो विधानसभा के सचिव को कोर्ट में सशरीर हाजिर होना होगा। कोर्ट के निर्देश की मियाद पूरी होने को है, परंतु हल नहीं निकल पाया। वर्तमान राज्य सरकार के गठन के बाद से नेता प्रतिपक्ष का पद खाली है। नेता प्रतिपक्ष नहीं होने के चलते राज्य की एक दर्जन संवैधानिक संस्थाओं में अध्यक्षों और सदस्यों के पद खाली पड़े हैं। इन पदों पर नियुक्ति के लिए निर्णय लेने वाली जो चयन समिति होती है, उसमें नेता प्रतिपक्ष भी सदस्य होते हैं। उनकी गैर मौजूदगी के कारण यह समिति डिफंक्ड है।

### पुलिस मुख्यालय ने की जारी की वरीयता सूची

**रांची।** झारखंड राज्य पुलिस सेवा के पदाधिकारियों की औपबंधिक वरीयता सूची गृह विभाग के द्वारा जारी कर दी गई है। साथ ही यह सूची सभी प्रक्षेत्र के आइजी, डीआइजी, वरीय पुलिस अधीक्षक, एसपी के कार्यालय को भी उपलब्ध करायी गयी है। संबंधित पुलिस पदाधिकारी वरीयता सूची में किसी प्रकार की आपत्ति होने पर गृह विभाग में आवेदन दे सकते हैं।

**260 झारखंड पुलिस सेवा के पदाधिकारियों की वरीयता सूची :** सरोजनी लकड़ा, एलमेड़ा एक्का, शिवेंद्र, सादिक अनवर रिजवी, अरविंद कुमार सिंह, विकास कुमार पांडे, विजय आशीष कुजुर, राधा प्रेम किशोर, मुकेश कुमार महतो, राजेंद्र कुमार चौधरी, शत्रुघ्न रजक, दीपक कुमार शर्मा, राजकुमार मेहता, शंभू कुमार सिंह, अजय कुमार सिन्हा, अनुदीप सिंह, पूज्य प्रकाश, दीपक कुमार, सहदेव साव, मजरूल होदा, अमित कुमार सिंह, अजीत कुमार, राजेश कुमार, मुकेश कुमार, दीपक कुमार पांडे, अनिमेष नैथानी, अजय कुमार, आरिफ एकराम, विमल कुमार, अविनाश कुमार, मनीष टोप्पो, कैलाश करमाली, पीतांबर सिंह खेरवार, रोशन गुड़िया, श्री राम समद, निशा मुर्मू, सुरजीत कुमार, वीरेंद्र कुमार चौधरी, राहुल देव बड़ाईक, क्रिस्टोफर केरकेट्टा, प्रभात रंजन बरवार, अनूप कुमार बड़ाईक, समीर कुमार तिर्की, हीरालाल रवि, वचनदेव कुजुर, रजत मणि बाखला, विनोद कुमार महतो, विनोद कुमार महतो, शशि प्रकाश।

# झारखंड में आइएएस अफसरों की कमी, कई अहम पद खाली

### अतिरिक्त प्रभार से विकास योजनाओं पर पड़ रहा प्रतिकूल प्रभाव

> झारखंड में एक-एक आइएएस अधिकारी के जिम्मे कई-कई विभागों का प्रभार तो कई आईएएस गये केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य में ईडी की रेड पड़ने के बाद पदाधिकारियों में हड़कंप है। वहीं कतिपय कारणों से सरकारी योजनाओं को धरातल तक पहुंचाने वाले आईएएस अधिकारियों की झारखंड में भारी कमी है। बता दें कि झारखंड में आईएएस अधिकारियों के 224 पद स्वीकृत हैं लेकिन इनमें केवल 170 पदों पर ही तैनाती है। अब भी 54 पद रिक्त पड़े हैं। कई आईएएस अधिकारी केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर हैं। साथ ही, दर्जनों पदाधिकारी दूसरे विभाग का प्रभार भी संभाल रहे हैं। सरकार की योजनाओं को सचिवालय स्तर से धरातल तक ले जाने की अहम जिम्मेवारी आईएएस अफसरों पर ही होती है। फिलहाल किसी राज्य प्रशासनिक सेवा के अफसर को प्रमोट करके आईएएस भी बनाया नहीं जा सकता है। यह काम भी राज्य सरकार पूरा कर चुकी है।

सूत्रों के अनुसार वंदना डाडेल के पास सीएम की प्रधान सचिव और प्रभार में कैबिनेट सचिव का प्रभार है। अविनाश कुमार के पास ऊर्जा सचिव, प्रभार महिला, बाल एवं समाज कल्याण विभाग का प्रभार है। अरूण कुमार सिंह के पास विकास आयुक्त, प्रभार में अपर प्रधान सचिव स्वास्थ्य विभाग है। अजय कुमार सिंह के पास वित्त सचिव, ग्रामीण विकास कार्य है। प्रशांत कुमार के पास सचिव जल संसाधन विभाग, प्रभार प्रशासक स्वर्णरेखा बहुद्देश्यीय परियोजना, सचिव योजना एवं विकास विभाग है। विप्रा भाल के पास सचिव आईटी, प्रभारी सचिव वाणिज्य.कर विभाग है। अमिताभ कौशल के पास सचिव खाद्य आपूर्ति, प्रभार राजस्व, निबंधन और भूमि सुधार विभाग है।

जानकारी के अनुसार आईएएस की कमी के पीछे की एक मुख्य वजह केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर जाना भी है। हाल में ही झारखंड के दो आईएएस केके सोन और आराधना पटनायक केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर चले गये। दूसरी ओर दो आईएएस अधिकारी ईडी की कार्रवाई में जेल भेजे जा चुके हैं। इनमें आईएएस पूजा सिंघल और छवि रंजन शामिल हैं।


**झारखण्ड शिक्षा परियोजना, खूँटी**
**नया समाहरणालय भवन,ब्लॉक–सी0,चाईबासा रोड,खूँटी –835210**
**Email ID – jepkhunti@gmail.com**

**आम–सूचना**

U-DISE+ 2022-23 अन्तर्गत Child Mandatory Field का अद्यतीकरण (Updation) अनिवार्य रूप से evidyavahini.jharkhand.gov.in Portal के माध्यम से दिनांक 31.03.2023 तक किया जाना था, परन्तु अबतक यह कार्य पूर्ण नहीं हुआ है जो अत्यंत खेद का विषय है। भारत सरकार एवं राज्य सरकार का स्पष्ट निर्देश है कि सभी विद्यालयों को बच्चों के ऑकड़ों की प्रविष्टि अनिवार्य रूप से किया जाना है। समीक्षा के क्रम में पाया गया है कि प्रखण्ड संसाधन केन्द्रों के लगातार सूचना देने के बावजूद निम्नलिखित विद्यालयों द्वारा यू–डायस/ई–विद्यावाहिनी में बच्चों के ऑकड़ों की प्रविष्टि नही की गई है, जिसकी विवरणी निम्नवत् है:–

| S. No. | Block | SchoolName | Total Enrollment in U-DISE 2021-22 class (1-12) | Total No. Of Child | Not Started | GAP in Enrollment | Completed |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ARKI | BIRSA HIGH SCHOOL JOJOHATU | 260 | 20 | 260 | 240 | 0 |
| 2 | KARRA | LUTHERAN INTER COLLEGE GOBINDPUR | 484 | 427 | 57 | 57 | 427 |
| 3 | KARRA | PROJECT JANTA HIGH SCHOOL JURDAG | 277 | 115 | 162 | 162 | 115 |
| 4 | KARRA | ST JOSEPH HIGH SCHOOL KARRA | 340 | 201 | 246 | 139 | 94 |
| 5 | KARRA | T.C.I DAV PUBLIC SCHOOL JAMHAR | 412 | 408 | 375 | 4 | 33 |
| 6 | KHUNTI | KUNDI RESIDENTIAL SCHOOL | 230 | 181 | 54 | 49 | 176 |
| 7 | KHUNTI | BIRSA HIGH SCHOOL CHALAGI | 425 | 218 | 425 | 207 | 0 |
| 8 | KHUNTI | GEL EMMANUEL HIGH SCHOOL KADMA | 356 | 106 | 250 | 250 | 106 |
| 9 | KHUNTI | LOYOLA HIGH SCHOOL | 410 | 386 | 159 | 24 | 251 |
| 10 | KHUNTI | LOYOLA INTER COLLEGE KHUNTI | 1176 | 4 | 1176 | 1172 | 0 |
| 11 | KHUNTI | BIRSA COLLEGE WOMENS SECTION KHUNTI | 850 | 5 | 850 | 845 | 0 |
| 12 | KHUNTI | MISS BARKER MEMORIAL GIRLS HIGH SCHOOL MARANGHADA | 73 | 13 | 60 | 60 | 13 |
| 13 | KHUNTI | DAV PUBLIC SCHOOL KHUNTI | 1395 | 1203 | 1120 | 192 | 82 |
| 14 | KHUNTI | SDA SENIOR SECONDARY SCHOOL TORPA ROAD KHUNTI | 872 | 572 | 570 | 300 | 2 |
| 15 | MURHU | ADIWASI AWASIYA BALAK MS DOMBARI | 87 | 69 | 18 | 18 | 69 |
| 16 | MURHU | MAHATMA ND GROWER HIGH SCHOOL KUNJLA | 97 | 119 | 87 | 0 | 10 |
| 17 | MURHU | ST JOHN HIGH SCHOOL MURHU | 137 | 73 | 110 | 64 | 27 |
| 18 | MURHU | ANGO IPIL HIGH SCHOOL RUMUTKEL | 166 | 143 | 166 | 23 | 0 |
| 19 | MURHU | SARASWATI SHISHU MANDIR SALEHATU | 325 | 31 | 325 | 294 | 0 |
| 20 | MURHU | BISHOP WESTCOTT SCHOOL | 105 | 117 | 105 | 0 | 0 |
| 21 | MURHU | LUTHERAN HIGH SCHOOL SARNATOLI | 28 | 1 | 28 | 27 | 0 |
| 22 | RANIA | NIRMALA HIGH SCHOOL PIDUL | 191 | 93 | 98 | 98 | 93 |
| 23 | TORPA | RC HIGH SCHOOL GAURBERA | 96 | 29 | 67 | 67 | 29 |
| 24 | TORPA | ADIWASI RESIDENTIAL SCHOOL | 87 | 70 | 87 | 17 | 0 |
| 25 | TORPA | ST JOSEPH INTER COLLEGE TORPA | 1676 | 0 | 1676 | 1676 | 0 |

निदेशानुसार सभी संबंधित विद्यालयों को निदेशित किया जाता है कि तीन दिनों के अन्दर Child Mandatory Field का अद्यतीकरण (Updation) अनिवार्य रूप से करना सुनिश्चित करें। अन्यथा की स्थिति में आपके विरूद्ध कार्रवाई हेतु संबंधित बोर्ड (CBSE/CISCE/JAC)/राज्य को प्रतिवेदित कर दिया जायेगा।

ह0/–
जिला शिक्षा अधीक्षक–सह–
अपर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
झारखण्ड शिक्षा परियोजना, खूँटी

ह0/–
जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
झारखण्ड शिक्षा परियोजना, खूँटी

PR 296737 District(23-24).D


### स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक में अपर मुख्य सचिव ने दिया निर्देश

# मोबाइल हेल्थ टीम की ट्रैकिंग जीपीएस लगाने की प्रक्रिया काफी धीमी, संबंधित पदाधिकारी पर की जायेगी कार्रवाई

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह ने मंगलवार को विभाग के कार्यों की समीक्षा की। इसमें ममता वाहन एप का काम समय पर नहीं होने पर नाराजगी जताई। मोबाइल हेल्थ टीम की ट्रैकिंग के लिए जीपीएस लगाने की धीमी प्रक्रिया हेतु संबंधित पदाधिकारी पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। बैठक में शिशु स्वास्थ्य, आरबीएसके, गुणवत्ता कोषांग, एनसीडी कोषांग, मातृत्व स्वास्थ्य, परिवार नियोजन, कम्युनिटी मोबिलाइजेशन सेल, पीसी एंड पीएनडीटी कोषांग तथा रूटीन इम्यूनाइजेशन कोषांग के कार्यों की समीक्षा की गयी।

बैठक में शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत मुस्कान कार्यक्रम का 100 प्रतिशत सर्टिफिकेशन करने का निर्देश दिया। कोषांग के साथ कार्य करने वाले एनजीओ को योजना बनाकर कार्यों में गति लाने का निर्देश दिया गया। लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि हर कार्य का समय निर्धारित कर कार्यों को ससमय संपन्न करना है। एनीमिया मुक्त भारत की सैंपल टेस्टिंग कराने का भी उन्होंने निर्देश दिया।

### एमटीएस का पूरा लाभ राज्य की जनता को मिलना चाहिए : सचिव

अरुण सिंह ने कहा कि एमटीसी जिस उद्देश्य के लिए बना है, इसका लाभ राज्य की आम जनता को मिलना चाहिए। वहीं गुणवत्ता कोषांग को सभी जिलों का एक्शन प्लान बना कर ससमय कार्य करते हुए लक्ष्य को प्राप्त करना है। कहा गया कि प्रोक्योरमेंट कोषांग का प्लान ससमय बनाकर जिन चीजों की जरूरत है, उतना ही प्रोक्योरमेंट करना है। ट्रेनिंग प्लान, प्रोक्योरमेंट प्लान तथा फिजिकल प्लान को समय पर संपन्न करना है. स्वास्थ्य एक्टिविटी का कैलेंडर बनाकर समय पर काम करते हुए लक्ष्य को प्राप्त करने की बात भी एसीएस ने की। कार्यों की मॉनिटरिंग तथा एवोल्यूशन के लिए इंस्पेक्शन एप जल्द से जल्द तैयार करने का निर्देश दिया। बैठक में एनएचएम के अभियान निदेशक डॉ भुवनेश प्रताप सिंह, अपर अभियान निदेशक विद्यानंद शर्मा पंकज, निदेशक प्रमुख डॉ वीरेंद्र कुमार सिंह, कोषांग के नोडल पदाधिकारी तथा सलाहकार ने भाग लिया।

7वीं जेपीएससी में आरक्षण लाभ नहीं देने का मामला

## जेपीएससी और राज्य सरकार को जवाब दाखिल करने के लिए मिला अंतिम मौका

**प्रार्थी ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश का हवाला देते हुए कहा- स्पेसिफिक फॉर्मेट में जाति प्रमाण पत्र देने में विलंब होने से नियुक्ति रद्द नहीं की जा सकती**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** 7वीं जेपीएससी में आरक्षण का लाभ नहीं दिये जाने को लेकर दायर 14 याचिकाओं की सुनवाई हाइकोर्ट में मंगलवार को हुई। मामले में हाइकोर्ट ने राज्य सरकार और जेपीएससी को जवाब दाखिल करने का अंतिम मौका देते हुए मामले की सुनवाई 21 जून निर्धारित की। सुनवाई के दौरान अधिवक्ता अमृतांश वत्स एवं सुमित गड़ोदिया ने सुप्रीम कोर्ट के वर्ष 2016 के रामकुमार गिजरोईया बनाम दिल्ली एनसीटी के आदेश का हवाला देते हुए बताया कि सुप्रीम कोर्ट का फैसला है कि यदि जाति प्रमाण पत्र को स्पेसिफिक फॉर्म में देने में आगे पीछे कुछ समय लगता है तो इसके आधार पर नियुक्ति रद्द नहीं की जा सकती है।

पूर्व की सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर से अदालत को बताया गया था कि सातवीं जेपीएससी की मेरिट लिस्ट मई 2022 में जारी की गयी थी लेकिन मार्क्स स्टेटमेंट नहीं जारी किया गया। कोर्ट के निर्देश के बाद जनवरी 2023 में मार्क्स स्टेटमेंट जारी किया गया जिसमें प्रार्थी ने अपने निर्धारित श्रेणी में कट ऑफ मार्क से ज्यादा अंक प्राप्त किया है। जेपीएससी ने यह कहते हुए चयन नहीं किया कि उनकी ओर से दिया गया जाति प्रमाण पत्र राज्य सरकार की बजाय केंद्र सरकार ने जारी किया है। प्रार्थी की ओर से कहा गया कि प्रमाण पत्र सत्यापन के दौरान आयोग ने कोई आपत्ति दर्ज नहीं कराई गई थी उन्हें साक्षात्कार में शामिल किया गया ऐसे में उनका चयन नहीं करना सही नहीं है।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग की कार्यकारिणी की बैठक आयोजित

## कांग्रेस पार्टी की मजबूती में अल्पसंख्यक विभाग का अहम योगदान : राजेश ठाकुर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के नवनियुक्त चेयरमैन मंजूर अंसारी की अध्यक्षता में मंगलवार को पुराने विधानसभा सभागार में प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग की कार्यकारिणी की बैठक हुई।




बैठक में बतौत मुख्य अतिथि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि अल्पसंख्यक विभाग कांग्रेस पार्टी का महत्वपूर्ण विभाग है। इस विभाग का कांग्रेस पार्टी की मजबूती में अहम योगदान रहता है। जिस तरह से राष्ट्रीय नेतृत्व ने मंजूर अंसारी पर विश्वास जताया है, पूरे विश्वास के साथ कह सकता हूं कि इनके बनने से प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि देश की स्थिति नाजुक है। उन्होंने कहा कि हम सभी का लक्ष्य है कि संगठन को मजबूत करें और 2024 में भाजपा की केंद्र सरकार को सत्ता से बेदखल करें।

मंत्री आलमगीर आलम ने कहा की मंजूर अंसारी एक मंझे हुए नेता हैं। कहा कि गठबंधन की सरकार ने अल्पसंख्यकों के समस्याओं का समाधान करने की पूरी कोशिश की है। वहीं प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर ने कहा कि हम सभी को गांव में मोहल्ले में जाकर केंद्र सरकार की विफलता को बताने की जरुरत है।

प्रदेश अल्पसंख्यक विभाग के प्रभारी उमैर खान ने कहा कि राहुल गांधी ने देश को जोड़ने के लिए 4000 किलोमीटर की यात्रा की। यात्रा के दौरान ये महसूस हुआ कि देश की हालत अच्छी नहीं है। बीजेपी ने देश को बर्बाद कर दिया है। बैठक में मंत्री बदल पत्रलेख, प्रदेश प्रवक्ता डॉ एम तौसीफ, शमशेर आलम, अख्तर असली, गुलाम रब्बानी, महताब सिद्दीकी, हसनैन जैदी, हाजी सिकंदर, सलाम अंसारी, तस्लीम अंसारी, फैयाज केसर, अरशद अंसारी, गुलजार अंसारी, गुलाम मुस्तफा, निसार अहमद, अब्दुल रऊफ, सलीम खान, प्रदेश पदाधकारी सगीर अंसारी, अब्दुल करीम, अंसारी सरदार, संतोष सिंह, सराफत अंसारी, डॉ सलीम फजल खान, अब्दुल वाहिद खान, महमूद अली, इरफान चौधरी, इसराफिल जेयाओल्हाक, अजय जैन, नूर मोहम्मद, इकराम अंसारी, मरगूब आलम, तैमूर अंसारी, असलम अहमद, तनवीर खान, फिरोज आलम, जेयाओल रहमान, केसर तौहीद, मौलाना अंसार, अयूब अंसारी, लाल बाबू,सहित अन्य कांग्रेस पदाधिकारीगण शामिल थे।

कांग्रेस और झामुमो के दर्जनों नेताओं ने थामा भाजपा का दामन

## आने वाले समय में महागठबंधन का नाम लेने वाला नहीं होगा कोई : दीपक प्रकाश

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा प्रदेश मुख्यालय में मंगलवार को मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता निरंजन सिन्हा के नेतृत्व में झामुमो, कांग्रेस और राजद के नेताओं ने भाजपा की सदस्यता ली। इस मौके पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने कहा कि राज्य के सत्ताधारी गठबंधन दल के कार्यकर्ताओं में पार्टी छोड़ने की होड़ मची है। महागठबंधन के कार्यकर्ताओं का पार्टी की नीतियों, कार्यक्रमों से लगातार मोह भंग हो रहा है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार, खनिज संसाधनों की लूट, महिलाओं पर बढ़ते अत्याचार से जनता में आक्रोश है।



उन्होंने कहा कि वोट बैंक के लिए तुष्टिकरण की पराकाष्ठा करते हैं। पीएफआई से बजरंग दल की तुलना करते हैं। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव 2024 में यहां की जनता 14 लोकसभा सीट पर कमल खिलाकर पीएम मोदी का अभिनंदन करेगी। मौके पर निरंजन सिन्हा ने भाजपा नेतृत्व का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि संथाल परगना सहित पूरे झारखंड में पार्टी की मजबूती के लिए काम करूंगा। उन्होंने कहा कि यह मेरी घर वापसी है।

इस अवसर पर डॉ प्रदीप वर्मा, गोड्डा भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव मेहता, शिवपूजन पाठक, राजीव मेहता आदि थे।

सदस्यता ग्रहण करने वालों में कांग्रेस पार्टी के महिपाल सिंह, राजेश लाला, रूपेश झा, गोपाल कृष्ण वर्मा, दिवाकर कुमार सिन्हा, बीरु पांडेय, डॉ रिंकू, विनोद मुर्मू, कलीमुद्दीन अंसारी, सलाउद्दीन अंसारी, कौशर अंसारी, विकास मुर्मू, एंथोनी मुर्मू, अनिल टुडू, गंगाराम मुर्मू, प्रकाश हेंब्रम, थॉमस टुडू, अनिल किस्कू, बेंजामिन हेंब्रम, अल्बानुश टुडू, सुनील हांसदा आदि शामिल हैं।

## रात 10:30 बजे के बाद ध्वनि प्रदूषण से कानून के उल्लंघन पर सरकार दे जवाब

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची शहर में बैंकट हॉल, धर्मशाला, मैरिज हॉल में लाउडस्पीकर एवं डीजे के साथ रात 10:30 बजे के बाद बारात लगने से ध्वनि प्रदूषण कानून का उल्लंघन होने को लेकर दाखिल झारखंड सिविल सोसाइटी की जनहित याचिका की सुनवाई मंगलवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने राज्य सरकार को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने सरकार से पूछा है कि रात 10:30 बजे के बाद बारात लगने से ध्वनि प्रदूषण की रोकथाम को लेकर क्या एक्शन लिया गया। कोर्ट ने मामले की सुनवाई 11 जुलाई निर्धारित की है। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता खुशबू कटारुका ने पैरवी की। उनकी ओर से कोर्ट को बताया गया कि शहर के आवासीय इलाके में बने बैंकट हॉल, धर्मशाला, मैरिज हॉल आदि जगहों पर रात 10:30 बजे के बाद बारात को लगने की अनुमति नहीं दी जाए।

लाउडस्पीकर या डीजे के शोर-शराबे के साथ रात 10:30 बजे के बाद इन जगहों पर बारात लगती है। लेकिन धर्मशाला, मैरिज हॉल संचालकों द्वारा के उन्हें 10:30 बजे के पहले बरात लगाने को नहीं कहा जाता है। रात 10:30 बजे के बाद लाउडस्पीकर एवं डीजे के शोर-शराबे के साथ बारात लगने से आवासीय क्षेत्र में रहने वाले लोगों को काफी परेशानी होती है। यह ध्वनि प्रदूषण रूल का उल्लंघन है। सरकार को इस पर रोक लगाना चाहिए। साथ ही ध्वनि प्रदूषण के प्रावधान का पालन करना चाहिए।

खबर एक नजर में

### 12 से निजी स्कूलों में गर्मी छुट्टी

**रांची।** भीषण गर्मी के बीच 12 मई से राजधानी के स्कूलों में गर्मी की छुट्टी शुरू हो जायेगी। कई स्कूलों ने गर्मी की छुट्टी की तारीख की घोषणा भी कर दी है। कई स्कूलों में 12 मई से छुट्टी घोषित है, तो कुछ स्कूलों ने 13 या 14 मई से ग्रीष्मकालीन अवकाश की घोषणा की है। यह अवकाश आम तौर पर एक महीने का होता है।

### ट्रिपल टेस्ट करा निगम चुनाव करायें : संजय सेठ



**रांची।** सांसद संजय सेठ ने कहा है कि राज्य सरकार अविलंब ट्रिपल टेस्ट करा कर नगर निगम चुनाव कराये। श्री सेठ मंगलवार को सांसद कार्यालय में पार्षदों के साथ बैठक कर रहे थे। बैठक में सभी पार्षदों ने नगर निगम का चुनाव जल्द कराने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि इस मामले में झारखंड सरकार को भी गंभीर होना होगा। राज्य सरकार जल्द चुनाव नहीं कराती है तो भाजपा कार्यकर्ता धरना प्रदर्शन के लिए बाध्य होंगे। बैठक में पार्षद विनोद सिंह, अरुण झा, रौशनी खलखो, आनंद मूर्ति, ओमप्रकाश, सुनील कुमार यादव, सुजाता कच्छप, वीणा अग्रवाल, अशोक यादव, नकुल तिर्की, दिनेश राम, दीपक लोहरा, सुचिता रानी राय, रीता मुंडा, कृष्णा महतो उपस्थित थे।

### आरोपी बीडीओ ने फिर दाखिल की डिस्चार्ज अर्जी

रिश्वत मामला

**रांची।** मनरेगा में भुगतान के बदले रिश्वत मांगने के आरोपी चान्हो के तत्कालीन बीडीओ प्रवीण कुमार की ओर से दूसरी बार डिस्चार्ज अर्जी दाखिल की गई है। दाखिल डिस्चार्ज अर्जी पर एसीबी की विशेष अदालत में 11 मई को सुनवाई होगी। मामले में एसीबी को जवाब दाखिल करना है। आरोपी ने 3 मई को मामले में आरोप को निर्दोष बताते हुए आरोप मुक्त याचिका दाखिल की है। एसीबी ने 4 अगस्त 2015 को बीडीओ प्रवीण कुमार को 3500 रुपये लेते रंगे हाथ पकड़ा था।

### 13 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत

**रांची।** राष्ट्रीय लोक अदालत 13 मई को आयोजित होगी। इस निमित्त रांची डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने मंगलवार को बैठक की। डीसी ने कहा कि सभी संबंधित पदाधिकारी अद्यतन प्रतिवेदन ससमय डालसा को समर्पित करें। राष्ट्रीय लोक अदालत में व्यवहार न्यायालय में लंबित मुकदमे प्रिलिटिगेशन संबंधी वाद, आपराधिक वाद, बैंक ऋण वसूलीवाद, मोटर दुर्घटना वाद, न्यायाधिकरण वाद, श्रम विवाद, माप-तौल अधिनियम के मामले, खनन, वन अधिनियम, भारतीय संचार निगम लिमिटेड (बी.एस.एन.एल) से संबंधित मामले, विद्युत तथा पानी बिल से से संबंधित विवादों आदि का निपटारा समझौते के आधार पर पक्षकारों की आपसी सहमति से नि:शुल्क किया जाएगा।

### बरौनी-कोयंबटूर स्पेशल ट्रेन रांची से होकर चलेगी

**रांची।** यात्रियों की सुविधा के लिए रेल मंत्रालय द्वारा ट्रेन संख्या 03357/03358 बरौनी-कोयंबटूर-बरौनी साप्ताहिक एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन वाया रांची के परिचालन अवधि में विस्तार किया गया है। इन ट्रेनों की समय सारणी, ठहराव और कोच संयोजन पूर्ववत रहेंगे। यह ट्रेन 8 ट्रिप चलेगी। ट्रेन संख्या 03357 बरौनी कोयंबतूर साप्ताहिक एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन (वाया रांची) दिनांक 24/06/2023 तक प्रत्येक शनिवार को बरौनी से प्रस्थान करेगी। ट्रेन संख्या 03358 कोयंबटूर बरौनी साप्ताहिक एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन (वाया रांची) यात्रा प्रारंभ दिनांक 10/05/2023 से यात्रा प्रारंभ दिनांक 28/06/2023 तक प्रत्येक बुधवार को कोयंबतूर से प्रस्थान करेगी।

सिटी की खबरों के लिए पेज 8 भी देखें...



## स्पीड न्यूज

### जयंती पर याद किये गये महाराणा प्रताप

**रांची।** सेक्टर 2 स्थित महाराणा प्रताप चौक पर उनकी जयंती मनायी गयी। उनकी जयन्ती के मौके पर मंगलवार को सभी क्षत्रिय बंधुओं ने महाराणा प्रताप की प्रतिमा लगाने की मांग की। प्रतिमा नहीं रहने के कारण उनके फ्लेक्स पर माल्यार्पण किया और उनके पद चिन्हों पर चलने का आह्वान किया। इस मौके पर श्याम किशोर सिंह, चंद्रशेखर सिंह, संजय सिंह, अशोक सिंह आदि मौजूद थे।

### हनुमान चालीसा का पाठ किया गया

**रांची।** मंगलवार को विश्व हिन्दू परिषद एवं बजरंग दल के संयुक्त तत्वावधान में महावीर मंडल ने हनुमान चालीसा का पाठ एवं आरती सभी प्रमुख मंदिरों में किया। इस आयोजन में मुख्यरूप से विश्व हिंदू परिषद के प्रांतीय सचिव विरेंद्र साहू उपस्थित थे । आयोजन को सफल बनाने में श्री महावीर मंडल रांची के पूर्व अध्यक्ष राजीव रंजन मिश्रा, अशोक पुरोहित आदि शामिल थे।

### वामदलों का संयुक्त कन्वेंशन 19 को

**रांची।** सीपीआईएम के राज्य सचिव प्रकाश विप्लव ने कहा है कि खाद्य सुरक्षा समेत अन्य ज्वलंत मुद्दों पर वामदलों का संयुक्त कन्वेंशन 19 मई को रांची में होगा। संयुक्त वामदलों की ओर से इसकी तैयारी की जा रही है। सीपीआईएम पोलित ब्यूरो वृंदा करात कन्वेंशन में शामिल होंगी। उन्होंने कहा कि इस कन्वेंशन में भाकपा, माकपा, भाकपा माले, मासस, आरएसपी, फारवर्ड ब्लॉक समेत विभिन्न जन संगठन शामिल होंगे। जहां झारखंड के दस प्रमुख वर्गीय और जन मुद्दों पर लगातार संघर्ष की कार्य योजना तय की जायेगी।

### समर कैंप के पोस्टर का विमोचन

**रांची।** अग्रवाल सभा महिला समिति के तत्वावधान में 14 मई से 16 मई तक महाराजा अग्रसेन भवन समर कैंप-2023 का आयोजन किया जा रहा है। इसमें कक्षा एक से कक्षा तीन तक के और कक्षा 4 से कक्षा 10 तक के बच्चे हिस्सा ले सकते हैं। मौके पर समर कैंप की विस्तृत जानकारी एवं प्रचार प्रसार हेतु मंगलवार को एक पोस्टर का विमोचन किया गया।

# हज यात्रियों की सुविधा का लिया जायजा

## हफीजुल हसन व इरफान अंसारी ने हज हाउस और एयरपोर्ट का किया निरीक्षण



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के मंत्री हफीजुल हसन और हज कमेटी के चेयरमैन व जामताड़ा विधायक डॉ इरफान अंसारी ने मंगलवार को कल्याण विभाग के सचिव के श्रीनिवासन, उपायुक्त रांची, सीनियर एसएसपी, एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया एवं सीआइएसफ पदाधिकारी के साथ हज हाउस पहुंचकर हज यात्रियों की सुविधाओं का जायजा लिया। मौके पर विधायक ने पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि हमारे हज यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा ना हो।

उन्होंने कहा कि हम लोग बेहतर से बेहतर सुविधा अपने हज यात्रियों को मुहैया करा सकें, इसके लिए हर संभव प्रयास करना है। उनके रहने के लिए हज हाउस में बेहतर इंतजाम के साथ-साथ साफ-सफाई और बिजली पर भी विशेष ध्यान देना है।

इसके बाद मंत्री और विधायक सभी पदाधिकारियों के साथ एयरपोर्ट पहुंचे। उन्होंने निरीक्षण कर हज यात्रियों को हज यात्रा के लिए रवाना करने में किसी प्रकार की कठिनाई उत्पन्न ना हो, उस पर विशेष तौर पर चौकस रहने का आदेश दिया। विधि व्यवस्था पूरी तरह से दुरुस्त रहे, इस संबंध में भी जिला प्रशासन से भी लंबी वार्ता हुई। एयरपोर्ट पर करेंसी एक्सचेंज को और सुचारू रूप से चलाने के लिए एएआइ को आदेश दिया गया और इमीग्रेशन पॉइंट को ज्यादा से ज्यादा मैन पावर के साथ सुचारू रूप से चलाने के लिए भी निर्देशित किया। साथ ही, हाजियों को नमाज पढ़ने के लिए भी सुरक्षित एवं साफ जगह उपलब्ध कराने का आदेश दिया गया।

मौके पर मंत्री हफीजुल हसन ने विधायक इरफान अंसारी को कहा कि आप पूरी व्यवस्था में खर्च होने वाली राशि का ब्यौरा उपलब्ध करायें, जिससे कल्याण विभाग से राशि निर्गत किया जा सके। हज हाउस की साफ-सफाई मेंटेनेंस, मैन पावर सहित अन्य खर्च पर विभाग द्वारा राशि प्रदान की जायेगी, ताकि हमारे हाजियों को बेहतर से बेहतर सुविधा मिल सके।

# सरला बिरला पब्लिक स्कूल में मनायी गयी रवींद्र जयंती



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** नोबेल पुरस्कार विजेता रवींद्रनाथ टैगोर की जयंती पर सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची के छात्रों ने शानदार कार्यक्रम का आयोजन किया। छात्रों ने कविगुरु को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए एक विशेष सभा का आयोजन किया। छात्रों ने काबुलीवाला कहानी का मंचन किया। उन्होंने कठिन परिस्थितियों में कभी हार न मानने का संदेश देने वाला रवींद्र संगीत की प्रस्तुति दी तथा टैगोर के संकलन से कविताओं का भी पाठ किया। इस अवसर पर पूरा विद्यालय परिसर उत्सव और उल्लास के माहौल से भर गया। विद्यालय के कार्मिक एवं प्रशासनिक प्रमुख डॉ प्रदीप वर्मा ने छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों के उल्लेखनीय प्रयासों की सराहना की।

प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने हमारे देश की कला और संस्कृति के संरक्षण के प्रति छात्रों के झुकाव की सराहना की। उन्होंने छात्रों को भारत की स्वतंत्रता के लिए रवींद्रनाथ टैगोर के संघर्ष एवं योगदान से भी अवगत कराया।

# सेंट्रल यूनिवर्सिटी में रिसर्च वर्क पर कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम शुरू

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय (सीयूजे) के शिक्षा विभाग के कार्यक्रम और विस्तार सेल द्वारा अन्तरविषयक अनुसंधान में अभ्यास नामक द्विसाप्ताहिक क्षमता निर्माण कार्यक्रम मंगलवार से ऑनलाइन शुरू हुआ। इसमें उपस्थित विद्वानों ने रिसर्च वर्क के महत्व, उपयोगिता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का उद्देश्य देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों और कॉलेजों के संकाय सदस्यों और अनुसंधान शोधार्थियों के अनुसंधान कौशल को बढ़ाना और शैक्षणिक क्षमता के विकास में योगदान देने में मदद करना है। तमिलनाडु केंद्रीय विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति व पद्मश्री से सम्मानित प्रो एपी दास ने उद्घाटन भाषण में कहा कि अनुसंधान का तब तक कोई महत्व नहीं है, जब तक इसका प्रयोग उत्पाद, नियम और प्रैक्टिसेज के रूप न किया जाये। वर्तमान परिदृश्य में - अनुसंधान को प्रोत्साहित नहीं किया जाता है। पेटेंट परिदृश्य भी विदेशों की तुलना में यहां बहुत खराब है। शोध के लिए टीम वर्क जरुरी है। साथ ही उन्होंने कई अहम टिप्स भी दिये। हर शोध छात्र को अपने शोध के दौरान कम से कम एक पेपर अवश्य लिखने की सलाह भी दी। सीयूजे के कुलपति प्रो. क्षिति भूषण दास ने इस तरह के मूल्यवान कार्यक्रम के आयोजन के लिए शिक्षा विभाग और कार्यक्रम और विस्तार प्रकोष्ठ के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने प्रतिभागियों के साथ अपने अनुभव साझा किये। साथ में इस कार्यक्रम से प्राप्त ज्ञान को आत्मसात करने और इसे अपने शोध प्रयासों में लागू करने का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि अनुसंधान को सीखने की प्रक्रिया में शामिल करना चाहिए। हमें अपनी क्षमता और कौशल को बढ़ाने के साथ शिक्षण अधिगम में अनुसंधान आधारित दृष्टिकोण को भी बढ़ाना चाहिए। साथ ही अपने कौशल और योग्यता को बढ़ाने के साथ खुद को अपडेट रखना चाहिए। इस मौके पर विभागाध्यक्ष डॉ. शशि सिंह, कार्यक्रम समन्वयक व शिक्षा विभाग के डीन प्रो. तपन कुमार बसंतिया के अलावा प्रो एमए सुधीर (यूजीसी के एमेरिटस प्रोफेसर, तमिलनाडु), डॉ एम रामकृष्णन रेड्डी (कार्यक्रम के सह-समन्वयक) सहित अन्य ने भी शोध कार्यों के महत्व के बारे में बताया। देश के विभिन्न राज्यों के विश्वविद्यालयों और कॉलेजों के 177 से अधिक संकाय सदस्य और शोध विद्वान भी इस प्रोग्राम में शामिल हुए हैं।

**विशेषज्ञों ने कहा शोध के लिए टीम वर्क जरूरी**

# यूनियन क्लब एंड लाइब्रेरी ने किया रवींद्र मेले का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** यूनियन क्लब एंड लाइब्रेरी के तत्वावधान में प्लाजा हॉल के पीछे कैंपस में मंगलवार को रवींद्र जयंती मनायी गयी। इस मौके पर रवींद्रनाथ के चित्रपट पर माल्यार्पण और उस पुष्पांजलि से कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। माल्यार्पण और उस पुष्पार्घ में सह सभापति गौतम भट्टचार्य, डॉ सराट चौधरी, सचिव सेतांक सेन, प्रवीर लाहिड़ी उपस्थित थे। स्वागत भाषण सचिव सेतांक सेन ने किया। विशेष वक्ता के रूप में डॉ महुआ माझी उपस्थित थीं।

इसके पश्चात चालू हुआ रवींद्र नाथ द्वारा रचित नृत्य नाटिका श्यामा। इस नृत्य नाटिका श्यामा में संगीत निर्देशिका प्रोणति लाहिड़ी और पारोमिता चौधरी, नृत्य निदेशक विपुल नायक और संपूर्ण नित्य नाटिका के निदेशक प्रवीर लाहिड़ी थे। संगीत में पारोमिता चौधरी, डॉ उज्ज्वल राय, सुवीर लाहिड़ी, शुभदीप सरकार कृष्ट पाल, चैताली सरकार, पारोमिता भप्ताचार्य, रूमा चटर्जी, मौसमी भट्टाचार्य, प्रभा दे, सायनी बोस ने भाग लिया। वहीं, नित्य में तृषा तानिया सुरजीत जोश मोहन सहित संगीता वर्मा तोन्नी, आयुषी सलोनी, सुष्मिता, सिलविया ने हिस्सा लिया।

डॉ पम्पा सेन विश्वास ने बताया कि कार्यक्रम में सिंथेसाइजर पर सौरभ देव, तबला पर उत्तम घोष, गिटार पर शांतनु मजूमदार और ऑक्टोपैड पर तोपू दास थे। इस नृत्य नाटिका फिर जाओ फिर जाओ .. हृदय वसंत वोने....भरा सेजे देय नाय....पूरी होते पालियेछे.....और माया वोनो बिहारिनी पर लोगों के पांव थिरकते रहे। इस रंगारंग कार्यक्रम को सफल बनाने में अभिजीत भप्ताचार्य, विश्वजीत भप्ताचार्य, सुमित बोस ,सुरोजित माझी, तरुण कुंडू, विश्वजीत नंदी, अमित घोष, अमिताभ मलिक, कौशिक भट्टाचार्य ने सराहनीय भूमिका निभायी।

### मजलिस ने मनायी रवींद्रनाथ टैगोर की जयंती



**रांची।** मेकॉन और सेल, रांची की बंगाली बिरादरी के सामाजिक-सांस्कृतिक संगठन मजलिस ने मंगलवार को जवाहरलाल नेहरू कला केंद्र, श्यामली में कविगुरु रवींद्रनाथ टैगोर की जयंती मनायी। भारत के साथ-साथ दुनिया के महानतम साहित्यिक आइकन की शुभ जयंती मनाने के लिए एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। मजलिस परिवार और स्थानीय समुदाय के सदस्यों के कलाकारों के एक समूह ने विभिन्न रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से नोबेल पुरस्कार विजेता, कवि, उपन्यासकार और नाटककार को श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि निर्भीक बनर्जी कार्यपालक निदेशक आरडीसीआइएस एवं आशीष चक्रवर्ती कार्यपालक निदेशक सेल सुरक्षा संगठन थे। मौके पर मजलिस के अध्यक्ष राणा चक्रवर्ती भी मौजूद थे। कार्यक्रम की शुरुआत लिली मुखर्जी, अपराजिता भट्टाचार्य और तनुश्री चौधरी द्वारा प्रस्तुत एकल गीतों से हुई। इसके बाद कविगुरु का एक 'श्रुति नाटक' - कर्ण कुंती संवाद' डॉ गोलप एमडी चौधरी और सरबंती रॉय द्वारा प्रस्तुत किया गया। सांस्कृतिक संध्या गुरुदेव के एक प्रसिद्ध नृत्य नाटिका - चांडालिका के साथ समाप्त हुई, जिसे अपरूपा चौधरी ने निर्देशित किया था।

# मुख्य न्यायाधीश के नाम पर फर्जी लेटर, पीड़िता दर्ज करायेगी प्राथमिकी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची में एक फर्जी लेटर का मामला सामने आया है। फर्जी पत्र मुख्य न्यायाधीश के नाम लिखी गई है। इस संबंध में दीया सेवा संस्थान की सचिव सीता दीया बरियातू थाने में आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराएगी।

जानकारी के मुताबिक, पत्र में कहा गया है कि वह तेतरटोली में शेल्टर होम चलाती है, साथ ही व इस संस्था की सचिव भी है। पत्र में कहा गया है किशोर न्याय बोर्ड के लिए सदस्य एवं बाल कल्याण समिति के लिए नियुक्ति के लिए अमिताभ गुप्ता न्यायधीश (रिटायर्ड) के लिए सूची नहीं निकाली गई है। जिस वजह से झारखंड सरकार के अवर सचिव अरशद जमाल तथा सहायक सहगुप्ता एवं निदेशक बी राजेश्वरी तीनों ने मिलकर उन व्यक्तियों को ही साक्षात्कार के लिए बुलाया और रिश्वत लिया। पत्र में यह भी कहा गया है कि वर्ष 2018 में रांची जिला बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष तथा अपने पद का दुरूपयोग करते हुए दीया सेवा संस्थान में जाकर अपने घर का कार्य करने के लिए वहां रह रहे बालिकाओं को ले जाने के लिए हमेशा दबाब डालती थी।

## खबर एक नजर में

### लोक वाद्य यंत्र, चित्रकला की ट्रेनिंग देगी सरकार

**रांची।** राज्य सरकार के स्तर से राज्य के पारंपरिक लोक, जनजातीय, क्षेत्रीय नृत्य और अन्य विधाओं में योग्य लोगों को ट्रेनिंग देने में लगी है। इसके लिए सांस्कृतिक कार्य निदेशालय, होटवार (रांची) के द्वारा सत्र 2023-24 के लिए एडमिशन लिया जायेगा। निदेशालय के अंतर्गत संपोषित सांस्कृतिक संस्था एवं प्रशिक्षण केंद्र झारखंड कला मंदिर, होटवार में अलग-अलग विधाओं में एडमिशन के लिए आवेदन मांगे हैं।

### याद किये गये कविवर रवींद्र नाथ टैगोर

**रांची।** नीरजा सहाय डीएवी में पांग के बैशाख की 25वीं तिथि को परंपरानुसार बंगाल शिरोमणि रवींद्र नाथ टैगोर की जयंती मनायी गई। मौके पर समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा। प्रातः हवन के साथ संस्कृतिक कार्यक्रम की शुरूआत हुई। एकला चलो रे गीत ने समा बांधा। गुरुदेव के जीवन को रेखांकित करते हुए कई कार्यक्रम हुए। प्राचार्य ने कहा कि गुरुदेव टैगोर जैसा व्यक्तित्व सदियों में अवतरित होते हैं।

### जयंती पर याद किये गये महाराणा प्रताप

**रांची।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के तत्वाधान में रांची जिले की ऐतिहासिक धरती खुखरागढ़ के चनकोपी गांव में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप का 489वां जन्म जयंती समारोह आयोजित किया गया।

### 217 बच्चों को किताब, कॉपी और लेखन सामग्री दी गयी

**रांची।** स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के आरएंडडी सेंटर फॉर आयरन स्टील के कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी के तहत महात्मा गांधी स्मारक मिडिल एंड हाई स्कूल हटिया में मंगलवार को 217 बच्चों को किताब, कॉपी और लेखन सामग्री दी गयी। यह सामग्री उन्हें मुख्य अतिथि एसजे जाचुक ने प्रदान की।

### आजसू प्रतिनिधिमंडल रांची विवि के कुलपति से मिला

**रांची।** अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) का प्रतिनिधिमंडल रांची विश्वविद्यालय उपाध्यक्ष अभिषेक शुक्ला के नेतृत्व में यूजी सेशन 2017-20 एवं 2018-21 जीई पेपर की परीक्षा में हो रही समास्याओं को लेकर रांची विश्वविद्यालय के कुलपति से मिला।

### व्यवहार न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत 13 को

**रांची।** झालसा के निर्देश पर न्यायायुक्त-सह-अध्यक्ष के मार्गदर्शन पर 13 मई को व्यवहार न्यायालय रांची में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। लोक अदालत की प्री-काउंसेलिंग बैठक का सिलसिला जारी हैं, जो 12 मई तक चलेगा। डालसा की तैयारी जोरों पर है।

### रांची में जैन साध्वियों का प्रवास

रांची। श्री जैन श्वेताम्बर मूर्ति पूजक संघ के पूज्य महाराज साध्वी प्रिय स्मिताश्री, प्रिय लता, डॉ प्रिय वंदना, आदि का ठाणे से विगत छह मई को रांची पदार्पण हुआ है। साध्वियों का प्रवास श्री जैन श्वेताम्बर डोरंडा जैन मंदिर में चल रहा है। चार दिवसीय प्रवास के बाद सभी साध्वी पदयात्रा करते हुए यहां से रायपुर की ओर विहार करेंगे।

### मदर मेरी के सम्मान में रोजरी प्रेयर

**रांची।** डॉ कामिल बुल्के पथ स्थित संत मेरिज कैथेड्रल में मंगलवार को नौवें दिन कैथोलिक मसीही विश्वासी माता-पिता, भाई-बहन, बच्चे-बच्चियां और युवक युवतियों ने अवर लेडी माता मरिया के सम्मान मे रोजरी प्रेयर किया। बताते चलें कि मई के इस महीने को कैथोलिक विश्वासी प्रभु येसु ख्रीस्त की माता निष्कलंक माता मरिया को समर्पित करते है।

### आचार विचार से ख्रीस्त को प्रतिबिंबित करें : डॉ राकेश पॉल

**रांची।** ख्रीस्तीय होने पर गर्व करें और स्वयं के जीवन, आचरण और व्यवहार से लोगों के बीच ख्रीस्तीय आदर्शों या ख्रीस्त को दिखाएं। उक्त बातें गुड न्यूज सेंटर (जीएनसी) के संस्थापक निदेशक डॉ राकेश पॉल ने कही। मंगलवार को वे मसीही विश्वासियों के बीच एक आदर्श व सच्चा ख्रीस्तीय कैसा हो विषय पर प्रवचन दे रहे थे।

# शारदा ग्लोबल के छात्रों ने प्राप्त किया द्वितीय स्थान

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**रांची।** आर्यभट्ट ऑडिटोरियम में चल रहे तीन दिवसीय सांसद महोत्सव में शारदा ग्लोबल स्कूल के जूनियर विंग के छात्रों ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर अपनी श्रेष्ठता का परिचय दिया। इस थीम बेस्ड कंपटीशन में छात्रों ने सूबेदार तानाजी की गाथा को नृत्य के माध्यम से प्रस्तुत कर उनकी वीरता को जीवंत व सलाम किया। कार्यक्रम स्थल पर 2500 से अधिक लोग उपस्थित थे। सभी ने तालियां बजाकर इन छोटे बच्चों का उत्साह बढ़ाया।

कार्यक्रम स्थल पर सांसद संजय सेठ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कथक डांसर विपुल नायक एवं श्रीमती शालिनी ने छात्रों की उत्कृष्टता को श्रेणी प्रदान की। विद्यालय के डायरेक्टर एकेडमिक रंजना स्वरूप एवं विद्यालय के प्राचार्या जसमीत कौर ने छात्रों की इस उपलब्धि पर उनका उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि हमारे छात्र ना केवल शैक्षणिक स्तर पर, बल्कि सांस्कृतिक कार्यक्रम में भी अपूर्व उत्कृष्टता प्रदर्शित कर विद्यालय की गरिमा को निरंतर आगे बढ़ा रहे हैं। यह हमारे लिए गर्व एवं हर्ष का विषय है। उन्होंने छात्रों को सर्टिफिकेट, ट्रॉफी एवं मेडल प्रदान कर उनका उत्साह बढ़ाया।

# चान्हो में किसान गोष्ठी का हुआ आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** चराचर जगत में व्याप्त सभी जीवों का आधार है मिट्टी। इसमें अन्न, फल, फूल और पशुओं के लिए चारे उगाये जाते हैं। उसकी जानकारी केवल किसान को ही नहीं, परंतु हरेक व्यक्ति को होनी चाहिए। इन्हीं विषय को लेकर एक मृदा परीक्षण एवं किसान गोष्ठी का आयोजन बिरसा फार्म्स प्रोड्यूसर कंपनी, चान्हो में किया गया। इस कार्यक्रम में किसानों के साथ चर्चा करते हुए उन्हें मिट्टी के विभिन्न अवयवों जैसे हवा, पानी, सूक्ष्म जीव, जीवाश्म, कार्बन एवं मिनरलस के बारे मे बताया गया। उन्हें यह भी जानकारी दी गयी कि किस प्रकार ये सभी अवयव उपजाऊ मिट्टी के लिए महत्वपूर्ण हैं। उन्हें यह भी बताया गया कि किस प्रकार आप अपनी मिट्टी को उर्वर बना सकते हैं। इसके लिए उन्हें कहा गया कि आप अपने खेतों में अधिक से अधिक जैविक स्रोतों का समावेश करें, जो गोबर, हरी खाद, फसल अवशेष, जानवरों का अपशिष्ट या फिर बाजार में उपलब्ध जैव उर्वरक और अन्य जैविक उत्पाद से प्राप्त होंगे। कहा गया कि रासायनिक उर्वरकों का उपयोग विवेक पूर्ण रूप से एवं संतुलित मात्रा में करें। किसानों को इस अवसर पर मिट्टी नमूना इकठ्ठा करने के तरीके के बारे में जानकारी देते हुए खेत में जाकर उसे निकाल कर दिखाया भी गया। किसानों से कहा गया कि खेत की मिट्टी का नमूना लेकर इफको को उपलब्ध करायें, जिससे कि इसका विश्लेषण कराकर रिपोर्ट खरीफ की खेती के पहले उपलब्ध करा दिया जाये। मौके पर लगभग 75 किसानों ने अपना योगदान दिया।

# कैरलि स्कूल सांसद सांस्कृतिक महोत्सव में बना ओवरऑल चैंपियन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** कैरलि स्कूल के विद्यार्थी युवा रंगमंच के तत्वावधान में आयोजित सांसद सांस्कृतिक महोत्सव के विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लिया और ओवरऑल चैम्पियन का खिताब हासिल किया। विद्यालयके प्राचार्य राजेश पिल्लई ने सभी सफल प्रतिभागियों को बधाइयां देते हुए कहा कि हमारे विद्यार्थी राज्य के साथ-साथ अखिल भारतीय स्तर पर भी श्रेष्ठ प्रदर्शन कर देश को गौरवान्वित किया। विदित हो कि 5 मई 2023 को दहेज प्रथा और आधुनिक युग में मोबाइल के दुरूपयोग विषय पर माइम शो में कैरलि स्कूल के विद्यार्थियों को प्रथम पुरस्कार, 6 मई 2023 को लोक नृत्य प्रतियोगिता में राजस्थान के बंजारों और सपेरों द्वारा किए जाने वाले नृत्य कालबेलिया की शानदार प्रस्तुति कर यहां के विद्यार्थियों ने पुनः प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। 7 मई 2023 को सांसद सांस्कृतिक महोत्सव के समापन समारोह में कैरलि स्कूल को ओवरऑल चैंपियन का भी पुरस्कार मिला।

# होल्डिंग टैक्स के लंबित मामले तीन दिनों में निपटायें

## रांची नगर निगम के उप प्रशासक की अध्यक्षता में हुई राजस्व शाखा की समीक्षा बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** रांची नगर निगम के उप प्रशासक रजनीश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को राजस्व शाखा की समीक्षात्मक बैठक हुई। इसमें राजस्व शाखा के पदाधिकारी, कर्मचारी एवं टैक्स संग्रहण के लिए कार्यरत एजेंसी के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

बैठक में उप प्रशासक द्वारा निदेश दिया गया कि वर्तमान समय तक होल्डिंग टैक्स से संबंधित एजेंसी के टैक्स कलेक्टर एवं निगम के टैक्स कलेक्टर के स्तर पर जितने भी पेंडेंसी है उसे तीन दिनों के भीतर निष्पादित किया जाए। इसके अलावा निगम क्षेत्रांतर्गत जितने भी बड़े बकाएदार एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठान है उन सभी को इस वित्तीय वर्ष तक का डिमांड नोटिस प्रेषित करने का निदेश दिया। एजेंसी के सॉफ्टवेयर में कुछ तकनीकी खामियों को देखते हुए उप प्रशासक द्वारा उसे 24 घंटे के भीतर ठीक करने का निदेश दिया गया। इसके अलावा यह भी निदेशा दिया गया कि होल्डिंग आबंटन की प्रक्रिया हर हाल में राइट टू सर्विस गारंटी एक्ट में प्रावधानित दिवसों की संख्या के अंतर्गत ही निर्गत करना सुनिश्चित करें। इसके अलावा टैक्स रिवाइस्ड होने की स्थिति में जितने भी होल्डिंग धारक है जिनका इस वित्तीय वर्ष के लिए समायोजित होना है उनका राशि समायोजित करते हुए उन्हें सूचि त करें। उपस्थित लोगो में नगर प्रबंधक, एजेंसी के प्रतिनिधि एवं राजस्व शाखा के अन्यकर्मी शामिल थे।

स्पीड न्यूज

## 19 वर्षीय छात्र ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**खलारी।** खलारी थाना क्षेत्र के विश्रामपुर पंचायत अंतर्गत जामुन दोहर बस्ती में 19 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लियाण जानकारी के अनुसार मृतक सूरज केवट (19 वर्ष), पिता मंटू केवट बीते शाम सोमवार को संध्या अपने घर मे फांसी लगाकर ईहलीला समाप्त कर लिया। मृतक सूरज केवट करकट्टा शांतिनिकेतन के दसवीं क्लास का छात्र था। वहीं मृतक के परिजनों ने बताया कि सोमवार की दोपहर सूरज घर के पास ही क्रिकेट खेल रहा था। खेलकर शाम में घर लौटा इसके बाद घर के लोगों ने पानी लाने के लिए बाहर गए। परिजन पानी लेकर लौटा दो देखा कि घर का एक कमरा बंद है। परिजन आवाज दिया तो कोई आवाज नहीं मिला, जिसके बाद कमरे के वेंटिलेटर से झांका तो सूरज फंदे से झूलता हुआ देखा गया। परिजनों ने थाना को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंचकर सूरज को नीचे उतारी तबतक उसकी मौत हो चुकी थी।

## बेड़ो: विद्यार्थी परिषद ने नये थाना प्रभारी का किया स्वागत

**बेड़ो।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बेड़ो इकाई के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को बेड़ो थाना के नए थाना प्रभारी मुकेश कुमार हेम्ब्रेम के पदभार ग्रहण करने पर उनसे औपचारिक भेंट किया। साथ ही अंगवस्त्र व बुके देकर उनका स्वागत किया। इस दौरान एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने कई विषयों पर चर्चा करते हुए बेड़ो की वर्तमान स्थिति से उन्हें अवगत कराया। साथ ही अभाविप के प्रतिनिधिमंडल ने पूर्व थाना प्रभारी मनीष कुमार गुप्ता से भी भेंट कर वार्ता किया और उनके अच्छे कार्यकाल के लिए उनके प्रति आभार प्रकट किया। वहीं मौके पर अभाविप बेड़ो के प्रतिनिधिमंडल में शिवेंद्र सौरभ, अंकित सोनी, आकाश रक्षित, सतीश महतो, शशिकांत तिवारी, सोनम कुमारी, सोनी उरांव आदि मौजूद थे।

## नवीन अनगड़ा के नए थानेदार बने

**अनगड़ा।** सब इंस्पेक्टर नवीन कुमार अनगड़ा थाना के नए थाना प्रभारी बनाए गए हैं। नए थाना प्रभारी नवीन कुमार ने निवतमान थाना प्रभारी ब्रजेश कुमार से सोमवार को अपना कार्य भार ग्रहण किया। थानेदार ने बताया कि क्षेत्र में अपराध नियंत्रण और शान्ति व्यवस्था उनकी प्राथमिकता होगी।

# ओरमांझी : ब्यूटी प्लास्टिक फैक्ट्री और गोदाम में आग, 12 करोड़ के सामान राख

### शॉर्ट सर्किट से आग लगने की जताई जा रही आशंका

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** हुटुप स्थित व्यूटी प्लास्टिक फैक्टी में आग लग गई। आग की लपटें इतनी तेज थी कि गोदाम भी आग की चपेट में आ गया। फैक्ट्री में कुर्सी व प्लास्टिक से मैटेरियलल (दाना) तैयार होता है। आग लगने से फैक्टी के करोड़ों की मशीन व सामना जल कर राख हो गई। संचालक अहमद अलि द्वारा लगभग 12 करोड़ की संपति जलने की बात कही जा रही थी। मंगलवार को दोपहर 12.30 बजे लगी। आग के संबंध में बताया गया कि फैक्ट्री में जब आग लगी ज्यादतर कमी लंच पर गए थे। तीन-चार कर्मी कार्य में लगे थें। अचानक फैक्ट्री के अंदर पिछला भाग में आग पकड़ी और देखते-ही-देखते आग विक्राल रूप ले लिया। वहीं कार्य में लगे कर्मी भाग कर अपनी जान बचाई। आग लगने का कारण पता नहीं चल सका। कि निर्माण के दौरान चिंगारी उत्पन्न होने या बिजली के शॉर्ट सर्किट से आग लगने की संभावना जताई जा रही थी। वहीं आग बुझाने में दस फायर ब्रिगेड के वाहन लगे थे। बार-बार पानी समाप्त हो जा रहा था। स्थानीय स्तर से वाहन में पानी भर कर लाया जा रहा था। वहीं घटना की जानकारी होते ही आसपास के सैकड़ों लोगों की भीड़ जमा हो गई थी। लोग अपनी मोबाईल से वीडियो बना रहे थे। वहीं अचानक समान जलने से जब धमका हुआ तो लोग भागने लगे।



आग बुझाने में लगी दमकल की गाड़ियां।

### आसपास के लोग मकान छोड़ कर भागे

जहां फैक्ट्री है उक्त मुहले में कई मकान है। आग की विकराल रूप देख कई लोग अपने मकान छोड़ दूर चले गए थें। वहीं घटना की सूचना मिलने पर हुटुप टीओपी व ओरमांझी थाना पुलिस के अलावे सीओ विजय केरकेट्टा, बीडीओ विजय सोनी व जिप सदस्य कमिश्नर मुंडा आदि पहुंचे और घटना की जानकारी ली। कमिश्नर मुंडा ने घटना के प्रति चिंता जताया और कहा बस्ती के बीच में फैक्ट्री संचालन कैस होता था। विभाग द्वारा लाइसेंस कैसे दे दिया जाता है। विभाग से जांच करने व मुआवजा देने की मांग किया।

घटना के बाद लगभग दो घंटा बाद अग्नि शमन वाहन पहुंची। तबतक आग विक्राल रूप ले चूकी थी। आग का धुआं 10 किमी दूर से दिखाई दे रहा था। वहीं आग की लपटे इतनी तेज थी कि कर्मियों को आग बुझाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। लगभग सात घंटे बाद आग पर काबू पाया जा सका। संचालक द्वारा बताया गया कि रात में ही काफी वालटेज था। इसकी जानकरी विभाग को दी गई थी, लेकिन विभाग द्वारा ध्यान नही दिया गया।

### फायर सेफ्टी जरूरी

फायर सेफ्टी की व्यवस्था जरूरी अग्निशमन विभाग के पदाधिकरी राजेंद्र राम ने कहा फैक्ट्री संचालन में फायर सेफ्टी सुरक्षा की मुकमल व्यवस्था होना चाहिए। विभाग से एनओसी मिलने के बाद भी संचालन संचलन होना चाहिए। सुरक्षा के प्रति लापरवाही के कारण इस प्रकार की घटना होती है।

### बदहवास थे संचालक

बताया गया कि घटना के समय संचलक अहमद अली मौके पर नही था। सूचना मिलते ही वह बदहवास हो गया। वहीं उपस्थित उसका बेटा वली अहमद फैक्ट्री को जलता देख काफी रो रहा था। जिसे लोग संभाल रहे थें। घटना के प्रति क्षेत्र के लोगों द्वारा दुख जताया गया है।

## सिल्ली में पूर्व मुखिया के पति की हत्या

**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड के गोड़ाडीह पंचायत की मुखिया सावन देवी के पति व पूर्व पंचायत समिति सदस्य सरवन मुंडा की गांव के ही एक युवक ने भुजाली से मारकर हत्या कर दी। हत्या के बाद युवक आराम से जंगल की ओर भाग गया। घटना तब घटी, जब सरवन मुंडा शौच के लिए गया हुआ था। बीच बचाव करने आई सावन देवी को युवक ने भुजाली मारा है, उसका सिल्ली में इलाज चल रहा है। इस संबंध में सरवन के भाई शक्ति मुंडा ने पुलिस को बताया है कि चाकू मारने वाले आरोपी का नाम रविंद्र मुंडा उर्फ मेथरा है। पुलिस ने आरोपी के पिता वीर सिंह मुंडा को सिल्ली पुलिस के हवाले किया है।

# कमड़े से बोलेरो की चोरी, अज्ञात पर केस

### वाहन चोर गिरोह की सक्रियता से लोग हैं भयभीत

- चोर गिरोह मास्टर चाभी से लॉक खोल कर चोरी की घटना को देते हैं अंजाम

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** राजधानी रांची से सटे रातू थाना क्षेत्र में चोरी की घटनाएं थम नहीं रही है। गिरोह की सक्रियता से लोग भयभीत हैं। इससे पुलिस की बेचैनी भी बढ़ गयी है। सोमवार की रात अपराधियों ने कमड़े धरोहर मैरेज हॉल स्थित एनएच 75 के किनारे खड़ी बोलेरो जेएच 01 टी 0637 को निशाना बनाया। मास्टर चाबी के जरिये लॉक खोल गाड़ी लेकर रफू.चक्कर हो गये। बोलेरो पलामू के हरिहरगंज खड़कपुर ढाब कला निवासी स्व मुंगा यादव का पुत्र रवि कुमार यादव की है। वह फिलहाल रांची के डोरंडा कुसई कॉलोनी में रहते हैं। मामले को लेकर भुक्तभोगी की ओर से थाने में अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। पुलिस इसकी जांच कर रही है। सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। घटनास्थल का कॉल डंप भी कराया जायेगा।

### कैसे घटी घटना



श्री यादव झारखंड उलगुलान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष हैं। उनके दोस्त की बहन की शादी थी। रात के करीब साढ़े दस बजे अपनी बोलेरो से समारोह में आये। सड़क किनारे गाड़ी खड़ी कर हॉल के अंदर गये। कुछ देर बाद जब बाहर निकले, तो बोलेरो को गायब पाकर उनके होश उड़ गये। इसके उपरांत उन्होंने थाने को इसकी सूचना दी।

# एक लाख लूटने के लिए की थी युवक की हत्या

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची/तमाड़।** रांची पुलिस ने जमशेदपुर के युवक अनूप कुमार दास हत्याकांड के मामले का खुलासा कर लिया है। इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों में से सत्यजीत पाठक, राजेश लोहरा, विपिन सिंह मुंडा शामिल हैं। सभी आरोपी तमाड़ थाना क्षेत्र के ही रहनेवाले हैं। पुलिस ने आरोपी के निशानदेही पर एक लाख रुपया नकद, एक चाकू और तीन मोबाइल बरामद किया है।

### क्यों हुई हत्या

जानकारी के मुताबिक, अनूप कुमार दास तमाड़ में अफीम की खेती करना चाहता था। इसके लिए उसने पूर्व परिचित सत्यजीत पाठक से संपर्क किया। सत्यजीत ने अफीम पोस्ता दाना दिलवा देने की बात कहकर अनूप को तमाड़ बुलाया। अनूप कुमार जब तमाड़ पहुंचा तो आरोपियों ने एक लाख रुपए लूटकर उसकी हत्या कर दी थी।



### दो मई को स्कूटी से निकला था अनूप

दो मई को शाम में स्कूटी से अनूप कुमार दास तमाड़ के लिए निकला था। उसने अपने परिजनों को यह बताया था कि वह तमाड़ एक काम से सत्यजीत कुमार के पास जा रहा है। इसके बाद वह नहीं लौटा। अगले दिन सुबह में भाई के नहीं लौटने पर अमित कुमार दास ने तमाड़ थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई। बाद में पुलिस को युवक का शव मिला। पुलिस ने हत्याकांड के उद्भेदन के लिए जब छापेमारी शुरू की तो पता चला कि उसके ही परिचितों ने मिलकर उसकी हत्या कर दी थी।

## कोर्ट नोटिस

ब- अदालत श्रीमान सतीश कुमार मुंडा सिविल जज जूनियर डिविजन नं- 01 पलामू, डालटनगंज।
(ओ.एस. 69/22)
गीता जोशी --- वादी
बनाम
संजीव जोशी वेगैरह --- प्रतिवादी
नोटिस बनाम --- संजीव जोशी पिता स्व श्याम सुंदर जोशी, माली मुहल्ला, वार्ड नं- 29 पो. व थाना मेदिनीनगर जिला-पलामू। पिन -822101

चूँ बजरिये इस नोटिस से आपको सूचित किया जाता है कि वादी के द्वारा आपके विरूद्ध उपरोक्त वाद दायर किया गया है जिसमें आपको निबंधित एवं नजारत द्वारा नोटिस भेजा गया है, लेकिन आप वादी का जबाब देने के लिए न्यायालय में उपस्थित नहीं हुए। अत: आपको इस कोर्ट नोटिस प्रकाशन से सूचित किया जाता है कि दिनांक 17-07-23 को 10 :30 बजे स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें, अन्यथा आपकी अनुपस्थिति में वाद की सुनवाई एक पक्षीय कर दी जायेगी।
इसे सख्त ताकीद जानें।

आज दिनांक 27-04-2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।
हस्ताक्षर
सिविल जज जूनियर (डिविजन नं-01 पलामू। (मेदिनीनगर।)

# योजना लागू करने में अधिकारी उदासीन: अली

### अल्पसंख्यकों के विकास में अनदेखी से बिफरा आमया

शेख मुजिबुल

**रातू।** राज्य में अल्पसंख्यक हितों की अनदेखी पर आमया के तेवर तल्ख हो गये हैं। इसके खिलाफ संगठन जनांदोलन की मूड में है। केंद्रीय अध्यक्ष शमीम अली ने कहा हैए कि अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्रों में स्वास्थ्यए शिक्षा व कौशल विकास समेत मूलभूत सुविधाओं की घोर कमी है। समाज के युवाओं को बुनियादी सुविधा और उच्च शिक्षा से वंचित किया जा रहा है। भारत सरकार के अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय का हवाला देते हुये उन्होंने कहा कि न्यू प्रधानमंत्री 15 सूत्री के तहत प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम ;पीएमजीवीकेंद्ध को लागू करने में अधिकारी उदासीन हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कल्याण विभाग की ओर से स्वीकृत कब्रिस्तान घेराबंदी योजना में लूट मची है। श्री अली ने जोर देकर कहा कि मंत्रालयों में भाई.भतीजावाद से विकास प्रभावित हो रहा है। वह मंगलवार की दोपहर बीडीओ हरिशंकर बारिक को 12 सूत्री ज्ञापन सौंपने के बाद खबर मंत्र से विशेष बातचीत कर रहे थे।

### जानें क्या हैं मांगें



डीप बोरिंग के साथ जल मीनार का निर्माणए स्वास्थ्य उप केंद्र बनवानेए सद्भाव मंडप का निर्माणए शिक्षा को बढ़ावा देने के लिये स्कूल.कॉलेजए अल्पसंख्यक आवासीय प्लस टू विद्यालय व पॉलिटेकनिक अथवा आईटीआई कॉलेज का निर्माण करानेए उर्दू समेत सरकारी विद्यालयए जहां अल्पसंख्यक छात्र नामांकित हैं वहां अतिरिक्त कमरेए छात्रावासए कौशल विकास केन्द्रए हुनर हब खोलनेए किसान और कौशल प्रशिक्षित युवाओं के लिये मार्किट शेड तथा खेल स्टेडियम का निर्माण आदि।

### प्रतिनिधिमंडल में थे

संगठन के ग्रामीण जिला अध्यक्ष आफताब आलम, उपाध्यक्ष अब्दुल गफ्फार अंसारी, महासचिव मो आफताब, सचिव मो नसीम अख्तर, प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल बारीक, अंजुमन इस्लामिया के उपाध्यक्ष अंजुम खान, उप मुखिया अजमुल अंसारी व आदिल हुसैन आदि।


Govt. of Jharkhand
Agriculture, Animal Husbandry & Co-operative Department
(Co-operative Division)
The Jharkhand State Co-operative Lac Marketing &Procurement Federation Ltd.(JASCOLAMPF)
Purulia Road, Ranchi – 834 001, Jharkhand (INDIA)
Phone/Fax: 91-651-3511741 e-mail: mdjascolampf@gmail.com Website: www.jascolampf.com
Ref.No. - 162 / Ranchi Date: 09.05.2023
TENDER NOTICE
Invitation of bid for supply of Small Scale Lac Processing Units (Capacity – 300 Kg/day)
JASCOLAMPF invites tender in Two Parts from reputed Manufacturers/Authorized dealers/Suppliers for supply and installation of Small Scale Lac Processing Units (300 kg/day). A complete set of tender document may be purchased by interested eligible bidders from office JASCOLAMPF, Purulia Road, Ranchi during office hours on all working days from 11.05.2023 to 05.06.2023 after payment of a non-refundable fee of Rs. 2000/- (Rupees Two Thousand only) in the form of Demand Draft in favor of JASCOLAMPF, payable at Ranchi. It may also be downloaded from www.jascolampf.com in which case, the fee in the form of demand draft should be enclosed with the tender document at the time of submission
For detailed information and Terms & Conditions, please log on to www.jascolampf.com
Last date for submission of the Tender Document – 06.06.2023 upto 5.00 pm
sd/-
Managing Director
JASCOLAMPF, Ranchi
PR 296894 Co-opretive (23-24)_D


# मंगलवार को होगा हनुमान चालिसा पाठ



**ओरमांझी।** प्रखंड क्षेत्र के कुच्चू के ग्रामीण प्रत्येक मंगलवार को हनुमान चालिसा पाठ करेंगे। मंगलवार को विधिवत इसका शुभारंभ किया गया। इससे पूर्व गांव में एक बैठक हुआ जिसमें निर्णय लिया गया कि प्रत्येक मंगलवार को हनुमान चालिसा का पाठ किया जाएगा। मंगलवार को विशेष रूप से हनुमान चालिसा पाठ किया गया। वहीं हनुमान चालिसा पाठ में शामिल राज्यसभा सदस्य आदित्स साहू ने ग्रामीण के साथ हनुमान चालिसा पाठ किया और कहा हनुमान चालिसा पाठ करना अपने धर्म व संस्कृति के लिए जरूरी है। इस पहल की सरहाना करते हुए उन्होंने कहा कि इससे क्षेत्र के अन्य लोगों में भी अपने धर्म संस्कृति के प्रति जागृति आएगी।

### बच्चों ने किया पाठ

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के जरिया गांव स्थित स्वर्ण डीपीएस स्कूल में मंगलवार को हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। जहां स्कूल के छात्र-छात्राओं ने हनुमान चालीसा के स्तुति को सभी ने अपनी मधुर आवाज में गायन किया। मौके पर निदेशक दीपम बनर्जी ने कहा कि हनुमानजी विद्यार्थियों के आदर्श हैं।

# गोलीबारी की घटना का जल्द होगा उद्‌भेदन, आरोपी होंगे गिरफ्तार

### चतरा एसपी ने किया पिपरवार का दौरा

खबर मंत्र संवाददाता

**पिपरवार।** चतरा एसपी राकेश रंजन ने किया पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र का दौरा दौरे के क्रम में उन्होंने पिपरवार थाना क्षेत्र के पुणाडीह परियोजना के काटांघर में 6 मई को अज्ञात अपराधियो द्वारा कोयला कारोबारी विनोद गिरि को कांटा घर के समीप गोली मारे जाने की घटना का घटनास्थल पहुंचकर निरीक्षण किया एव गोलीबारी की घटना में घायल कोयला कारोबारी विनोद गिरि के बारे में वहां उपस्थित कांटा बाबू एवं आईआरबी के जवानो से गोली कांड की घटना की जानकारी प्राप्त किया साथ ही वहां उपस्थित ग्रामीणों से भी इस घटना के संबंध में पूछताछ की गई। साथ ही घटनास्थल पर सभी पहलुओं की जांच कर वहां लगाए गए सुरक्षा व्यवस्था का भी जायजा लिया गया। इस क्रम में उन्होंने ड्यूटी पर तैनात आईआरबी के जवानों से आईआरबी के कमांडेंट के बारे में जानकारी ली गई। साथ ही घटना के संबंध में पूछताछ कर उपस्थित सभी अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक प्रबंध किए जाने के आदेश दिए गए। उन्होंने इस तरह की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने का निर्देश दिया।


Govt. of Jharkhand
OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
Field Survey Division, Advance Planning, Road Construction Department,
Nirupan Bhawan, 4th floor, 56-Set Chowk, Doranda, Ranchi-834002
e-mail--- eercdapfsdran-jhr@nic.in
e-Procurement very Short Notice
e-Tender Reference No .-RCD/FSD /AP/ RAN/20/23-24 Dated 08.05.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1- | Name of Work | Consultancy services for preparation of Detailed project report for 4-Lane configuration road for Argora to Nayasrai road via Pundag with Flyover, including replacement of culverts and bridges, proposal for new culverts and bridges, complete Land Acquisition Proposal including ownership details all complete as per latest guidelines, Resettlement and Rehabilitation Proposal and Forest Diversion Proposal with clearance of all stages etc as required, in the state of Jharkhand from Consultant's empanelled in Category-I with the Road Construction Department, Government of Jharkhand vide letter no -3063(S) W.E dated 22-08-2022 are allowed to bid. |
| 2- | Tentative Length of Work | 07.00 KM |
| 3 | Work completion time | 45 Days |
| 4 | Date and Time of Publishing of Tender on official website | 10.05.2023, 05.00 PM |
| 5- | Last date and Time of submission of Tender (With Tender Fee and EMD) | 18.05.2023, 12.30 PM |
| 6- | Date and Timing of Bid opening | 19.05.2023, 12.30 PM |
| 7- | Tender Inviting Authority | Executive Engineer, Field Survey Division, Advance Planning, RCD, Ranchi, Nirupan Bhavan, 56 set Chowk, Doranda, Ranchi-834002, Mobile No-9431591027 |
| 8- | Bid Submission Address | Chief Engineer (Communication), Road Construction Department, 1st Floor, Engineer Hostel No-2, Dhurwa,Ranchi-834004 |
| 9- | Mode of Bid Submission | e-Tendering (http://jharkhandtenders.gov.in) |

For further information please go through the website http://jharkhandtenders.gov.in
Executive Engineer
Field Survey Division, A.P
Road Construction Department, Ranchi .
PR 296926 Road(23-24).D


# झूलन कर भोक्ताओं ने बरसाये आशीर्वाद के फूल

खबर मन्त्र संवाददाता

**नामकुम।** प्रखड के हहाप में षिव मंडा पूजा समिति के तत्वावधान में मंडा पूजा का आयोजन किया गया। इस दौरान शुक्रवार से आयोजित इस पूजा में सोमवार रात में मुख्य पूजा सोमवार रात को हुई, जिसके बाद सुबह चार बजे चालिस सोख्ताईन और बारह भोक्ता नहा धो कर फूलखुंदी के लिए पहुंचे। सभी ने दहकते अंगारों पर चलकर भगवान के प्रति अपनी आस्था को दर्षायां। फूलखुंदी के बाद सभी बारह भोक्ताओं को बारी बारी से उनकी पीठ में रस्सी लगी लोहे के हुक को लगाकर उन्हे 42 फीट उपर लगे डांग पर चढाया गया और उसी रस्सी के सहारे वे डांग पर तेज गति से धूमते हुए श्रद्धालुओं पर फूल बरसाए। जिसे श्रद्धालुओं ने शांति और सुख का प्रतिक मानते हुए अपने आंचल में लिया। कार्यक्रम से पूर्व पश्चिम बंगाल के उस्ताद कार्तिक सिंह मुण्डा एंव त्रिलोचन महतो की टीम के द्वारा छऊ नृत्य का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक राजेष कच्छप और जिप सदस्य रामावतार केरकेटटा उपस्थित थे। नेताओं ने सभी को मंडा पूजा की शुभकामनाएं दी और राज्य के खुशहाली की कामना की।



### कार्यक्रम किया इन्होंने सहयोग

आस्था का प्रतिक शिव मंडा पूजा हहाप को सफल बनाने को लेकर मुखिया नन्हे कच्छप, पंस सदस्य सरिता देवी, बिरसा पाहन, दिनेश चंद्र प्रमाणिक, बागनु मुंडा, चैतन मुंडा, मंगल स्वांसी, लोधेया महतो, जीतेंद्र सिंह मुंडा, विजय मुंडा, करम सिंह मुंडा आदि शामिल थे।


Govt. of Jharkhand
OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
Field Survey Division, Advance Planning, Road Construction Department, Nirupan Bhawan, 4th floor, 56-Set Chowk, Doranda, Ranchi-834002
e-mail--- eercdapfsdran-jhr@nic.in
e-Procurement very Short Notice
e-Tender Reference No .-RCD/FSD /AP/ RAN/22/23-24 Dated 08.05.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1- | Name of Work | Consultancy services for preparation of complete Land Acquisition Proposal with ownership details and computation of cost of acquired land as per latest guidelines, Resettlement and Rehabilitation Proposal & Forest Diversion Proposal including clearance of all stages as required for Padma-Manatu-Chak Missing link raod under Road division Daltonganj in the state of Jharkhand. from Consultant's empanelled in Category-I with the Road Construction Department, Government of Jharkhand vide letter no -3063(S) W.E dated 22-08-2022 are allowed to bid. |
| 2- | Tentative Length of Work | 1.828 KM |
| 3 | Work completion time | 30 Days |
| 4 | Date and Time of Publishing of Tender on official website | 11.05.2023, 05.00 PM |
| 5- | Last date and Time of submission of Tender (With Tender Fee and EMD) | 19.05.2023, 12.30 PM |
| 6- | Date and Timing of Bid opening | 22.05.2023, 12.30 PM |
| 7- | Tender Inviting Authority | Executive Engineer, Field Survey Division, Advance Planning, RCD, Ranchi, Nirupan Bhavan, 56 set Chowk, Doranda, Ranchi- 834002, Mobile No-9431591027 |
| 8- | Bid Submission Address | Chief Engineer (Communication), Road Construction Department, 1st Floor, Engineer Hostel No-2, Dhurwa,Ranchi-834004 |
| 9- | Mode of Bid Submission | e-Tendering (http://jharkhandtenders.gov.in) |

For further information please go through the website http://jharkhandtenders.gov.in
Executive Engineer
Field Survey Division, A.P
Road Construction Department, Ranchi .
PR 296909 Road(23-24)#D

# मेथनॉल का उत्पादन

केंद्र सरकार एक बार फिर वैकल्पिक ईंधन की रणनीति की ओर ध्यान केंद्रित कर रहा है। मेथनॉल पर आधारित पेट्रोल उत्पादन पर हुए शोध के उत्साहजनक परिणाम को देखते हुए सरकार अब अपनी रणनीति पर पुनर्विचार कर रही है। असम स्थित सरकारी तेल विपणन कंपनी ऑयल इंडिया लिमिटेड इस विषय पर अंतिम चरण के परीक्षण कर रही है और परिणाम उत्साहजनक हैं। इसके पहले ओआईएल और असम सरकार के संयुक्त उद्यम असम पेट्रोकेमिकल्स ने पड़ोसी देश में ईंधन निर्यात की योजना की पुष्टि की थी। मेथनॉल कम कार्बन, हाइड्रोजन कैरियर ईंधन है, जिसका उत्पादन हाई ऐश कोल, कृषि अवशिष्ट, ताप बिजली घरों से मिलने वाले कार्बनडाई ऑक्साइड और प्राकृतिक गैस से होता है। मेथनॉल इकनॉमी खाके के तहत नीति आयोग ने कहा था कि सीओपी-21 की भारत की प्रतिबद्धता हासिल करने के लिए यह बेहतर राह है और एम15 पेट्रोल या 15 प्रतिशत मेथनॉल मिश्रित पेट्रोल पेश करने का तर्क दिया था। पेट्रोल और डीजल की तुलना में ऊर्जा की मात्रा कम होने के बावजूद परिवहन के क्षेत्र, डीजल जेनरेटर सेट इस्तेमाल वाले ऊर्जा क्षेत्र, बॉयलर, प्रॉसेस हीटिंग मॉड्यूल्स, ट्रैक्टरों और कमर्शियल वाहनों में मेथनॉल इन दोनों ईंधनों की जगह ले सकता है। पेट्रोल में 15 प्रतिशत मेथनॉल मिलाने से पेट्रोल और कच्चे तेल के आयात में कम से कम 15 प्रतिशत कमी आ सकती है। इसके साथ ही इससे ग्रीनहाउस गैस का उत्सर्जन कम होगा। पार्टिकुलेट मैटर, नाइट्रोजन ऑक्साइड और सल्फर ऑक्साइड के हिसाब से उत्सर्जन में 20 प्रतिशत कमी आएगी और इससे शहरों में हवा की गुणवत्ता में सुधार होगा। वैकल्पिक ईंधन का संतुलित मिश्रण ऊर्जा की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए जरूरी है।

# 2030 की बात

राज्य का भविष्य कोयला सहित खनिज संपदा से ही प्रभावित है और भविष्य में इनके उपयोग और खनन पर जो पाबंदियां लगेगी उसको लेकर मंथन किया जाना एक सार्थक कदम है। वन विभाग झारखंड सरकार ने सीड के सहयोग से राज्य के शीर्ष संस्थाओं ने जो मंथन किया वह 2030 में कोयले के उत्पादन को कम करने से लेकर 2070 में कोयले की उत्पादन पूरी तरह से बंद करने तक थी। एक राज्य के लिये आज से ठीक आठ साल बाद आंरभ होने वाली पाबंदियों से लेकर 2070 तक कोयला उत्पादन पूरी तरह बंद कर दिये जाने के बाद उत्पन्न स्थिति को लेकर अभी से योजना बने और उस पर काम आंरभ हो। आज की स्थिति में राज्य की एक बड़ी आबादी कोयले के उत्पादन और खपत को लेकर अपना जीवन यापन करती है। राज्य में कोयला से होने वाली आय और कोयले के कारण लोगों को मिल रहे रोजगार को किसी भी हाल में समाप्त किया जाना एक बड़ी कठिनाई पैदा कर सकती है। इन कठिनाईयों पर विशेषज्ञों ने अपने विचार मंथन किये यह एक शुभ संकेत हैं। विगत वर्षो में राज्य में कोयला पर आधारित थर्मल पॉवर और अन्य उद्योग का तेजी से विस्तार हो रहा है। लेकिन अब राज्य के पास एक दशक से भी कम समय है। अगर राज्य की विधायिका, कार्यपालिका और विभिन्न संगठन इस मामले को गंभीरता से नहीं लेते हैं तो आने वाला समय राज्य के लिये चुनौती से भरा होगा। राज्य में सीसीएल और बीसीसीएल सहित कोल इंडिया की कई अनुषंगी कंपनियां है जिसमें हजारों लोग काम कर रहें हैं। इनके साथ सहयोगी कंपनियां और निजी कंपनियों का भी काम राज्य से संचालित होता है। देखना है आने वाले समय में राज्य का भविष्य पर इस पर्यावरण के नये घोषणाओं का असर कितना होता है?

# देश को भुखमरी से छुटकारा कब मिलेगा?




**आधुनिक** युग में भी भुखमरी से लोगों की मौत की खबरें आती रहती हैं। दुनिया भर के देशों में लोग भुखमरी के शिकार हो रहे हैं। यह एक डरावना सत्य है। एक ओर जहां लोगों के रहन-सहन, जीवन-यापन के स्तर में काफी बदलाव देखने को मिलता है। लोग पहले की अपेक्षा अधिक सुख-सुविधाओं के साथ जीवन-यापन कर रहे हैं। वहीं, एक तबका ऐसा भी है जिनको खाने को भरपेट भोजन भी नहीं मिल रहा है। भोजन के अभाव में लोग भुखमरी के शिकार हो रहे हैं। 21वीं सदी में आधुनिक होते जा रहे लोगों के लिए भुखमरी से होने वाली मौत एक करारे तमाचे से कम नहीं है। जब तक दुनिया के हर इंसान को दोनों वक्त भरपेट भोजन नहीं मिलेगा तब तक सारी तरक्की बेमानी है।

खाद्यान्न वितरण प्रणाली में सुधार तथा अधिक पैदावार के लिए कृषि क्षेत्र में निरंतर नये अनुसंधान के बावजूद भारत में भुखमरी के हालात बदतर होते जा रहे हैं। वैश्विक भूख सूचकांक के आंकड़ों के मुताबिक 2022 में भारत 121 देशों कि सूची में 107 वें स्थान पर पहुंच गया है। 121 देशों की सूची में श्रीलंका 64 वें, म्यांमार 71 वें, नेपाल 81 वें, बांग्लादेश 84 वें, पाकिस्तान 99 वें, अफगानिस्तान 109 वें स्थान पर है। ग्लोबल हंगर इंडेक्स के प्रकाशकों ने भारत में 'भूख' की स्थिति को गंभीर बताया है। हालांकि भारत ने वैश्विक भूख सूचकांक 2022 को खारिज किया है। भारत ने इस रिपोर्ट को लेकर कहा है कि यह देश की छवि खराब करने का प्रयास है।

ग्लोबल हंगर इंडेक्स में भारत के खराब प्रदर्शन की बात करें तो यह बीते कुछ सालों से लगातार जारी है। 2017 में इस सूचकांक में भारत का स्थान 100 वां था। साल 2018 के इंडेक्स में भारत 119 देशों की सूची में 103 वें स्थान पर रहा। वहीं 2019 में देश 117 देशों में 102 वें स्थान पर रहा था। वर्ष 2020 में भारत 94 वें स्थान पर था। 2021 में 116 देशों की सूची में 101 वें स्थान पर था। वैश्विक स्तर पर भूख के खिलाफ प्रगति हाल के वर्षों में काफी हद तक स्थिर रही है। 2014 में 19.1 की तुलना में 2022 में 18.2 के वैश्विक स्कोर के साथ केवल मामूली सुधार हुआ है।

ग्लोबल हंगर इंडेक्स स्कोर की गणना चार संकेतकों पर की जाती है। जिनमें अल्पपोषण, कुपोषण, बच्चों की वृद्धि दर और बाल मृत्यु दर शामिल हैं। वर्तमान ग्लोबल हंगर इंडेक्स अनुमानों के आधार पर पूरी दुनिया और विशेष रूप से 47 देश-2030 तक लक्ष्य के निम्न स्तर को प्राप्त करने में विफल रहेंगे। इसमें यह भी कहा गया है कि खाद्य सुरक्षा पर कई मोर्चों पर बिगड़ती स्थितियां, वैश्विक स्तर पर जलवायु परिवर्तन से संबंद्ध मौसम के बदलाव और कोविड -19 महामारी से जुड़ी आर्थिक और स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियां भुखमरी को बढ़ा रही हैं।



\- रमेश धमोरा

> हाल ही में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने संकेत दिया है कि राम मंदिर, सीएए, ट्रिपल तलाक और अनुच्छेद 370 तो हो गया, अब कॉमन सिविल कोड की बारी है। भारतीय जनता पार्टी के मूल उद्देश्यों में तीन मुद्दे प्रखर हैं। अयोध्या में श्री राम मंदिर का निर्माण, एक विधान एक संविधान के तहत कश्मीर से अनुच्छेद 370 व 35–ए के अधिकांश प्रावधानों को हटाना व यूनिफॉर्म सिविल कोड को लागू करना।

सहायता कार्यों से जुड़ी आयरलैंड की एजेंसी कंसर्न वर्ल्डवाइड और जर्मनी के संगठन वेल्ट हंगर हिल्फ द्वारा संयुक्त रूप से तैयार की गई रिपोर्ट में भारत में भूख के स्तर को चिंताजनक बताया गया है। रिपोर्ट तैयार करने के लिए डेटा संयुक्त राष्ट्र के अलावा यूनिसेफ, फूड एंड एग्रीकल्चर ऑर्गनाइजेशन समेत कई एजेंसियों से लिया गया हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में लोग कोविड -19 और महामारी संबंधी प्रतिबंधों से बुरी तरह प्रभावित हुए हैं।

रिपोर्ट में भुखमरी की स्थिति के लिहाज से दुनिया के 121 देशों को खतरनाक, अत्यधिक खतरनाक और गंभीर जैसी तीन श्रेणियों में रखा गया है। इनमें भारत गंभीर की श्रेणी में है। रिपोर्ट के अनुसार भारत की इस स्थिति के कारण ही दक्षिण एशिया का प्रदर्शन हंगर इंडेक्स में और बिगड़ा है। भारत एक ऐसा देश जो अगले एक दशक में दुनिया के सर्वाधिक प्रभावशाली देशों की सूची में शामिल हो सकता है। वहां से ऐसे आंकड़े सामने आना बेहद चिंतनीय माना जा रहा है। ग्लोबल हंगर इंडेक्स में विश्व भर में भूख के खिलाफ चल रहे अभियान की उपलब्धियों और नाकामियों को दशार्या जाता है। भुखमरी को लेकर यह रिपोर्ट भारत सरकार की गंभीरता पर प्रश्नचिन्ह खड़े करती है।

श्रीलंका, नेपाल, म्यांमार हमसे आर्थिक से लेकर तमाम तरह की मोटी मदद पाते हैं। मगर भुखमरी पर रोकथाम के मामले में हमारी हालत उनसे भी बदतर क्यों हो रही है? इस सवाल पर ये तर्क दिया जा सकता है कि श्रीलंका व नेपाल जैसे कम आबादी वाले देशों से भारत की तुलना नहीं की जा सकती। यह बात सही है लेकिन साथ ही इस पहलू पर भी ध्यान देने की जरूरत है कि भारत की आबादी श्रीलंका और नेपाल से जितनी अधिक है, भारत के पास क्षमता व संसाधन भी उतने ही अधिक हैं।

दूसरे, खाद्यान्न की बबार्दी की समस्या सिर्फ भारत में नही बल्कि पूरी दुनिया में है। संयुक्त राष्ट्र के मुताबिक पूरी दुनिया में प्रतिवर्ष 1.3 अरब टन खाद्यान्न खराब होने के कारण फेंक दिया जाता है। यह कैसी विडम्बना है कि एक तरफ दुनिया में इतना खाद्यान्न बर्बाद होता है और दूसरी तरफ दुनिया के लगभग 85 करोड़ लोग भुखमरी का शिकार हैं। क्या यह अनाज इन लोगों की भूख मिटाने के काम नहीं आ सकता? पर व्यवस्था के अभाव में ये नहीं हो पा रहा है।

महत्वपूर्ण सवाल यह भी है कि हर वर्ष हमारे देश में खाद्यान्न का रिकार्ड उत्पादन होने के बावजूद क्यों देश की लगभग एक चौथाई आबादी को भुखमरी से गुजरना पड़ता है? यहां मामला यह है कि हमारे यहां हर वर्ष अनाज का रिकार्ड उत्पादन तो होता है। पर उस अनाज का एक बड़ा हिस्सा लोगों तक पहुंचने की बजाय कुछ सरकारी गोदामों में तो कुछ इधर-उधर अव्यवस्थित ढंग से रखे-रखे सड़ जाता है। संयुक्त राष्ट्र के एक आंकड़े के मुताबिक देश का लगभग 20 फीसदी अनाज भण्डारण क्षमता के अभाव में बेकार हो जाता है। इसके अतिरिक्त जो अनाज गोदामों में सुरक्षित रखा जाता है। उसका भी एक बड़ा हिस्सा समुचित वितरण प्रणाली के अभाव में जरूरतमंद लोगों तक पहुंचने की बजाय बेकार पड़ा रह जाता है

भारत में भुखमरी से निपटने के लिए अनेकों योजनाएं बनी हैं लेकिन उनकी सही तरीके से पालन नहीं होता है। महंगाई और खाद्य पदार्थों की कीमतों में उछाल ने गरीबों और कम आय वाले लोगों को असहाय बना दिया है।

## खास बात

# ऋण लेने से बचते राज्य

**केंद्र सरकार** ने पिछले वित्त वर्ष (वित्त वर्ष 2022-23) में राज्यों की व्यय जरूरतों के लिए 1 लाख करोड़ रुपये दीर्घावधि ऋण मुहैया कराया था, जिसमें से राज्यों ने सिर्फ 82,000 करोड़ रुपये लिए हैं 18,000 करोड़ रुपये का इस्तेमाल नहीं हो पाया है।

एक वजह यह है कि तमाम राज्यों की पूंजी केंद्रित, लंबी अवधि वाली परियोजाओं को लागू करने की क्षमता नहीं है, जैसा कि केंद्र सरकार करती है। बड़े राज्यों में पश्चिम बंगाल सबसे पीछे है और उत्तर प्रदेश पूरी राशि के उपयोग में सक्षम नहीं है। इनमें उत्तर पूर्व के राज्य भी शामिल हैं।

वित्त वर्ष 23 के संशोधित अनुमान में हमने 1 लाख करोड़ रुपये में से 78,000 करोड़ रुपये जारी किए जाने का अनुमान लगाया था। 31 मार्च 2023 तक राज्यों ने 82,000 करोड़ रुपये लिए हैं। अधिकारी ने कहा, ह्यकई राज्यों ने अपने पूंजीगत व्यय ऋण की राशि का पूरा इस्तेमाल नहीं किया है, जो उन्हें उपलब्ध थी। पश्चिम बंगाल ने सिर्फ 1 किस्त ली है।

कई अन्य राज्य अपने आवंटन का इस्तेमाल करने में सक्षम नहीं रहे हैं, लेकिन अधिकारियों ने उम्मीद जताई है कि वित्त वर्ष 24 में स्थिति बेहतर होगी।

केंद्र सरकार राज्यों के पूंजीगत व्यय की जरूरतों को पूरा करने के लिए 50 साल का ब्याज रहित ऋण मुहैया करा रही है। वित्त वर्ष 23 के लिए यह राशि 1 लाख करोड़ रुपये और वित्त वर्ष 24 के लिए1.3 लाख करोड़ रुपये है। यह धनराशि केंद्र सरकार के अपने पूंजीगत व्यय लक्ष्य का हिस्सा है।

पिछले साल 1 लाख करोड़ रुपये में से 80,000 करोड़ रुपये ज्यादातर बगैर शर्त था। वहीं 20,000 करोड़ रुपये पीएम गतिशक्ति, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना, शहरी क्षेत्र सुधार और डिजिटल इंडिया पहल के तहत फाइबर ऑप्टिक्स केबल बिछाने से जुड़े पूंजीगत व्यय के लिए था।

राज्यों को 80,000 करोड़ रुपये उसी फॉर्मूले से दिया गया है, जिसके तहत वे विभाजन वाले कर में हिस्सा पाते हैं। राज्यों को कर बंटवारा 15वें वित्त आयोग की सिफारिश के मुताबिक होता है।

**सनातन** संस्कृति संपूर्ण विश्व को एक परिवार व पश्चिमात्य संस्कृति विश्व को बाजार के रूप में देखती है,यह उपभोक्तावादी दृष्टि-प्रचंड भोगवाद ही अनेक वैश्विक संकटों का मूल है।प्रकृति और प्राकृतिक संसाधनों का त्यागपूर्वक उपयोग करना सीखें।

– स्वामी अवधेशानंद गिरी

## आपके ट्वीट

**गुजरात** की हर ईंट को आदिवासियों ने अपने खून-पसीने से सींचा है।लेकिन उन्हे उनके हक और हिस्से की भागीदारी से वंचित रखा गया। आदिवासी सत्याग्रह जल, जंगल और जमीन का आंदोलन है।

–राहुल गांधी सांसद





**भाषा** के स्तर का गिरना 2007 गुजरात चुनावों में शुरू हुआ था। जब सोनिया जी ने मोदी जी के लिए मौत का सौदागर जैसे शब्दों का इस्तेमाल किया था।और फिर बोटी-बोटी काटना,हिटलर की मौत,कब्र खुदेगी जैसे बयान। –सुधांशु त्रिवेद्वी

# अहिंसा : जिओ और जीने दो

## विचार-प्रवाह

**निशांत जैन**

**यह** समझना जरूरी है कि उत्साह से लबरेज आज की युवा पीढ़ी भगवान महावीर के संदेशों को किस रूप में देखती है? युवाओं के सपनों को साकार करने में इन संदेशों की क्या कोई अहमियत है? इन सवालों के जवाब पाने के लिए देखते हैं युवाओं के लिए तीर्थंकर महावीर की 10 काम की बातें,

महावीर की वाणी के तीन आधारभूत मूल्य हैं, अहिंसा, अनेकांत और अपरिग्रह। ये युवाओं को आज की भागमभाग और तनाव भरी ज़िंदगी में सुकून की राह दिखाते हैं।

महावीर की अहिंसा केवल शारीरिक या बाहरी न होकर, मानसिक और भीतर के जीवन से भी जुड़ी है। महावीर मन-वचन-कर्म, किसी भी जरिए की गई हिंसा का निषेध करते हैं। इस तरह महावीर खुद सुकून से जीने और दूसरों को भी जीने देने की राह सुझाते हैं।

अनेकांत : दूसरों के विचारों का सम्मान

अनेकांत का अर्थ है, सत्य को उसके सभी पहलुओं के साथ देखना। आज के दौर में महावीर का अनेकांतवाद और स्यादवाद का सिद्धांत बेहद प्रासंगिक है। अगर हम अनेकांतवाद को अपनाते हुए दूसरों के विचारों की भी अहमियत समझें, तो एक बेहतर दुनिया का निर्माण कर सकते हैं। तमाम तरह की कट्टरताएं यहां खुद-ब-खुद खत्म हो जाती हैं।

अपरिग्रहः दूसरों की जरूरतों का सम्मान

अपरिग्रह यानी जरूरत से ज्यादा चीजों का संचय न करना। महावीर का अपरिग्रह का सिद्धांत न केवल बाहरी परिग्रहों, बल्कि मन के विकारों और तनावों को भी त्यागने को संदेश देता है।

## कार्टून वर्ल्ड




## लेटर टू एडिटर

### सुरक्षा को प्राथमिकता

**कोरोना** महामारी की चौथी लहर खतरनाक होती जा रही है। लोगों की लापरवाही खतरे की घंटी से कम नहीं है। सोशल डिस्टेंसिंग, मास्क लगाना, हाथों को साबुन से धोना, नियम पालना हेतु मीडिया का सहारा लेना पड़ेगा। लोगों को अविलंब वैक्सीन लगवानी होगी। अर्थव्यवस्था की चिंता छोड़ जन-सुरक्षा को प्राथमिकता देनी होगी नाजुक दौर का मुकाबला करने में सक्षम हो सकें। **–विजय, रांची**

### मजदूरों की बदहाली

देश के विकास व नवनिर्माण में मजदूरों की मेहनत ऊंची इमारतों, अट्टालिकाओं के माध्यम से झलकती है। आजीविका के लिए अपनों का बिछोह, घर से बेघर, मीलों दूर का सफर करती भूखी प्यासी जिंदगियों का दर-दर ठोकरें खाना बदहाली की तसवीर पेश करता है। आज भी बढ़ती महंगाई, रोटी की चिंता में खुले आकाश तले, सर्दी-गर्मी सहने को मजबूर है मजदूर। **–अनिल कौशिक, खूंटी**

# देश में लोन के लिए तरसते लोग और बढ़ती अफसरशाही

**सतीस कुमार**

**भारत** में अभी भी जरूरतमंदों को बैंक से ऋण नहीं मिल पा रहा है, जिसके कारण देश का अपेक्षित विकास नहीं हो पा रहा है। आर्थिक गतिविधियों में तभी तेजी आएगी, जब समय पर व्यक्ति, कारोबारी या कंपनी को वित्तीय सहायता मिले। ट्रांसयूनियन सिबिल लिमिटेड (सिबिल) की एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में पात्र उम्मीदवारों में से लगभग 48 करोड़ लोगों को औपचारिक वित्तीय संस्थानों से ऋण सुविधा नहीं मिल सकी है, जबकि 17.9 करोड़ लोग बैंकों या अन्य वित्तीय संस्थानों से ऋण लेने में सफल रहे हैं, अर्थात भारत में 63 प्रतिशत लोगों को औपचारिक वित्तीय संस्थानों से ऋण नहीं मिल सका है। इस आंकड़े से यह पता चलता है कि भारत में अभी भी सूदखोरों का जाल बहुत ही ज्यादा मजबूत है। हालांकि विकसित देशों में भारत जैसी स्थिति नहीं है। अमेरिका में केवल 3 प्रतिशत पात्र आवेदक ही ऋण सुविधा से वंचित हैं। कनाडा में यह अनुपात 7 प्रतिशत,कोलंबिया में 44 प्रतिशत और दक्षिण अफ्रीका में 51 प्रतिशत है। भारत सरकार अधिकतम लोगों को बैंकिंग प्रणाली से जोड़ने की कोशिश कर रही है। इस क्रम में देश में 45 करोड़ से अधिक जनधन खाते खोले जा चुके हैं और उनमें से पात्र खातेदारों को ओवरड्राफ्ट ऋण की सुविधा दी जा रही है। वैकल्पिक चैनलों जैसे मिनी बैंक या बिजनेस कॉरस्पॉन्डेंट(बीसी), एटीएम, यूपीआई आदि के माध्यम से लोगों को बैंकिंग प्रणाली से जोड़ने की कोशिश की जा रही है। बावजूद इसके, इस दिशा में अभी भी बहुत ज्यादा काम करने की जरूरत है। मौजूदा भौतिकवादी दुनिया में बहुत ही कम लोग, कारोबारी या कंपनी ऐसे हैं, जो अपनी वित्तीय जरूरतों को बिना ऋण लिए पूरा करते हैं। फिलवक्त कार, मकान, शिक्षा आदि ऋण लेना बहुत ही आम हो गया है, क्योंकि एक अच्छी जिंदगी जीने के लिए इनकी जरूरत सभी को है। कारोबार, कृषि, उद्योग आदि के लिए भी ऋण लेने की जरूरत होती है। आज की तारीख में बहुत कम ऐसे व्यक्ति, कारोबारी,कंपनी या कॉर्पोरेट्स हैं, जिन्हें ऋण लेने की जरूरत नहीं होती है। कारोबार चलाना हो या फिर उसका विस्तार करना हो, दैनिक जरूरतों को पूरा करना हो या फिर शादी-विवाह करना हो, हर मामले में ऋण लेने की जरूरत होती है और आमजन, कारोबारी, कंपनी या कॉर्पोरेट्स अमूमन ऋण औपचारिक माध्यम यानी बैंक या वित्तीय संस्थान से या फिर अनौपचारिक माध्यम यानी मित्र, रिश्तेदार या फिर महाजन या सूदखोर से लेते हैं। औपचारिक ऋण लेने के लिए आवेदकों को बैंकों या वित्तीय संस्थानों की कुछ शर्तें पूरी करनी होती हैं। वैयक्तिक ऋण लेने के लिए क्रेडिट या सिबिल स्कोर की जरूरत होती है, वहीं, कंपनी या कॉर्पोरेट्स को ऋण लेने के लिए रेटिंग की जरूरत होती है, जिसे देने का काम देसी व विदेशी रेटिंग एजेंसियां करती हैं। सिबिल और क्रेडिट स्कोर के बीच एकमात्र अंतर यह है कि कोई भी क्रेडिट रेटिंग एजेंसी क्रेडिट स्कोर प्रदान कर सकती है, लेकिन सिर्फ सिबिल ही सिबिल स्कोर देता है। सिबिल द्वारा गणना किए गए क्रेडिट स्कोर को सिबिल स्कोर के रूप में जाना जाता है। सिबिल द्वारा विभिन्न बैंकों और उधार देने वाली संस्थाओं से प्राप्त क्रेडिट डेटा की मदद से सिबिल रिपोर्ट तैयार की जाती है। सिबिल रिपोर्ट में गृह ऋण, ऑटो लोन, क्रेडिट कार्ड, पर्सनल लोन, ओवरड्राफ्ट आदि के भुगतान का विश्लेषण होता है, क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों में से एक है। ट्रांसयूनियन सिबिल लिमिटेड को पहले क्रेडिट इनफॉर्मेशन ब्यूरो (इंडिया) लिमिटेड के नाम से जाना जाता था, जिसका काम व्यक्तियों एवं कंपनियों की ऋण से जुड़ी गतिविधियों का लेखा-जोखा रखना है।

## शोध

# अब देश में ई जनगणना की आवश्यकता पर जोर

**अभिनय आकाश**

**जनगणना** हर 10 साल में की जाती है। हर दस साल पर देश में जनगणना होती है। आजादी के बाद पहली बार जनगणना 1951 में हुई थी। 2011 तक जनगणना करने वाले अधिकारी घर-घर जाकर फॉर्म के जरिये जानकारी एकट्ठा करते हैं। जिसके लिए हर घर से दो फॉर्म भरे जाते हैं। इसमें सबसे पहले हाउसिंग सेंसस होता है। इसमें घर, घर के उपयोग, पीने के पानी और शौचालय की उपलब्धता, बिजली आदि से संबंधित सवाल होते हैं। इसके बाद राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर से संबंधित सवाल होते हैं। इस सेक्शन में भी कई जानकारियां मांगी जाती है।

पिछले महीने सरकार ने अगली जनगणना और राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर (एनपीआर) सूची में ऑनलाइन स्व-गणना की अनुमति देने के लिए जनगणना नियमों में कुछ संशोधनों को अधिसूचित किया है। गृह मंत्रालय के अनुसार, सामान्य निवासी वे हैं जो कम से कम पिछले छह महीनों से स्थानीय क्षेत्र में रह रहे हैं, या अगले छह महीनों के लिए किसी विशेष स्थान पर रहने का इरादा रखते हैं। एक गजट अधिसूचना में, केंद्र ने जनगणना के दौरान पूछे जाने वाले प्रश्नों की अनुसूची में इलेक्ट्रानिक्स लेक्ट्रॉनिक रूप और स्व-गणना को शामिल करने के लिए जनगणना नियम, 1990 में संशोधन किया। संशोधन नियम -2 के खंड सी में डाला गया है, जो परिभाषाओं से

## सामयिक

संबंधित है। क्लॉज सी जनगणना अनुसूची का अर्थ है अजिसमें अधिनियम की धारा 8 की उप-धारा (1) में संदर्भित प्रश्न हैं।

**ई जनगणना की जरूरत क्यों है**

जनगणना की प्रक्रिया काफी जटिल होने के साथ ही इसमें कई बार गलतफहमी में लोग सही जानकारी नहीं दर्ज कराते हैं। हाल ही में सीएए और एनआरसी को लेकर हुए विवाद का असर जनगणा की प्रक्रिया पर पड़ सकता है।

**ई–जनगणना कैसे काम करेगी?**

अमित शाह के अनुसार जनगणना आधुनिक तकनीकों की मदद से अधिक वैज्ञानिक, सटीक और बहुआयामी होगी। सरकार ई-जनगणना के लिए नया सॉफ्टवेयर तैयार कर रही है। ई-जनगणना की शुरूआत के साथ देश की 50 प्रतिशत आबादी अपने फोन पर डाउनलोड किए गए मोबाइल एप्लिकेशन पर अपना डेटा फीड कर सकेगी। जन्म के समय जनगणना में एक व्यक्ति का नाम जोड़ा जाएगा। जब वे 18 साल के हो जाएंगे, तो नाम मतदाता सूची में शामिल हो जाएगा और मृत्यु के बाद, नाम हटा दिया जाएगा।

जन्म और मृत्यु रजिस्टर को जनगणना से जोड़ा जाएगा। इसका मतलब है कि जनगणना देश में हर जन्म और मृत्यु के बाद अपने आप अपडेट हो जाएगी। गृह मंत्री के अनुसार, जनगणना के आंकड़े जनसांख्यिकीय परिवर्तन, आर्थिक मानचित्रण, विकास के मानकों में पीछे छूटे क्षेत्रों और सांस्कृतिक, भाषाई और सामाजिक परिवर्तनों को प्रतिबिंबित कर सकते हैं। द इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के अनुसार ई-जनगणना में विभिन्न एजेंसियां शामिल होंगी और पते बदलने जैसी प्रक्रियाएं आसान होंगी।

ऑनलाइन स्व-गणना के अलावा, जनगणना डेटा एकत्र करने के लिए प्रगणकों द्वारा घर का दौरा जारी रहेगा। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, घरों में आने वालों के पास टैबलेट या स्मार्टफोन होने की संभावना होगी। जो उन्हें सीधे एक पोर्टल में जानकारी दर्ज करेंगे। सितंबर 2020 में शाह द्वारा पहली बार एक ऑनलाइन जनगणना का उल्लेख किया गया था।


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313–55233
पिन: -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### बंद बांसगढ़ा खदान का मोटर खराब



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सीसीएल भुरकुंडा कोलियरी के बंद बांसगढा भुमिगत खदान के पंखा का मोटर खराब होने के कारण पिछले चार-पांच दिनो से क्षेत्र मे पानी की सप्लाई पुरी तरह ठप है। मोटर के खराब होने से खदान का पंखा भी बंद हो गया है। जिसके कारण पानी सप्लाई करने वाले कर्मी खदान के अंदर नही जा रहें है। खदान का पंखा चलने से मांइस के अंदर के गैस और हवा बाहर निकाला जाता है। पंखा बंद होने के कारण खतरा को देखते हुए कर्मी खदान के अंदर नही जा रहें है। ज्ञात हो कि पिछले 5 मई को बांसगढा भुमिगत खदान का हवा निकालने वाला पंखा का मोटर खराब हो गया था। मोटर खराब होने से पिछले चार दिनो से हॉस्पीटल कॉलोनी, भुरकुंडा सीसीएल अस्पताल, नीचे धौड़ा में पानी की सप्लाई पुरी तरह ठप है। जिसके कारण लोगो को पानी की समस्या से जूझना पड़ रहा है। भुरकुंडा सीसीएल अस्पताल में भी बांसगढा भुमिगत खदान से ही पानी की सप्लाई की जाती है। लोगों में पानी के लिए त्राहीमाम मचा हुआ है।

### स्कूटी की डिक्की से चार लाख चोरी

रामगढ़ । रजरप्पा थाना क्षेत्र में उचक्कों ने एक स्कूटी के डिक्की में रखे चार लाख रुपए मंगलवार की शाम उड़ा लिए। इसे लेकर भुक्तभोगी युवक के पिता ने रजरप्पा थाना में लिखित आवेदन देकर अज्ञात चोरों द्वारा पैसे की चोरी करने की शिकायत दर्ज कराई है। थाने में दिए गए आवेदन के अनुसार चितरपुर निवासी अली रजा का कहना है कि उनका पुत्र अब्दुल सलाम अपनी स्कूटी से पैसे निकासी करने बैंक ऑफ इंडिया की चितरपुर शाखा गया। बैंक से चार लाख रूपए की निकासी करने के बाद उसने पैसे को स्कूटी की डिक्की में रख दिया। इसके बाद स्कूटी खड़ा कर कुछ काम के लिए एनएसटी टेलर के पास गया। कुछ देर बाद जैसे ही उसने देखा तो स्कूटी का डिक्की खुला हुआ है। जब पास पहुंचा तो देखा कि वहां रखे चार लाख रूपए एवं पासबुक गायब हैं।

### जल्द बने जर्जर सड़क : डॉ.आशीष



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** जर्जर सड़क को दुरूस्त करने की मांग को ले कोल माइंस वर्कर्स यूनियन के बरका-सयाल क्षेत्रीय सचिव सह अल झारखंड रैयत विस्थापित प्रभावित मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष डॉ आशीष कुमार ने उरीमारी पीओ को पत्र प्रेषित किया है। पत्र में डॉ.आशीष कुमार ने उरीमारी परियोजना से लेकर शनिचर बाजार तक जर्जर सड़क को दुरूस्त करने की मांग की है। पत्र मिलने के बाद पीओ दिलीप कुमार ने यूनियन के नेताओं को आश्वासन दिया है कि एस्टीमेट बनाने का आदेश दिया हूं। जल्द ही एक करोड़ की लागत से सड़क का निर्माण कराया जाएगा। ज्ञात हो कि उक्त सड़क उरीमारी शनिचर बाजार से लेकर उरीमारी बिरसा चौक त्रिभुवन होटल तक पूरी तरह से जर्जर है। पीओ ने सकारात्मक पहल का आश्वासन देते हुए कहा है की इसी वर्ष सड़क का निर्माण हो जाएगा। ताकि सीसीएलकर्मियों सहित विद्यार्थियों व आमजनों को आवागमन में दिक्कतों का सामना न करना पड़े।


### जनसेवकों ने किया हड़ताल का एलान

**रामगढ़।** ग्रेड पे घटाने के विरोध में जनसेवकों द्वारा 9 मई से अनिश्चितकालीन हड़ताल का ऐलान किया गया है। इस संबंध में जनसेवकों द्वारा रामगढ़ में बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष लोकेश कुमार ने की। इस दौरान जनसेवकों ने अपनी 11 सूत्री मांगों पर चर्चा कर मांगों पर सरकार से ध्यान देने की मांग की। बैठक में अजीत कुमार गुप्ता, उपेंद्र कुमार, अरविंद कुमार महतो, परमानंद कुमार, जितेंद्र प्रसाद, विकास कुमार, रंजित कुमार रजक, पंकज कुमार, आनंद कुमार, आलोक मित्रा, उमेश कुमार, विनीता सिंह, अनिल कुमार महतो, संजीव करमाली, त्रिलोकी नाथ महतो, रवि सागर पाण्डेय ,जोर्ज टुडू ,सुमित कुमार सिन्हा, अजय कुमार सिंह,चित्रा सिंह मुंडा, रविन्द्र कुमार महतो, ज्ञानी प्रताप भारती, छत्रधारी महतो, महादेव महतो, विमल बेदिया आदि जनसेवक शामिल हुए।

### दनुआ घाटी में छह वाहन आपस में भिड़े

**हजारीबाग।** चौपारण के दनुआ घाटी में मंगलवार को छह वाहन आपस में टकरा गए। इसमें जान की क्षति तो नहीं हुई लेकिन वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। कुछ लोगों को आंशिक चोटें भी आईं। पहली दुर्घटना में सेंट्रो कार (डीएल 3 सीएटी 1044) कोयला लदे ट्रक (बीआर 44 पी 9207) तथा एक अन्य वाहन टकरा गए। जीटी रोड का एक लेन पूरी तरह से जाम हो गया। मुश्किल से पुलिस ने एक लेन से वाहनों का परिचालन जारी रखा। इसी बीच घाटी क्षेत्र के महानेटांड में ही एक कंटेनर ने स्कार्पियो और बोलेनो कार में टक्कर मार दी।

### जीत के लिए प्रयास करें : विजयंत



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** बिरसा चौक भुरकुंडा स्थित एला एंग्लाइज सीनियर सेकेंडरी विद्यालय में मंगलवार को भगवान बुद्ध की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत भगवान बुद्ध के प्रतिमा पर माल्यार्पण और आरती के साथ विशेष पूजा का आयोजन हुआ। इस अवसर पर एला एंग्लाइज विद्यालय में वार्षिक शैक्षणिक पुरस्कार वितरण समारोह का भी आयोजन हुआ। जिसमें विद्यालय में विगत सत्र के मेधावी विद्यार्थी जिन्होने अपनी कक्षा में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया उन्हें पुरस्त किया गया। मौके पर प्राचार्य विजयंत कुमार ने भगवान गौतम बुद्ध के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने और उनके आदर्शों का पालन करने की बात कही। साथ ही उन्होंने कहा कि हार से कभी निराश नहीं होना चाहिए बल्कि जीत के लिए हमें निरंतर प्रयास करते रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमेशा आपके विश्वास को बढ़ाते हुए हर परिस्थिति में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए विद्यालय प्रबंधन साथ रहेगी। साथ हर क्षेत्र में अव्वल बनाने के लिए विद्यालय हर सार्थक कदम उठाती रहेगी। श्री कुमार ने कहा कि हमारा विद्यालय बच्चों को बेहतर शिक्षा के साथ-साथ अच्छे संस्कार भी देता है। पुरस्कार वितरण का कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के परीक्षा विभाग के नियंत्रक जयकिशोर महतो और सिद्धार्थ कुमार का विशेष योगदान रहा। मौके पर केजी की प्राचार्य अंजू पटेल, धर्मेश सोनी, सूरज देव सिंह, ब्रिजेट एक्का, बबीता सिंह, वर्षा टेटे, सपना, सरिता, कंचन दास सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# खुले में शौच न जायें, वरना होगी कार्रवाई

खबर मन्त्र संवाददाता




### दारू पंचायत ओडीएफ घोषित होने के बावजूद भी लोग खुले में शौच जाने को हैं मजबूर

**दारू।** स्वच्छ भारत मिशन के तहत पूरे देश खुले में शौच जाने से रोकने के लिए सरकार के द्वारा शौचालय बनाने के लिए प्रोत्साहन राशि दी गई । दारु प्रखंड के दारु पंचायत के बक्शीडीह हेटटोला में हरिजन समाज के लोग अभी भी खुले में शौच जाने को है मजबूर । जिसको लेकर दारू पंचायत के मुखिया सुनील कुमार की अगुवाई में ग्रामीणों के साथ एक बैठक किया गया । और निर्देश दिया गया कि खुले में शौच ना जाये वरना खुले में शौच जाने वाले लोगो पर कार्यवाही हो सकती है । हरिजन समाज के ग्रामीणों के घरों में शौचालय नही होने के कारण छठ तालाब के आस पास खुले में शौच जाते है जिसके कारण पूरे क्षेत्र में गंदगी फैली रहती है । जिसकी शिकायत ग्रामीणों के द्वारा डी डी सी कार्यालय में किया गया । जिसके बाद पेय जल ग्रामीण कनीय अभियंता अरुण कुमार के नेतृत्व में एक टीम गठित कर जाँच के लिए भेजा गया । मुखिया के अगुवाई मे एवम ग्रामीणों की उपस्थिति में ग्राम सभा का आयोजन किया गया जिसमें शौचालय विहीन लाभुकों को चिन्हित किया गया साथ ही भूमिहीन परिवार को भी चिन्हित किया गया और ऐसे परिवारों को चिन्हित करके उनकी सूची उपलब्ध बनाई गई। जिला समन्वयक विश्वानाथ सोनी ने ग्रामीणों को बताया कि खुले में शौच जाने से कई तरह की बीमारियों होती है । शौच में बैठने वाले मक्खियां आपके खाने को दूषित करती है और आप बीमारी से ग्रषित हो जाते है और आपको बीमार होने का कारण पता नही चल पाता है । खास कर छोटे छोटे बच्चे बीमारी से ग्रषित होते है।ग्रामीणों ने कहा कि भूमिहीन परिवारों के साथ जमीन की समस्या है जिसका निजात दिलाना आवश्यक है।अगर सार्वजनिक शौचालय बनाया जाए तो इस समस्या का हल किया जा सकता है।मौके पर सहायक अभियंता निखिल कुमार,कनीय अभियंता अरुण सिंह, अनुपम सिंह,जिला समन्वयक विश्वनाथ सोनी, प्रशांत कुमार, प्रखंड समंवयक रूमी कुमारी ,उपमुखिया दशरथ कुमार ,वार्ड सदस्य आरती सिन्हा, उपेंद्र पासवान, नितेश सिन्हा, सुरेंद्र पासवान, पप्पू पासवान, वंशी पासवान, अनिल राम, सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

# अपराधियों के गिरफ्तारी के लिए एसआइटी गठित

खबर मन्त्र संवाददाता

### लूटपाट में शामिल अपराधी शीघ्र पकड़े जायेंगे : एसपी रामगढ़ पुलिस चला रही है जोरदार अभियान

**रामगढ़।** शहर में पिछले 4 सप्ताह के दौरान सशस्त्र अपराधियों द्वारा दिनदहाड़े लूटकांड की दो बड़ी घटनाओं को अंजाम दिया गया है। जिससे व्यवसायियों में भय का माहौल है। व्यवसायी जिला पुलिस प्रशासन से लगातार सुरक्षा की मांग कर रहे हैं।

इसी को ध्यान में रखकर एसपी पीयूष पांडे द्वारा एसआईटी का गठन किया गया। जो लूट की घटना में शामिल अपराधियों की खोजबीन के लिए लगातार छापेमारी अभियान चला रही है। लूटपाट की घटना के संबंध में एसपी पीयूष पांडे ने कहा कि इसके उद्‌भेदन के लिए एसआईटी का गठन किया गया है। जो घटना में शामिल अपराधियों की धर पकड़ के लिए लगातार छापेमारी अभियान चला रही है। एसपी ने बताया की लूटपाट की घटना में शामिल अपराधी शीघ्र पकड़े जायेंगे।

**पुलिस को अपराधियों का मिला लोकेशनः** इधर, विश्वसनीय सूत्रों का कहना है कि 11 अप्रैल को एलआईसी कार्यालय के समक्ष लूटपाट में शामिल अपराधियों के संबंध में पुलिस टीम को बहुत सारी जानकारी मिल चुकी है। बताया की पुलिस टीम संभवतः जल्द ही एलआईसी ऑफिस के निकट लूटपाट में शामिल अपराधियों तक पहुंच जाएगी।

इधर, 8 मई को कोहिनूर वडेरा ज्वेलर्स में हुई लूटपाट की घटना को लेकर सूत्र कह रहे हैं की इसमें शामिल अपराधियों का भी पुलिस को लोकेशन मिल चुका है। बताया जा रहा है की एसपी पीयूष पांडे, एसडीपीओ किशोर कुमार रजक और थाना प्रभारी रोहित महतो द्वारा अभियान की लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है।

**दोनों लूटकांड में दूसरे राज्य के अपराधी शामिल :** सूत्रों का कहना है की 11 अप्रैल को एलआईसी कार्यालय के निकट हुई लूटपाट की घटना और 8 मई को कोहिनूर वडेरा ज्वेलर्स में हुई लूटपाट की घटना में शामिल अपराधियों का लोकेशन बिहार मिल रहा है। सूत्रों ने बताया की पुलिस दोनो लूटपाट की घटना में शामिल अपराधियों तक शीघ्र पहुंच सकती है। हालांकि घटना की असलियत का पता तभी चलेगा जब पुलिस द्वारा इसका खुलासा किया जाएगा।

### जेवर दुकान के मालिक ने दर्ज कराई प्राथमिकी

रामगढ़ ।कोहिनूर ज्वेलर्स दुकान में डकैती की घटना के मामले में दुकान मालिक हार्दिक वडेरा ने प्राथमिकी दर्ज कराई है। उन्होंने बताया है कि उनके प्रतिष्ठान में आठ लाख की संपत्ति की लूट अपराधियों ने की है। उन्होंने पुलिस को लिख कर दिया है कि होटल शिवम इन के परिसर में उनके जेवर दुकान में चार अपराधियों ने लूटपाट की। इनमें से दो लोगों ने हेलमेट पहना हुआ था और दो लोग मास्क लगाकर अंदर घुसे थे। उन लोगों ने दुकान के स्टाफ आकाश सिंह को अपने कब्जे में लेकर लूटपाट की। गन पॉइंट पर अशोक सिंह को काबू में कर जेवरात लूटने में सफल रहे। हार्दिक बडेरा ने पुलिस को यह भी बताया है कि अपराधी आठ लाख के जेवर के साथ-साथ एक टेबलेट भी लूट ले गए हैं। उनका स्टाफ अपराधियों को देखकर उनकी शिनाख्त भी कर सकता है।

### कभी हार नहीं मानने वाले महान योद्धा थे महाराणा प्रताप : तिवारी

**रामगढ़।** आजसू के मांडू विधान सभा प्रभारी तिवारी महतो ने कहा दुश्मन से कभी हार नहीं मानने वाले महान योद्धा थे महाराणा प्रताप। उनका रण कौशल लाजबाब था। जिसके कारण अकबर की बड़ी सेना भी उन्हें पकड़ने में कभी कामयाब नहीं हुई। यह बातें बतौर मुख्य अतिथि तिवारी महतो मंगलवार को गिद्दी सामुदायिक भवन में राजपूताना परिवार के आयोजित महाराणा प्रताप जयंती समारोह में कही। तिवारी महतो समारोह को संबोधित करते हुए गिद्दी चौक में महाराणा प्रताप की प्रतिमा स्थापित करवाने की भी घोषणा की। बतौर विशिष्ट अतिथि क्षत्रिय महासभा की प्रदेश अध्यक्ष पूनम सिंह, विनय सिंह, विजय सिंह, प्रवीण सिंह, मनोकामना सिंह, कविता सिंह, हीरालाल गंझू, गुंजन साहू, अरुण सिंह, विकास सिंह ने भी संबोधन में महाराणा प्रताप के शौर्य, त्याग और बलिदान को मिसाल बताया। समारोह की अध्यक्षता गिद्दी जोन के अध्यक्ष उदय सिंह, संचालन मधुसूदन सिंह और धर्मेंद्र सिंह ने की। इस अवसर पर विकास सिंह, राजबल्लभ सिंह, कीर्तन सिंह, उपेंद्र सिंह, हरवंस सिंह, बिंदेश्वरी सिंह, रविंद्र सिंह,मनीषा सिंह, किरण सिंह, मुन्नी सिंह, पुष्पा सिंह उपस्थित थे।

## दो मंदिरों की दानपेटी सहित तीन जगहों पर हुई चोरी

खबर मन्त्र संवाददाता



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा कोयलांचल में इन दिनों चोरी की घटना में काफी इजाफा हुआ है। घर व दुकान के अलावा मंदिरों के दानपेट्टी से चोरी की घटना ने लोगों को काफी दुखी किया है। इसी कड़ी में मंगलवार की अहले सुबह तीन बजे बुधबाजार में चोरी करते रंगे हाथ एक चोर पकड़ा गया है। सूचना के बाद भुरकुंडा पुलिस बुध बाजार पहुंची। जहां से चोर को अपने साथ भुरकुंडा ओपी ले आई। चोर ने फरार हुए अपने साथियों का नाम भी पुलिस को बताया है। इधर रिवर साइड के दो मंदिरों में भी दानपेटी तोड़कर चोरी करने का मामला प्रकाश में आया है। चोरो ने बुध बाजार स्थित श्री चित्रगुप्त मंदिर एवं झारखंड चौक स्थित श्री हनुमान मंदिर की दानपेटी तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया है। पुलिस पकड़े गये चोर से उनके साथियों सहित अन्य मामलो के बावत कड़ाई से पूछताछ कर रही है। उम्मीद जताई जा रही है कि जल्द ही मंदिर के दानपेटी से चोरी करने वाले चोर भी पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

## पुलिस की लापरवाही का फायदा उठा रहे अपराधी : दिलीप दांगी



**रामगढ़ ।** आजसू जिलाध्यक्ष दिलीप दांगी ने कहा कि जिले में पुलिस प्रशासन की लापरवाही का फायदा अपराधी और डकैत उठा रहे हैं। मंगलवार को पार्टी कार्यालय में जिलाध्यक्ष दिलीप दांगी ने जिला पुलिस प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि जिले में व्यवसाई खुद को काफी असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। शहर में दिनदहाड़े ज्वेलर्स दुकान में अपराधियों के द्वारा लूटपाट की गई। इस घटना की कड़ी निंदा पार्टी करती है। दिलीप दांगी ने कहा कि सीएम के आवभगत में जिला प्रशासन मुस्तैद थी और रामगढ़ थाना से महज कुछ दूर कोहिनूर ज्वेलर्स में डकैतों के द्वारा घटना को दिनदहाड़े अंजाम दिया गया। प्रशासन ईट भट्ठा के मालिकों से बालू और चिप्स लदे ट्रैक्टर से केवल पैसा वसूलने में लगी हुई है। हेलमेट चेकिंग के नाम पर लगातार आम जनता को परेशान करते हुए पैसा वसूली कर जेब गर्म करने का काम किया जा रहा है। जेएमएम और कांग्रेस की सरकार में अपराधियों का मनोबल इस कदर बढ़ चुका है कि दिनदहाड़े अब रामगढ़ में डकैती की घटना और व्यापारियों पर गोलीबारी की घटना बढ़ती जा रही हैं। विगत कुछ महीनों में लगातार छह घटनाओं को अपराधियों ने अंजाम दिया है। पुलिस प्रशासन को जनता के सुख-दुख से कोई लेना-देना नहीं है। जिला प्रशासन हाल में हुए सभी अपराधी घटना का जल्द खुलासा करें और दोषियों को जल्द सलाखों के पीछे भेजें। आजसू पार्टी चेंबर ऑफ कॉमर्स के द्वारा घोषित आंदोलन की चेतावनी का समर्थन करती है।

# राधाकृष्णन कॉलेज में व्याख्यान का उद्‌घाटन

खबर मन्त्र संवाददाता



### नई शिक्षा नीति के तहत व्यावसायिक शिक्षा का उन्मुखीकरण व्याख्यान

**रजरप्पा।** डॉ. एस. राधाकृष्णन शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय सुकरीगढ़ा, लारी के बहुउद्देशीय सभागार में मंगलवार को सात दिवसीय 09 से 15 मई तक व्याख्यान श्रृंखला का उदघाटन किया गया। सर्वप्रथम डॉ. एस. राधाकृष्णन के चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन महाविद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव संजय कुमार प्रभाकर, अथिति शिक्षक डॉ. जीआर बौरिया (प्राचार्य महर्षि परमहंस कॉलेज ऑफ एजुकेशन, कोठार, रामगढ़) डॉ. सुनील कुमार चतुर्वेदी (प्राचार्य दौलत महतो शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, बनासो, विष्णुगढ़) तथा महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुनीता गुप्ता के द्वारा किया गया। उद्घाटन सत्र का विषय नई शिक्षा नीति 2020 के तहत विद्यालयी शिक्षा में व्यावसायिक शिक्षा का उन्मुखीकरण जिसका व्याख्यान डॉ. सुनील कुमार चतुर्वेदी के द्वारा किया गया तथा नई शिक्षा नीति 2020 में अध्यापक शिक्षा का प्रारूप एवं भविष्य जिसका व्याख्यान डॉ. जीआर चौरिया के द्वारा किया गया। दोनों शिक्षकों ने विस्तार रूप से नई शिक्षा नीति पर चर्चा की। साथ ही व्याख्यान के अंत में प्रशिक्षुओं में पप्पु कुमार महतो, आनंद कुमार गुप्ता, अशोक कुमार करमाली, नीधि कुमारी, मुस्कान प्रवीण इत्यादि के द्वारा विभिन्न प्रश्नों को रखा गया प्रश्नोतरी का समाधान दोनों ही शिक्षकों के द्वारा किया गया। इस व्याख्यान श्रृंखला का संचालन एवं देखरेख महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक नयन कुमार मिश्रा के द्वारा किया गया।

इस मौके पर बीएड के सहायक प्राध्यापक रंजु वंदना होरो, सुश्री संजु रंजना होरो, मो. परवेज अख्तर तथा डीएलएड के व्याख्याता सीमा कुमारी, सुप्रिया बर्मन, बाबुचंद प्रसाद, राजेश महतो तथा बीएड एवं डीएलएड के सभी प्रशिक्षु उपस्थित थे।

## एक नजर में

### श्रीदास इंटरनेशनल स्कूल में मनी टैगोर जयंती



**बरही।** देवचन्दा मोड़ स्थित श्रीदास इंटरनेशनल स्कूल के शिक्षकों के निर्देशन में विद्यार्थियों ने रवींद्र नाथ टैगोर की जयंती मनाई। रवींद्रनाथ टैगोर की जयंती के अवसर पर प्राचार्य सहित सभी शिक्षक एवं विद्यार्थियों द्वारा उन्हें श्रद्धापूर्ण माल्यार्पण किया गया।जयंती कार्यक्रम के अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।जिसमें कविता गायन, भाषण एवं पेंटिंग के अलावे कई अन्य कार्यक्रम शामिल थे। प्राचार्य रोहित सिंह ने टैगोर जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर संबिधित करते हुए बताया कि रवींद्रनाथ टैगोर बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। उन्होंने साहित्य के कई क्षेत्रों में अपनी पहचान बनाई। वह केवल संगीतकार, नाटककार, निबंधकार ही नहीं बल्कि साहित्य की कई विद्याओं में निपुण थे। प्रतियोगिता में सानिया, उपासना, तमन्ना ,आरसी, दीपा, सृष्टि, पलक, शिवरानी, विद्यारानी, शीतल, शीतल कुमारी, प्रियांशु, सुनैना, प्रिया, संजना, वंदना, माही, मानसी, दानिश, वर्षा, विशाल, प्रणव, पवन, पृथ्वी, तनिष्क, सतीश, सुधांशु, काजल, ऋषि, प्रसून, लकी, आशीष आदि ने भाग लिया।

### टीपीसी कमांडर मनमोहन गिरफ्तार

**केरेडारी ।** केरेडारी पुलिस ने विगत आठ वर्षों से फरार चल रहे टीएसपीसी नकसली संगठन के एरिया कमांडर को गिरफतार कर जेल भेज दिया है! गिरफतार नक्सली मनमोहन पुलिस को लंबे समय से वांछित था। थाना प्रभारी एन जी केरकेट्टा ने बताया कि केरेडारी थाना कांड संख्या- 94/16 दिनांक- 10.12.16 धारा-147/ 148/ 149/341/ 307/ 385/387 भादवि 27 आर्म्स एक्ट एवं 17 एक्ट के प्राथमिकी अभियुक्त पूर्व एरिया कमांडर मनमोहन जी उर्फ सकेन्द्र गंझू उर्फ पुरुषोत्तम पिता स्व० जीतन गंझू सा० गिड़ी, थाना- पिपराटांड़, जिला- पलामू को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया उल्लेखनीय है कि गिरफतार नक्सली के विरुद्ध कुल 10 अन्य उग्रवादी कांड दर्ज है! ये पूर्व में सिमरिया- केरेडारी एरिया का टी पी सी नक्सली संगठन का एरिया कमांडर रहा है, जो पिछले 08 सालों से फरार था।

### दारू : पेटो की युवक की संदेहास्पद मौत

**दारू।** दारू थाना क्षेत्र निवासी तरुण कुशवाहा पिता दिनेश्वर महतो (उम्र 40 वर्ष) की चरही में एनएच सड़क के किनारे खड़ी गाड़ी में ड्राइविंग सीट पर बैठे बैठे मौत हो गई।मृतक अपने तीन भाइयों के साथ कुज्जु मे रहता था । वह किसी दवा कंपनी के डीलर की गाड़ी चलाने के साथ साथ दवा डिलीवरी का काम करता था। सोमवार की दोपहर वह अपनी सफेद रंग की इंडिगो गाड़ी में चालक की सीट पर बैठा था काफी देर तक गाड़ी खड़ी रहने पर आसपास के लोगों ने चरही थाना को फोन कर इसकी जानकारी दी जहां वह पुलिस को गाड़ी में मृत पाया गया। परिजनों को जानकारी होने और मौत की संदेहास्पद परिस्थिति को देखते हुए परिजनों ने उसकी हत्या की आशंका जताई है। मृतक ने चरही में एक आदिवासी युवती के साथ प्रेम विवाह किया था जिनसे उसके दो लड़के है। तरुण की मौत की खबर मिलते ही उसके घर मे मातम छा गया परिजनों का रो रो कर बहुत बुरा हाल था। मंगलवार को उसके शव का पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को सौप दिया गया जहां पेटो शमशान घाट में उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया। तरुण की मौत कैसे हुई यह तो पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल पाएगा। परिजनों द्वारा हत्या की आशंका जताए जाने के बाद इस मामले की सही तरीके से जांच किये जाने की जरूरत है तभी सच सामने आ पायेगा।

### सरस्वी शिशु विद्या मंदिर में दंत जांच शिविर



**हजारीबाग।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर ,कुम्हार टोली, हजारीबाग में हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंस, डेमोटांड़ द्वारा दंत जांच शिविर का आयोजन हुआ 'दंत जांच शिविर में विद्यालय में पढ़ने वाले कक्षा तृतीय से लेकर अष्टम कक्षा में पढ़ने वाले भैया- बहन के दांतों की जांच की गई ल गौरतलब है कि मौके पर डेंटल कॉलेज, हजारीबाग के चिकित्सक डॉ स्वाति सिंह, डॉक्टर सीमा कमर, डॉक्टर करिश्मा गौतम एवं उनके सहयोगियों अभिषेक जी एवं राजकुमार के साथ पूरी टीम के सहयोग से यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। दंत जांच शिविर में भैया- बहन के दांतो की जांच की गई एवं चिकित्सीय परामर्श भी दी गई ल मौके पर विद्यालय प्रबंध कारिणी समिति के सचिव संजय उपाध्याय भी उपस्थित थे ।

### चालक की संदिग्ध मौत, इंडिगो कार जब्त

**चरही।** चरही थाना क्षेत्र के चरही-घाटो जाने वाली थाना के समीप (लगभग 50 मीटर की दूरी ) किनारे पर खड़ी इंडिगो कार के अंदर सोमवार शाम को चालक की मौत हो गई थी ।कार चालक तरुण कुमार कुशवाहा वर्तमान निवासी रामगढ़ जिला के कुजू थाना क्षेत्र डटमा मोड़ का है ।मृतक के पैतृक घर दारू थाना के पेटो है ।किराए का कार चलाकर अपने तथा परिजनों का भरण-पोषण करता था ।यह व्यक्ति 10 वर्ष पूर्व चरही थाना क्षेत्र के करमाबेड़ा में आदिवासी महिला मनीषा सोरेन पिता स्व.गोमीलाल मांझी के साथ अंतरजातीय विवाह किया था ।इसके दो पुत्र आर्यन (8 वर्ष ) और गोलू ( 5 वर्ष ) के हैं ।दोनों पति/पत्नी में प्रतिदिन लड़ाई-झगड़ा होते रहता था ।पति शराब के आदी हो गया था ।बीते रविवार को पत्नी के साथ मारपीट करने बात सामने आ रही है ।वहीं महिला के परिजन बताते हैं कि तरूण को उसी दिन भाइयों ने जमकर पिटाई किया था ।मृतक व्यक्ति ने सोमवार को दवा सप्लाई करने को लेकर अंजनी मेडिकल रामगढ़ से कार में दवा को लोड़कर कोडरमा के लिए चला था ।लेकिन गंतव्य स्थान की ओर नहीं जाकर घाटो जाने वाली सड़क में घुस गया ।थाना के कुछ ही दूरी पर कार को किनारे खड़ी कर दिया ।कार सभी शीशे लोक थे ।काफी समय बीतने के बाद ग्रामीणों को शक होने लगा ।कार को बाहर से झांककर देखा तो अंदर एक व्यक्ति औंधे मुंह पड़ा हुआ है ।इसकी सूचना चरही थाना को दिया गया ।मौके पर पुलिस पहुंचकर कार गेट को खोलकर तो चालक मरा पड़ा है ।मृतक के परिजनों पता लगाने के काफी प्रयास करने के बाद पता चला ।पुलिस ने परिजनों को सूचित किया ।मृतक के भाई अपने सगे संबंधियों के साथ घटना स्थल पर पहुंचे ।अपने भाई तरुण के रूप में पहचान किया ।पुलिस निरीक्षक महेंद्र प्रसाद सिंह और थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार के प्रयास से शव को सीसी एल के एंबुलेंस से सरकारी प्रक्रिया पुरी कर पोस्टमार्टम के लिये हजारीबाग अस्पताल भेजा गया ।तथा इंडिगो कार जब्त कर लिया गया ।पुलिस का मानना है कि चालक की मौत संधिग्ध नजर आ रहा है ।पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है ।तभी आगे की कार्रवाई शुरू किया जाएगा।

### नगर निगम की समीक्षात्मक बैठक संपन्न

**हजारीबाग।** नगर आयुक्त ने नगर निगम हजारीबाग के सभी कोषांगों के साथ बैठक सम्पन्न हुई। नक्शा विभाग को शहर में बन रहे अवैध निर्माण की जांच करने तथा उस पर कार्यवाही करने का आदेश दिया गया। नगर आयुक्त ने वार्डवार होलडिंग टैक्स तथा ट्रेड लाइसेंस की जांच करने हेतु टीम गठित करने का आदेश दिया ।जन्म मृत्यु शाखा को ससमय आवेदनों का निष्पादन करने को कहा गया ,इस हेतु विस्तृत रिकॉर्ड लिखने का आदेश दिया गया, ताकि आवेदक को परेशानी उठानी न पड़े। पी जी एम एस तथा अन्य पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों को त्वरित निस्पादन करने का आदेश दिया गया। नगर आयुक्त ने शहर की सफाई व्यवस्था को सुदृरह करने के लिए आवश्यकतानुसार अतिरिक्त पर्यवेक्षक नियुक्त करने का निदेश श्री राजीव रंजन ,नोडल पदाधिकारी को दिया ।नगर आयुक्त ने गत माह के लिये उत्कृष्ट कार्य करने पर तीन सफाई मित्रों को पुरस्कृत किया जिसमे 1000 रुपए प्रोत्साहन राशी तथा एक बैग दिया गया ।ये सफाई मित्र है चंदन कुमार,संजय ठाकुर तथा आजाद अहमद।

# रातू रोड में भारी जाम का कारण बन रही हैं 'बे-परमिट' सिटी बसें

## राजभवन से पुलिस के संरक्षण में बेड़ो के लिए खुलती हैं सिटी बसें

**सुधीर**

**रांची।** रातू रोड इन दिनों श्याम से लोगों को रोज दो चार होना पड़ रहा है। बिना परमिट चलने वाली सिटी बसों के कारण घंटो जाम लगा रहता है और लोग परेशान रहते हैं। स्कूली बच्चे भी चिलचिलाती धूप में बसों के भीतर बैठे रहते हैं परंतु इसकी चिंता न जिला प्रशासन को है और न ही जिला पुलिस को। एसी रूम में बैठकर अधिकारी बस संचालकों को परमिट दे देते हैं। परमिट देते समय वह इस बात का ख्याल भी नहीं रखते हैं की एक साथ इतनी बसें कहां से चलेंगी?

मालूम हो कि सिर्फ राजभवन और रातू रोड चौराहे से बेड़ो मांडर आदि की 40 से अधिक निजी सिटी व से खुलती हैं। इसके अलावा नगर निगम की सिटी बसों की तो कोई गिनती ही नहीं है। ट्रैफिक डीएसपी की मानें तो निजी सिटी बसों को रातू रोड से परमिट दिया गया है। परंतु आरटीए सेक्रेटरी की मानें तो किसी भी बस को रातू रोड से परमिट नहीं दिया गया है। ऐसे में कौन झूठ बोल रहा है और कौन सा यह तो जांच का विषय है।



### पुलिस के संरक्षण में चलती है बसें

यहां से चलने वाली सभी बसें पुलिस के संरक्षण में चलती है। बस संचालक कहते हैं कि उनके पास रातू रोड से चलने का परमिट है। बावजूद उसके उन्हें हर एक ट्रिप पर पुलिस को 50 रुपये देने होते हैं। हालांकि वह मानते हैं कि रातू रोड में बन रहे फ्लाईओवर के कारण इन दिनों जाम लगता है। जाम में उन्हें भी परेशानी होती है। परंतु प्रशासन अगर उन्हें आईटीआई बस स्टैंड में बस खड़ी करने की जगह दिला दें तो वह वहां से सिटी बसों को चलाएंगे।

> मेरी जानकारी में किसी भी सिटी राईड बस को रातू रोड से परमिट नहीं दिया गया है। यहां से सभी बसें बिना परमिट चलती हैं। वैसे इस मुद्दे को लेकर बुधवार को ट्रैफिक डीएसपी से बात होगी। अगर रातू रोड से परमिट दिया गया होगा तो रद्द किया जायेगा।
>
> **शिव नारायण राम, आरटीए सेक्रेटरी, दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल, रांची।**

> बस संचालकों द्वारा दिये गये परमिट की जांच आरटीए कार्यालय से करायी गयी थी, जिसमें सभी परमिट सही पाये गये थे। ऐसे में आरटीए सेक्रेटरी रातू रोड से सिटी बसों को दिये गये परमिट को रद्द करें और आईटीआई में खड़ी करने का निर्देश दें। एक मिनट में बसें रातू रोड से हटा दी जायेंगी : **कपिंद्र उरांव, ट्रैफिक डीएसपी-2, रांची**

# अब ऑनलाइन निगरानी में भेजा जायेगा वारंट व समन

## सॉफ्टवेयर बना

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड पुलिस मुख्यालय के सहयोग से रांची में ऑनलाइन मॉनिटरिंग सिस्टम बनाया जा रहा है। जिसके तहत वारंट और समन की ऑनलाइन निगरानी होगी। इसकी मॉनिटरिंग के लिए सिस्टम और सॉफ्टवेयर भी तैयार किया गया है। राजधानी में अब वारंट और समन की ऑनलाइन मॉनिटरिंग की जा सकेगी। इसके जरिए संबंधित थानों को वारंट और समन कब भेजे गए हैं, उनका तामिला कब हुआ, इसकी निगरानी सीनियर अफसर भी कर सकेंगे। ऑनलाइन मॉनिटरिंग सिस्टम की वजह से वारंट और समन का तमिला जल्द होगा और समय पर लोग कोर्ट में उपस्थित हो सकेंगे।

**सॉफ्टवेयर बनाया गया, कार्यालय भी खुला :** रांची सिटी एसपी शुभांसु जैन ने बताया कि वारंट और समन लोगों तक तय समय पर पहुंचे इसके लिए एक बड़ा प्रयास झारखंड पुलिस मुख्यालय के सहयोग से राजधानी में शुरू किया जा रहा है। कोर्ट में एक पुलिस कार्यालय खोल दिया गया है, कार्यालय में वैसे पुलिसकर्मियों को पदस्थापित किया जा रहा है जो कंप्यूटर में दक्ष हैं।

**मैनुअल होता था काम :** अब तक कोर्ट से वारंट जारी होने के बाद वह एसएसपी ऑफिस तक आता था, जिसके बाद या तो एसएसपी ऑफिस का पुलिसकर्मी उसे थानों तक पहुंचाता था या फिर संबंधित थाना का पुलिस कर्मी उसे आकर एसएसपी ऑफिस रिसीव करता और फिर उसका तामिला करवाता था। तामिला करवाने के बाद फिर एक बार एसएसपी ऑफिस में वारंट को जमा करना होता था। लेकिन ऑनलाइन सिस्टम के शुरू होने के बाद पुलिस के मैन पावर में भी बचत होगी।

## सभी विद्यार्थियों ने सकुशल वापसी के लिए सीएम का जताया आभार

# सीएम की पहल पर मणिपुर में फंसे 21 विद्यार्थी सकुशल अपने घर लौटे

### श्रम विभाग के राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष और आपदा प्रबंधन के प्रयासों से मणिपुर हिंसा में फंसे विद्यार्थियों को सकुशल झारखंड लाया

**खबर मन्त्र डेस्क**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की संवेदनशीलता, व्यक्तिगत प्रयास और त्वरित पहल से मणिपुर के हिंसा ग्रस्त क्षेत्र में फंसे झारखंड के 21 छात्र-छात्राओं की मंगलवार को सकुशल वापसी हुई। इन सभी विद्यार्थियों को इंफाल से पटना के लिए एअरलिफ्ट किया गया और फिर पटना से 18 छात्र-छात्राओं को बस से रांची लाया गया, जबकि तीन विद्यार्थी पटना से ही अन्य जिलों में स्थित अपने घर के लिए रवाना हो गए। इन सभी विद्यार्थियों ने मणिपुर में जारी हिंसा के बीच सकुशल झारखंड वापसी के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया है।



**श्रम विभाग को 34 विद्यार्थियों की मिली थी सूची :** ज्ञात हो कि श्रम विभाग के राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष को झारखंड के वैसे 34 छात्र-छात्राओं की सूची प्राप्त हुई थी, जो मणिपुर हिंसा में फंसे हुए थे। इनमें इनमें से 22 विद्यार्थी झारखंड स्थित अपने घर वापस आना चाहते थे। मणिपुर में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, राष्ट्रीय खेल विश्वविद्यालय, आईआईटी मणिपुर और अन्य विश्वविद्यालयों में पढ़ रहे रांची, पश्चिमी सिंहभूम, पूर्वी सिंहभूम, बोकारो और धनबाद के 21 विद्यार्थियों को वापस लाने के लिए राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष ने पहल शुरू की। इसके बाद राज्य सरकार के श्रम विभाग और आपदा प्रबंधन विभाग के सहयोग से इनका हवाई टिकट कंफर्म किया गया। जहां से उन्हें पटना लाया गया। रांची जिला प्रशासन के द्वारा विद्यार्थियों को रिसीव करने के लिए एक अधिकारी को पटना भेजा गया। वहां से ये अधिकारी 18 विद्यार्थियों को बस से लेकर रांची आए।

## राज्यपाल ने राज्य सरकार से मांगी रिपोर्ट

# राज्यपाल ने मंत्री बन्ना पर लगे आरोपों की जांच का दिया निर्देश

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के वायरल वीडियो मामले में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने झारखंड सरकार को स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता पर लगे आरोपों की जांच कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। साथ ही इससे संबंधित रिपोर्ट राजभवन को भी भेजने के लिए कहा है। इस बाबत राजभवन द्वारा राज्य सरकार को पत्र भेजा गया है। राज्यपाल ने विधायक सरयू राय द्वारा मंत्री बन्ना गुप्ता पर लगाये गये आरोपों के आधार पर ही राज्य सरकार को जांच कराने के लिए कहा है।

बताते चलें कि विधायक सरयू राय ने दो मई 2023 को राजभवन में राज्यपाल श्री राधाकृष्णन से मिल कर मंत्री बन्ना गुप्ता पर आरोप लगाया कि वे अपने पास प्रतिबंधित पिस्तौल रखते हैं। इसके अलावा श्री राय ने राज्यपाल को एक महिला के साथ वायरल अश्लील वीडियो चैटिंग करने की भी जानकारी दी। उन्होंने यह भी कहा कि पुलिस के पास पर्याप्त प्रमाण रहने के बावजूद उन पर कार्रवाई नहीं हो रही है।

सरयू राय ने राज्यपाल से आर्म्स एक्ट की धारा-25 के तहत कहा कि यदि पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई की, तो मंत्री को कम से कम सात साल की सजा हो सकती है लेकिन राज्य सरकार कांग्रेस पार्टी के दबाव में मंत्री के गलत कार्यों को संरक्षण दे रही है। श्री राय ने राज्यपाल को बताया कि मंत्री द्वारा अवैध हथियार रखने के बारे में 28 अप्रैल 2023 को ही पूर्वी सिंहभूम के उपायुक्त को सूचना दी थी। मंत्री के पास न केवल प्रतिबंधित हथियार हैं, बल्कि वे इसका प्रदर्शन भी सार्वजनिक स्थानों पर कर रहे हैं।

# बिना फायर एनओसी के चालू हुआ सदर हॉस्पिटल, अब विभाग ने निकाला टेंडर




**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राजधानी के दूसरे सबसे बड़े सरकारी हॉस्पिटल सदर हॉस्पिटल सुपर स्पेशियलिटी को हाई कोर्ट के दवाब में चालू कर दिया गया। वहीं नए ब्लॉक में विभागों को शिफ्ट भी कर दिया गया है। अब वहां पर नवजात से लेकर बुजुर्गों का इलाज चल रहा है। लेकिन इतने बड़े हॉस्पिटल के लिए फायर एनओसी नहीं लिया गया। इससे साफ है कि इलाज करा रहे मरीजों की सुरक्षा भगवान भरोसे है। पूरा हॉस्पिटल ब्लॉक चालू होने के बाद अब विभाग ने फायर सेफ्टी वर्क को पूरा करने के लिए टेंडर निकाला है। फायर फायइटिंग की पूरी तैयारी के बाद स्टेट फायर डिपार्टमेंट एनओसी जारी करेगा।

### 500 बेड का है सुपरस्पेशियलिटी


हॉस्पिटल में 500 से अधिक बेड लगाए गए हैं। इसमें पेडियाट्रिक वार्ड से लेकर महिला वार्ड, आइसीयू, एचडीयू और डे केयर सेंटर हैं। सभी को मिलाकर हर दिन एक हजार मरीज हॉस्पिटल में इलाज के लिए आते है। अब इतने लोगों के अलावा बिल्डिंग की सुरक्षा फायर फाइटिंग सिलेंडर के भरोसे है।

### हाईकोर्ट में चल रहा कंटेंप्ट ऑफ कोर्ट

हॉस्पिटल के चालू करने को लेकर अपर बाजार के समाजसेवी ने पीआईएल किया था। हाईकोर्ट की फटकार के बाद अगस्त 2017 में 200 बेड के साथ हॉस्पिटल की शुरूआत की गई। इसके बाद हॉस्पिटल में एक-एक कर सुविधाएं एक साल के अंदर देनी थी। लेकिन 2018 में डेडलाइन खत्म हो गई। इसके बाद कंटेंप्ट ऑफ कोर्ट का मामला चल रहा है। पूरे हॉस्पिटल को हैंडओवर लेने में दर्जनों डेडलाइन फेल हो गई। जब हाईकोर्ट सख्त हुआ तो आनन-फानन में पूरा ब्लॉक हैंडओवर ले लिया। मामला आज भी हाईकोर्ट में है। इस मामले में डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम मैनेजर समरेश ने बताया कि हॉस्पिटल के नए भवन में फायर फाइटिंग के इंतजाम तो है। लेकिन कई काम अधूरे रह गए थे। इसे लेकर स्टेट फायर डिपार्टमेंट ने आब्जेक्शन किया है। अब इस काम को पूरा कराने के लिए सभी जिलों के हॉस्पिटलों को निर्देश दिया गया है, ताकि हॉस्पिटल को फायर एनओसी मिल सके।

# एमवीआर रेड्डी ने एनटीपीसी के क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक का पदभार संभाला

### झारखंड में स्थित पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना और उत्तरी कर्णपुरा दोनों परियोजनाओं के परियोजना प्रमुख भी रहे



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** एमवीआर रेड्डी एनटीपीसी में कोयला खनन के नये क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक बनाये गये हैं। उन्होंने पूर्व क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक पार्थ मजुमदार का स्थान लिया। एमवीआर रेड्डी ने मंगलवार को एनटीपीसी कोयला खनन मुख्यालय, रांची में पदभार ग्रहण किया। वे एनटीपीसी के कोयला खनन प्रभाग के प्रमुख होंगे। सभी कोयला खनन परियोजनाओं की देखभाल करेंगे, जो झारखंड, ओड़िशा और छत्तीसगढ़ राज्यों में स्थित है। रेड्डी लगभग 38 वर्षों के अपने करियर में विभिन्न विद्युत परियोजनाओं और स्टेशनों और सुरक्षा में संचालन और रखरखाव, संचालन प्रणाली, ईंधन प्रबंधन, परियोजना प्रबंधन, परियोजना निर्माण, परियोजना निष्पादन और निगरानी के क्षेत्रों का अनुभव है।

**चार दशकों का लंबा करियर :** श्री रेड्डी ने एनटीपीसी में अपने लगभग चार दशकों के लंबे करियर के दौरान विभिन्न एनटीपीसी परियोजनाओं जैसे कोरबा, रामागुंडम, दक्षिणी क्षेत्र मुख्यालय, कुडगी, उत्तरी कर्णपुरा, पूर्वी मुख्यालय-क झज्जर और पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना में प्रमुख पदों पर काम किया। झारखंड में स्थित पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना और उत्तरी कर्णपुरा दोनों परियोजनाओं के परियोजना प्रमुख भी रहे थे।

**प्रशिक्षु इंजीनियर के रूप में एनटीपीसी में शामिल हुए थे :** श्री रेड्डी उस्मानिया विश्वविद्यालय, हैदराबाद से अपनी मैकेनिकल इंजीनियरिंग पूरी करने के बाद, वह जुलाई 1985 में एक प्रशिक्षु इंजीनियर के रूप में एनटीपीसी में शामिल हुए, कोरबा सुपर थर्मल पावर प्रोजेक्ट, छत्तीसगढ़ से अपना कॅरियर शुरू किया। बिजली उत्पादन और कोयला खनन क्षेत्र में अनुभवी एमवीआर रेड्डी अपने साथ गतिशील नेतृत्व गुणों के साथ समृद्ध अनुभव लेकर आए हैं।

# सीसीएल के गांधीनगर अस्पताल में नेत्र रोग संबंधी विशेष जांच अभियान संपन्न

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सीसीएल के केंद्रीय अस्पताल में नेत्र विभाग द्वारा पिछले दो महिनों में रेटिनल विकार (नेत्र रोग) संबंधी 300 से अधिक रोगियों का सफलतापूर्वक जांच किया गया। कुछ मरीजों को फंडस फ्लोरेसिन एंजियोग्राफी करायी गयी और उन्हें उचित सलाह दी गयी।

विशेषज्ञों की टीम ने मरीजों को एफएफए डायबिटिक रेटिनोपैथी, उम्र से संबंधित धब्बेदार अधः पतन, रेटिनल वेनस ऑक्लूजन, आदि जैसे कई दृष्टि संबंधी विकारों के प्रबंधन संबंधी चिकित्सीय परामर्श दिये गये। इसी क्रम में रेटिनल कैमरा की मदद से विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा शिशुओं की भी स्क्रीनिंग की गई थी।



सीसीएल द्वारा निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र के कुशल मार्गदर्शन में समय-समय पर विभन्न शिविरों का आयोजन किया जाता है। इस आयोजन में डॉ उत्पला चक्रवर्ती एवं उनकी टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# आरआरडीए के पूर्व टाउन प्लानर समेत अन्य आरोपियों को हाई कोर्ट से राहत

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** रांची क्षेत्रीय विकास प्राधिकार (आरआरडीए) के पूर्व टाउन प्लानर राम कुमार सिंह, भू-संपदा पदाधिकारी मनौवर आलम, सचिव अजय शेखर, कनीय अभियंता नरेश प्रसाद सिंह और उमेश सिंह और दुर्गानंद मिंज को हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। जस्टिस आनंद सेन की अदालत ने सभी के खिलाफ सीबीआई कोर्ट से लिये गए संज्ञान को रद्द कर दिया।

मालूम हो क रांची के होटल ली-लैक के नक्शा विचलन मामले में सीबीआई ने सभी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी। उसके बाद सीबीआई कोर्ट ने सभी के खिलाफ संज्ञान लिया था। इस संज्ञान को प्रभावितों ने हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। इस पर सुनवाई पूरी करने के बाद अदालत ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। इसके बाद अदालत में फैसला सुनाते हुए सभी के खिलाफ लिए गए संज्ञान को निरस्त कर दिया। कोर्ट के इस फैसले के बाद अधिकारियों का कहना है कि उन्हें कोर्ट पर पूरा भरोसा था। सीबीआई के अधिकारियों ने उन्हें इस मामले में फंसाने का काम किया था।

## डॉक्टरों ने कहा, हार्ट में ब्लॉकेज, बाइपास सर्जरी की जरूरत

# रांची का गैंगस्टर अनिल शर्मा की हुई एंजियोग्राफी, हार्ट में ब्लॉकेज

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भोमा सिंह हत्याकांड में सजायाफ्ता गैंगस्टर अनिल शर्मा के सीने में दर्द की शिकायत के बाद रिम्स में इलाज चल रहा है। इसी दौरान मंगलवार को उसकी एंजियोग्राफी जांच करायी गयी है। डॉक्टरों के मुताबिक उसके हार्ट में ब्लॉकेज है। बाईपास सर्जरी की जरूरत है। हालांकि सूत्रों के मुताबिक अनिल शर्मा रिम्स में बाईपास सर्जरी नहीं कराना चाहता है। बीते सप्ताह बुधवार की सुबह 4 बजे के करीब सीने में दर्द के बाद हजारीबाग केंद्रीय कारागार में सजा काट रहे गैंगस्टर अनिल शर्मा को हजारीबाग मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में भर्ती किया गया था। वहां से बेहतर इलाज के लिए उसे शनिवार को रिम्स रेफर किया गया था। रिम्स के कार्डियोलॉजी विभाग के चिकित्सक डॉ मृणाल कुंज की देखरेख में उसका इलाज किया जा रहा था। बढ़ती समस्याओं को देखते हुए सीटीवीएस विभाग के हेड डॉ विनीत महाजन को इलाज के लिए रेफर किया गया है।

**तीनों नसों में ब्लॉकेज, करनी होगी बाईपास सर्जरी :** रिम्स के जनसंपर्क अधिकारी डॉ राजीव रंजन ने कहा कि सोमवार को अनिल शर्मा की एंजियोग्राफी जांच करायी गयी, जिसमें हार्ट में ब्लॉकेज की पुष्टि हुई है। सीटीवीएस विभाग के हेड ने कहा है कि जांच के दौरान यह सामने आया कि उसके हार्ट की तीनों नसों में ब्लॉकेज है। बाईपास सर्जरी करनी पड़ेगी। इसकी जानकारी मरीज को दे दी गयी है।

### पिछले 23 सालों से जेल में काट रहा सजा

मालूम हो कि भोमा सिंह हत्याकांड में अनिल शर्मा सजायाफ्ता है। वह पिछले दो साल से केंद्रीय कारा हजारीबाग में सजा काट रहा है। इससे पहले उसे दुमका जेल से भारी सुरक्षा में हजारीबाग लाया गया था। उसे हाई सिक्योरिटी में रखा जा रहा है। गैंगस्टर पर जेल में रहते आपराधिक घटनाओं को अपने गुर्गों द्वारा अंजाम दिए जाने का आरोप लगने पर दुमका केंद्रीय कारा से उसे 2021 में लोकनायक जयप्रकाश नारायण केंद्रीय कारा हजारीबाग में स्थानांतरित किया गया था। अनिल शर्मा पिछले 23 साल से जेल की सजा काट रहा है।

## चिटफंड घोटाला में निवेशकों के डूबे पैसों की वापसी को लेकर दायर याचिकाओं पर हुई सुनवाई

# हाईकोर्ट ने सीबीआई से चिटफंड कंपनियों की अटैच प्रॉपर्टी और प्रभावितों का पैसा वापसी की प्रक्रिया की मांगी रिपोर्ट

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** चिटफंड घोटाला में निवेशकों के डूबे पैसा की वापसी को लेकर नन बैंकिंग अभिरक्षा निवेशक सुरक्षा समिति सहित अन्य दायर याचिकाओं की सुनवाई मंगलवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने सीबीआई को स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने सीबीआई से पूछा है कि चिटफंड घोटाले में शामिल कंपनियों की कितनी प्रॉपर्टी अटैच की गई, भुक्तभोगी लोगों को उनका पैसा वापसी के लिए क्या रास्ता हो सकता है।



इससे पहले मामले में राज्य सरकार की ओर से शपथ पत्र दाखिल कर बताया गया कि सरकार ने झारखंड के जमाकताओं के हितों का संरक्षण (वित्तीय स्थापनाओं में) अधिनियम 2011 बनाया है। इसके हिसाब से चिटफंड से प्रभावित लोगों को संबंधित अथॉरिटी के पास आवेदन देना होगा। यह अथॉरिटी प्रभावित लोगों की शिकायत का निवारण करेगी। कोर्ट ने सरकार की इस जवाब पर असंतुष्टि जताते हुए कहा कि यह एक व्यक्ति के पैसे वापसी की बात नहीं हो रही है बल्कि चिटफंड घोटाले से प्रभावित सैकड़ों लोगों के पैसे की वापसी की बात है। ऐसे में वेस्ट बंगाल, उड़ीसा की तर्ज पर एक कमीशन बनाकर कार्पस फंड बनाना होगा। इस फंड के लिए सरकार को पैसा मुहैया कराना होगा, जिससे चिटफंड के प्रभावित लोगों को पैसा वापसी का रास्ता बन सके। कोर्ट ने मामले की सुनवाई 7 जुलाई निर्धारित की है।

बता दें कि पिछली सुनवाई में प्रार्थी की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि चिटफंड घोटाला में शामिल कई कंपनी के संचालकों की ईडी और सीबीआई ने करोड़ रुपए की संपत्ति एवं पैसे सीज किए हैं। चिटफंड घोटाले के सीज पैसे ईडी और सीबीआई ने बैंकों में रखे हैं। कई राज्यों में एक कमेटी बनाकर चिटफंड के शिकार लोगों के केस को डिस्पोजल किया जा रहा है और उन्हें उनके डूबे पैसे वापस दिलाए जा रहे हैं। झारखंड में भी कमेटी बनाकर निवेशकों के डूबे पैसे को वापस दिलाया जाये। बता दें कि प्रार्थी ने याचिका दाखिल कर कहा है कि चिटफंड कंपनियों ने अधिक ब्याज का लालच देकर उनके पैसे का गबन कर लिया गया है। इस मामले की जांच सीबीआई कर रही है, लेकिन निवेशकों के डूबे पैसे भी वापस दिलवाने की पहल की जाये।

## स्पीड न्यूज

### आज ऑक्सफोर्ड में इंटर स्कूल कंपटीशन

**मेदिनीनगर।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में इंटर स्कूल क्विज कंपटीशन का आयोजन 10 मई को किया गया है। इसकी जानकारी स्कूल के प्राचार्य डा एके सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में रांची, पलामू, गढ़वा व लातेहार के वर्ग सात व आठ के छात्र-छात्राएं भाग ले रही हैं। कार्यक्रम का उदघाटन पांकी विधायक सह ऑक्सफोर्ड ग्रुप के निदेशक डा एसबीपी मेहता द्वारा किया जायेगा। उन्होंने बताया कि लाईटिंग ऑफ द लैंप साढ़े आठ बजे, रिटेन प्रीलीमीनरी राउंड साढ़े नौ बजे से 10 :30 बजे तक, रिफ्रेसमेंट 10 बजे से 10 : 30 बजे तक, सेमी फाईनल 10 :45 बजे से 12 :30 बजे तक, ग्रांड फिनाले 12 :45 बजे से 1 :45 बजे तक होगा।

### 90 पेटी शराब बरामद, एक गिरफ्तार



**पड़वा, पलामू।** पड़वा पुलिस ने अवैध तरीके ले जा रहे 90 पेटी शराब के साथ एक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। यह जानकारी पड़वा थाना प्रभारी नकुल कुमार साह ने दी। थाना प्रभारी नकुल साह ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि मेदिनीनगर तरफ से एक वाहन से बिहार के तरफ शराब ले जाया जा रहा है। सूचना मिलते ही त्वरित कार्रवाई करते हुए सोमवार की रात करीब दो बजे रात को पाटन मोड़ पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग के दौरान एक कुटी (भुसा) लदा वाहन (जेएच 01 सीजे 0116) की जांच की तो उसमें भुसा में शराब छिपा कर ले जाया जा रहा था। वाहन चालक छानबीन के दौरान पता चला कि प्रदीप कुमार महली को गिरफ्तार कर सख्ती के साथ पूछताछ की गयी तो उसने बताया कि वह लोहरदगा से शराब लेकर बिहार जा रहा है। शराब लोहरदगा के आकाश कुमार का है। थाना प्रभारी नकुल साह ने बताया कि आकाश व प्रदीप महली के विरुद्ध मामला दर्ज हुआ है। गिरफ्तार प्रदीप महली को जेल भेज दिया गया है।

### महाराणा प्रताप के आदर्शों को जीवन में अपनाने की जरूरत है : संजय सिंह



**मेदिनीनगर।** महाराणा प्रताप की जयंती गुरू तेग बहादुर मेमोरियल हॉल मेदिनीनगर में बड़े ही धूमधाम से मनाई गई। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ट्रस्ट ने कार्यक्रम का आयोजन कर महाराणा प्रताप के जीवन सिद्धांतों पर चलने का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह ने की और कार्यक्रम का संचालन सुशील सिंह ने किया। अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई तत्पश्चात उपस्थित सभी क्षत्रियों को साफा बांधकर एवं पुष्प देकर उनका स्वागत किया गया। कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह ने कहा कि महासभा द्वारा सभी महापुरुषों की जयंती मनायी जायेगी। महाराणा प्रताप के आदर्शों को अपनाने की जरूरत है। मौके पर पलामू मुखिया संघ के अध्यक्ष उदय सिंह, नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष मनोज सिंह, निगम के प्रथम उप महापौर मंगल सिंह, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रविंद्र सिंह, जिला उपाध्यक्ष मनीष सिंह, सूर्यांश प्रताप सिंह महाराणा सिंह, डॉ अनिल सिंह, डॉ अवधेश सिंह, अजय सिंह, रूपा सिंह, सोमेश सिंह, सुमिता सिंह, रूबी सिंह, सुमन सिंह, आलोक सिंह, अरविंद सिंह, साहिब सिंह, आनंद सिंह, मनोज सिंह, शैलेश सिंह, दीपक सिंह, अंकित सिंह, आलोक सिंह, अविनाश कुमार सिंह, धीरेंद्र सिंह, अनिमेष सिंह, साकेत सिंह ,धर्मेंद्र सिंह, संजय सिंह, सुरेश सिंह, दिनेश सिंह, सौरभ सिंह, प्रवीण सिंह, अनिल सिंह, आशीष सिंह, रोबिन सिंह, अवधेश सिंह, साकेत सिंह भी थे।

### जेएस कॉलेज में सड़क सुरक्षा पर छात्रों को दी गयी कई जानकारी



**मेदिनीनगर।** जिले में लगातार तेजी से बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट के द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। संस्था के द्वारा जनता शिवरात्रि कॉलेज के छात्रों के बीच सड़क सुरक्षा से संबंधित जानकारी दी गई। साथ ही बिना ड्राइविंग लाइसेंस और हेलमेट के सड़कों पर कदापि न उतरने की अपील किया गया। संस्था की सचिव शर्मिला वर्मा ने कहा कि आपमें से ही कोई इस देश का भावी पीएम, सीएम, डॉक्टर, इंजीनियर, प्रोफेसर, पुलिस अफसर आदि बनेगा। इस लिए हमें हमारे देश के भविष्य यानि आप बच्चों को सुरक्षित रखने की जिम्मेदारी निभाने की जरूरत है। मौके पर सब इंस्पेक्टर उपेंद्र नारायण सिंह, संस्था की वरिष्ठ सदस्या राखी सोनी, संध्या अग्रवाल, शिक्षिका किरण कुमारी, बेबी विश्वकर्मा व कॉलेज के शिक्षक भी उपस्थित थे। सबों ने सड़क सुरक्षा संबधित नियमों से छात्रों को अवगत कराया।

### पलामू की पहली महिला नाट्य निर्देशक अनुराधा मोइत्रा के निधन पर शोक



**मेदिनीनगर।** पलामू की पहली महिला नाट्य निर्देशक अनुराधा मोइत्रा (79) का निधन सोमवार को कोलकाता में इलाज के दौरान हो गया। वे लम्बे समय से बीमार चल रही थी। वे मेदिनीनगर के बेलवाटिका की रहने वाली थी। श्रीमती मोइत्रा को पलामू की पहली महिला नाट्य निर्देशक माना जाता है। उन्होंने बच्चों से नाटक प्रस्तुत करवा कर सुर्खिया बटोरी। दुर्गा बाड़ी के रंगमंच पर उन्होंने सबसे पहले झालापाला नामक नाटक के माध्यम से अपने निर्देशकीय यात्रा की शुरूआत की थी। इसके बाद उन्होंने करीब तीन दशक तक दुर्गा बाड़ी में सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सक्रीय भागीदारी निभाई। उन्होंने कई रंगकर्मियों के लिए प्रेरणा स्रोत बनकर काम किया। उनके निधन से कलाकारों में बंगाली समाज में शोक का लहर है। उनके निधन पर बंगाली समिति के अध्यक्ष प्रभास रंजन दासगुप्ता ने कहा कि मोइत्रा का निधन रंगमंच की अपूरणीय क्षति है। दुर्गा बाड़ी संचालन समिति के सचिव दिवेन्दु गुप्ता ने अनुराधा मोइत्रा समाज के लिए एक सदमा बताया। मासूम आर्ट ग्रुप के सचिव सैकत चटर्जी ने कहा कि रंगमंच अपनी एक मां को खो दिया। उनके निधन पर बंगाली समिति व दुर्गा बाड़ी के देवाशीष सेनगुप्ता, सौभिक दत्ता, अरुण राय, संजीत दासगुप्ता, प्रमोद दासगुप्ता, सुजीत माइती आदि मौजूद थे।

# सीआरपीएफ और पुलिस ने जमीन में गड़े केन बम किया बरामद

खबर मन्त्र संवाददाता




जमीन में गड़ा केन बम, बरामद विस्फोटक बनाने के समान

**गढ़वा।** गढ़वा में प्रतिनियुक्त सीआरपीएफ 172 बटालियन एवं गढ़वा पुलिस के संयुक्त तत्वाधान में नक्सलियों के खिलाफ चलाए गए अभियान में आज बड़ी सफलता मिली है। अभियान के दौरान भंडरिया प्रखंड के सन्या जंगल के कुरदाग पहाड़ के समीप जमीन में गाड़े गए पांच किलो का केन एलईडी बम को बरामद किया गया। नक्सलियों द्वारा इस एलईडी के माध्यम से सीआरपी और पुलिस को टारगेट करने की योजना थी। गलती से भी पुलिस एवं सीआरपीएफ के जवान थोड़ा भी असावधानी बरतते तो नक्सली उनके परखच्चे उड़ा देते। सीआरपीएफ एवं पुलिस के जवानों ने छापामारी के दौरान पांच किलो का 16 सिलेंडर, ढाई किलो का 5 सिलेंडर, ड्रिल मशीन, स्टील का दो कनस्तर, काफी मात्रा में एक्सप्लोसिव एवं अन्य सामग्री बरामद किए हैं, जिससे शक्तिशाली विस्फोटक बम बनाया जाना था। सीआरपीएफ एवं पुलिस के जवानों ने बताया कि उनके सघन छापामारी अभियान से नक्सलियों के पैर उखड़ चुके हैं। वे घने जंगलों एवं पहाड़ों की ओर यदा-कदा आते जाते रहते हैं लेकिन पुलिस के जबरदस्त अभियान के बाद उनके होश उड़ गए हैं। सीआरपीएफ भंडरिया-बरगढ़ क्षेत्र को पूरी तरह से नक्सल मुक्त बनाने के लिए संकल्पित है और उसके लिए दिन रात मेहनत कर रही है। उन्होंने कहा कि नक्सलियों के सारे ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है।

पुलिस को नक्सलियों के खिलाफ जबरदस्त सूचना मिल रही है।सीआरपीएफ ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि यदि विकास चाहते हैं तो नक्सलियों के चंगुल से बाहर निकलने में मदद करें। पुलिस 24 घंटे उनकी सुरक्षा के लिए तत्पर है। केवल वे नक्सलियों की सूचना पुलिस को देने का छोटा सा काम करें। इसके बाद उन्हें पूरी तरह भय मुक्त कर दिया जाएगा।

## राज्यपाल को दिया गया गार्ड ऑफ ऑनर

### विद्यालय का निरीक्षण कर बच्चों से महामहिम ने किया संवाद

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** महामहिम राज्यपाल सी पी राधाकृष्णन अपने एक दिवसीय दौरे पर जिले के नावाडीह स्थित राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय चपरी पहुंचे। उपायुक्त कुलदीप चौधरी एसपी चंदन झाए डीएफओ रजनीश कुमार, डीडीसी कीर्ति श्री एसडीओ चास दिलीप प्रताप सिंह शेखावत आदि ने महामहिम का स्वागत किया और पुलिस जवानों द्वारा उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। उन्होंने विद्यालय के विभिन्न कमरों का निरीक्षण करते हुए अध्ययनरत बच्चों के साथ क्रमवार संवाद किया। उनसे पठन द पाठन के संबंध में जानकारी प्राप्त की। साथ ही बच्चों के बीच चॉकलेट का वितरण किया। राज्यपाल श्री राधाकृष्णन ने मंच से विभिन्न योजनाओं के लाभुकों के बीच सांकेतिक रूप से परिसंपत्ति का भी वितरण किया। मौके पर जिला स्तरीय सभी पदाधिकारी ग्रामीण विद्यालय के बच्चे मौजूद थे।

### कई बालू घाटों से बालू का उठाव पंचायत स्तर पर हुआ शुरू

**बरवाडीह।** जिला खनन विभाग के द्वारा जहां कैटेगरी वन प्रखंड के कंचनपुर और बेतला के बाद अब उत्तर कोयल छेचा, उत्तर कोयल करकटिया कोयल नदी खुरा, लंका, मंगरा, औरंगा समेत आधा दर्जन से अधिक बालू घाटों को चयन किए जाने के बाद मंगलवार को प्रखंड के मंगरा बालू घाट से बालू उठाव की औपचारिक प्रक्रिया शुरू कर दी। मंगरा बालू घाट से बालू उठाव करने को लेकर पंचायत के मुखिया बिपिन बिहारी के द्वारा पंचायत स्तर पर निगरानी समिति के गठन के बाद विधिवत फीता काटकर बालू उठाव की शुरूआत करने का काम किया गया। जहां समिति को सख्त निर्देश दिया गया कि प्रखंड प्रशासन के माध्यम से तय की गई राशि की वसूली सही तरीके से की जाएगी।

## साइबर ठग ने शिक्षक को भेजा फर्जी मैसेज, 50 हजार की मांग

खबर मन्त्र संवाददाता

**झरिया।** कोयलांचल में साइवर क्राइम करने वाले अलग अलग ऑनलाइन ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। मंगलवार को साइवर ठग का शिकार होने से बच गए हेलो किड्स के प्रिंकिसिपल इरफान खान , प्रिंसिपल इरफान खान अपने स्कूल में थे उसी समय साइवर ठग उन्हें फोन करके बोलता है कि मैं अपने बच्चे का फीस ऑनलाइन जमा करना चाहता हूं और ऑनलाइन के लिए मोबाइल फोन नम्बर दीजिये । प्रिंसिपल ने कहा कि यही मेरा नम्बर पर ऑनलाइन पेमेंट भेज सकते हैं । साइवर ठग पहले 10 रुपया का मैसेज भेज कर कन्फर्म करता है उसके बाद पांच हजार रुपये का मैसेज भेजता है और एक बार 50 हजार रुपये का मैसेज भेज कर यह कहता है कि सर गलती से 50 हजार रुपये चल गया है आप मुझे पैसा ऑनलाइन ही वापस कर दिजीए। प्रिंसिपल ने साइवर ठग के साथ फोन पर बातचीत करते हुए तत्काल बच्चे का नाम व क्लास पूछते हुए अपना स्कूल का सिस्टम को चेक किया और देखा कि इस नाम का बच्चा का फीस बकाया नही है। तब तक सब सच्चाई जानने के बाद प्रिंसिपल ने कहा कि आप स्कुल आए । साइवर ठग केस दर्ज करने का धमकियां दे रहा था । प्रिंसिपल की सतर्कता बरतने पर ऑनलाइन साइवर ठगी होने से बच गए साइवर ठग का प्रयास विफल हो गया,तब प्रिंसिपल ने राहत की सास लिया है।

### दाह संस्कार में पहुंचे भाजपा नेता डॉ ईश्वर सागर



**बिश्रामपुर पलामू।** प्रखंड ग्राम गुरी के माधव पासवान 65 वर्ष और कपिल देव सोनी 78 वर्ष का निधन 8 मई को लंबी बीमारी के कारण हो गया। दोनों के मौत की खबर सुनकर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने उनके अंतिम दाह संस्कार में पहुंचकर पुष्पांजलि अर्पित की। दोनों दिग्गज आत्मा की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना भी किया। मौके पर डॉक्टर ईश्वर सागर चंद्रवंशी दोनों मृतकों के परिजनों से मुलाकात की एवं इस दुख की घड़ी में ढाढस बधाने का काम किया। बताते चलें कि माधव पासवान विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी के सक्रिय कार्यकर्ता थे एवं कपिल देव सोनी एक सामाजिक व्यक्तित्व के इंसान थे। मौके पर बिश्रामपुर प्रखंड के किसान मोर्चा के अध्यक्ष नंदेव यादव, अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष मेराज, संजय चंद्रवंशी समेत सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

# हत्या के विरोध में ग्रामीणों ने की सड़क जाम

- शाहिद की हत्या के विरोध में ग्रामीणों ने किया बी मोड़-उंटारी मुख्य पथ जाम, घंटों फंसे रहे यात्री
- आश्वासन के बाद सोमवार की रात दस बजे माने लोग

खबर मन्त्र संवाददाता



प्रशासनिक अधिकारियों के आश्वासन के बाद लोगों ने खत्म किया सड़क जाम।

**बिश्रामपुर (पलामू)।** रेहला थाना क्षेत्र अंतर्गत भोलाटांड के नाबालिक शाहिद अंसारी के हत्या के विरोध में ग्रामीणों ने बी मोड़ - उंटारी मुख्य पथ को सोमवार रात दस बजे तक जाम रखा। जिसके चलते काफी यात्री और बाराती देर रात तक फंसे रहे। ग्रामीण मृतक शाहिद अंसारी के एक परिजन को नौकरी, मुआवजा और हत्यारे के गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे। बिश्रामपुर एसडीपीओ सुरजीत कुमार, पुलिस निरीक्षक अजय कुमार, रेहला थाना प्रभारी नेमधारी रजक व विश्रामपुर थाना प्रभारी शशि रंजन के काफी समझाने बुझाने के बाद ग्रामीणों ने सड़क जाम हटाया।

जिसके बाद परिचालन शुरू हुआ और पुलिस मृतक के शव को थाना ले जा सकी। इस दौरान बसपा नेता अभिमन्यु सिंह उर्फ बबलू सिंह, नईमुद्दीन अंसारी, राहुल दुबे, राहुल ठाकुर, फिरोज खान सहित कई राजनीतिज्ञ और सामाजिक कार्यकर्ता मृतक के परिजनों से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाया और हर संभव मदद देने का भरोसा दिलाया।

### मजार पर चादरपोशी करने से पूरी होती हैं मन्नते



**हुसैनाबाद पलामू।** शहर में दाता शाह मजार पर प्रत्येक वर्ष लगती हैं उर्स मेला। लाखों लोग अपनी मन्नत के अनुसार मजार पर चढ़ाते हैं चादर व मांगते है अमन चैन की दुआ। मंगलवार को शहर के खगड़िया मुहला वार्ड नम्बर 10 में इब्राहिम सेठ के अवास पर आयोजन समिति के लोगो ने बैठक की। बैठक की तैयारी को लेकर एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान,शाम्मू हुसैन रिजवी ने जानकारी देते हुए बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी उर्स मेला व चादरपोशी की तैयारी कर ली गयी हैं जिसमें 20 मई को तकरीर व 21 मई कव्वाली महामुकाबला का आयोजन की गई हैं। यह आयोजन हैदरनगर बलडिहरी निवासी समाजसेवी इब्राहिम सेठ के द्वारा आयोजन की जाती रही हैं । मान्यता हैं कि दाता पीर हजरत में हर व्यक्ति की मन्नत पूरी होती हैं। मौके पर नदीम खान, मुस्लिम खान, इजहार अंसारी, एसएन अकरम खान, अली असगर खान, इसरार खान, घिनू कुमार, हिरू खान, मिस्टर खान, हेशाम अंसारी सहित अन्य लोग बैठक में शामिल थे।

## जनता दरबार में उपायुक्त ने सुनी लोगों की समस्याएं

- विभिन्न मामलों को लेकर कई बीडीओ-सीओ को किया फोन

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे ने मंगलवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय वेश्म में जनता दरबार का आयोजन किया। इसमें जिले के विभिन्न स्थानों से पहुंचे ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं को डीसी के समक्ष रखा। प्त मामलों का निष्पादन के लिए उपायुक्त ने संबंधित विभाग को भेज दिया। जनता दरबार में छत्तरपुर की दशरथी नामक महिला ने अपने पति के बैंक खाते से वृद्धा पेंशन की राशि का निकासी के संबंध में आवेदन दिया । वहीं सदर प्रखंड के रजवाडीह से आये दीपनारायण ने भूमि सीमांकन के विषय के संबंध में आवेदन दिया।



**उपायुक्त ने चैनपुर के संजनी के ईलाज के लिए दिया 20 हजार :** चैनपुर की संजनी कुमारी ने उपायुक्त को बताया कि वो पिछले 10 माह से छाती के ट्यूमर से पीड़ित है। संजनी ने उपायुक्त को बताया कि वो अपना इलाज जीपी सिंह से करा रही थी लेकिन बेहतर इलाज को लेकर उसे रांची जाने की सलाह दी गयी है।

## श्री सुंदर राज स्वामी जी के सान्निध्य में बराही धाम में किया गया भंडारा

खबर मन्त्र संवाददाता



**हुसैनाबाद पलामू।** जपला दंगवार मुख्य पथ सुप्रसिद् धार्मिक और आस्था का केंद्र बराही धाम परिसर में जगद्गुरु श्री सुंदर राज स्वामी जी महाराज के सानिध्य मे भव्य भंडारा का आयोजन किया गया। भंडारा की शुरुआत स्वामी जी महाराज ने पांच लोगों को अपने हाथों से भंडारा का महाप्रसाद वितरण किया। जहां हजारों श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद ग्रहण किया।

धाम परिसर मे शिवांश चैरिटेबल ट्रस्ट के द्वारा प्रत्येक मंगलवार को पिछले कई महीनों से भंडारा का आयोजन किया जा रहा है। साथ ही भजन कीर्तन मंडली के साथ झारखंड, बिहार के कलाकारों द्वारा भी आयोजित की जाती है। मंगलवार होने के चलते धाम परिसर मे सुबह से ही भक्तों का भीड़ उमडी थी। वहीं दर्शन पूजन के लिए शद्धार्लुओं की लंबी कतारे लगी रही। लोगों ने विधि विधान के साथ संकट मोचक हनुमान की आराधना की।

# मंडल कारा के बंदी का इलाज के दौरान मौत

## चिकित्सक ने कहा हार्ट अटैक से हुई मौत

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा (कोडरमा)।** मंडलकारा के बंदी विवेक यादव पिता तालेश्वर यादव की इलाज के दौरान सदर अस्पताल में मौत हो गयी। घटना के सम्बंध में मिली जानकारी के मुताबिक बंदी विवेक यादव चलकुशा के ग्राम मसानी जिला हजारीबाग निवासी है, बंदी भा.द.वी की धारा 498ए, कांड संख्या सी820/20 के मामले में बीते 3 मार्च से मण्डल कारा में बंद है, मंगलवार को सदर अस्पताल में इलाज के लिए लाया गया था, जहां उसकी मौत हो गयी। इस सम्बंध में प्रभारी जेलर अभिषेक कुमार ने बताया कि मंगलवार की सुबह करीब 10 बजे बंदी को सीने और रीढ़ में दर्द शुरू हो गया था, जिसके बाद डॉक्टर को बुला कर उसका इलाज करवाया गया, स्थिति गम्भीर होने पर चिकित्सक की सलाह पर उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा गया, जहां उसकी मौत हो गयी। इधर बंदी का इलाज कर रहे डॉ. परिमल तारा ने बताया कि सबसे पहले उक्त बंदी का जेल में ही इलाज किया गया, मगर मरीज की स्थिति में सुधार नही होने पर उसे सदर अस्पताल लाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। वहीं डॉ. परिमल ने बताया कि बंदी मरीज को सीने और रीढ़ के हिस्से में काफी दर्द था, पसीना भी आ रहा था, जिससे प्रतीत होता है कि मरीज की मौत हार्ट अटैक से हुआ है।

**जेल प्रशासन की लापरवाही से हुई है, बंदी की मौत :** घटना की जानकारी मिलते ही मृतक बंदी के परिजन और बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव सदर अस्पताल पहुंचे। बंदी के मौत पर सवाल उठाते हुए विधायक ने कहा कि बंदी की मौत जेल प्रशासन की लापरवाही से हुई है, बंदी 28 वर्ष का स्वस्थ युवक था, परिजनों का कहना है कि उसको कोई बीमारी नही थी, फिर अचानक कैसे वह बीमार हो गया, यदि उसको सीने में दर्द था तो अविलम्ब उसका इलाज क्यों नही करवाया गया। अगर जेल में डॉक्टर हमेशा रहते तो ऐसी घटना नही होती, इस घटना में जेल प्रशासन दोषी है, सरकार से इसकी उच्च स्तरीय जांच की मांग करूंगा।

# डॉ एचसी वर्मा 12 को पहुचेंगे पलामू

- पलामू के बच्चों को भौतिकी के गुर सिखायेंगे डॉ वर्मा : अविनाश देव

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** संत मरियम स्कूल में स्कूल के चेयरमैन सह सदस्य माटी कला बोर्ड झारखंड सरकार के अविनाश देव और दृश्यम कोचिंग संस्थान के मैनेजिंग डायरेक्टर प्रवीण ने संयुक्त रूप से प्रेस वार्ता का आयोजन किया। मौके पर अविनाश देव ने कहा कि अनेकों पुस्तकों के लेखक करोड़ों युवाओं के प्रेरणास्त्रोत पद्म श्री डॉ एच सी वर्मा 12 मई को पलामू पहुचेंगे। जो13 मई को बाईपास रोड स्थित जेएमपी कॉम्पलेक्स के सभागार में सुबह 11 बजे से वे पलामू के सभी छात्रों के साथ सेमिनार में हिस्सा लेंगे। इसके बाद संध्या 7 बजे शहर के तमाम बुद्धिजीवी, शिक्षाविद लोग उनके साथ अपने समय को साझा कर उनके अनुभवों का लाभ उठाएंगे। उन्होंने कहा कि यह पलामू के लिए बड़े गर्व की बात है कि भारत के पद्मश्री डॉक्टर एचसी वर्मा का आगमन पलामू के धरती पर हो रहा है।

**कार्यक्रम की खास बातें :** पलामू में शिक्षा की दशा और दिशा को बेहतर बनाने की दिशा में उनका आगमन मिल का पत्थर साबित होगा। श्री देव ने शहर के सभी सीनियर विद्यार्थियों, बुद्धिजीवी लोगों से आग्रह किया कि वे सेमिनार में भाग लेकर पलामू को विकास के चरमोत्कर्ष पर ले जाने में अपनी अहम भूमिका निभाए। दृश्यम कोचिंग संस्थान के मैनेजिंग डायरेक्टर प्रवीण दुबे ने कहा कि डॉक्टर वर्मा का आगमन पलामू वासियों के लिए हर्ष की बात है। पलामू में शिक्षा की स्थिति को बेहतर बनाने में ऐसे महान विभूति का योगदान और मार्गदर्शन एक नई लकीर खीचेगा। हमलोग प्रयासरत है की समय समय पर ऐसे महान लोगो से छात्रों को रूबरू करवाएं। ताकि छात्र प्रेरित होकर अपनी मंजिल को पा सके।

स्पीड न्यूज

## ग्रीष्मावकाश को लेकर विवि प्रशासन को भेजा मांग पत्र

**दुमका।** सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय सेवा शिक्षक अध्यक्ष डा विवेकानंद सिंह एवं महासचिव डा कलानंद ठाकुर ने ग्रीष्मावकाश में विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा यूजी सेमेस्टर – 5 की परीक्षा 18 मई से 05 जून तक आयोजित किए जाने पर पत्र के माध्यम से गहरी चिंता जाहिर किया। ज्ञातव्य हो कि दिनांक 22 मई से 17 जून के बीच ग्रीष्मावकाश जनवरी में ही घोषित है। इस लंबी छुट्टी में प्राध्यापकों को मेडिकल चेकअप, पूर्व निर्धारित निजी कार्यक्रमों एवं अन्य महत्वपूर्ण कार्यों में जाना रहता है। इस स्थिति में शिक्षकों के अधिकार की रक्षा के लिए संघ ने विश्वविद्यालय प्रशासन के समक्ष दो मांगे रखी है। जिसमें प्राध्यापकों के लिए ग्रीष्मावकाश में वीक्षण कार्य को स्वैक्षिक रखने एवं वैसे शिक्षक जो ग्रीष्मावकाश में स्वेच्छा से वीक्षण कार्य कॉलेज एवं विश्वविद्यालय में करते हैं। उन्हें विश्वविद्यालय परिनियम विश्वविद्यालय अधिसूचना संख्या 80/21, दिनांक 22 सितंबर 21 के तहत (1/3) अर्जित अवकाश देय हो।

## एसकेएमयू के संताली स्पोकेन कोर्स अब प्रारंभ होगी 11 मई से

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के संताल अकादमी में संताली स्पोकेन कोर्स का वर्ग 11 मई से प्रारंभ होगी। इसकी जानकारी विश्वविद्यालय प्रवक्ता डॉ शंभू कुमार सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि स्पोकेन कोर्स का वर्ग सप्ताह में तीन दिन होगी। कोर्स का वर्ग संचालन गुरूवार, शुक्रवार एवं शनिवार को आयोजित होगी। वर्ग पूर्व निर्धारित समय साढ़े 8 बजे से साढ़े 9 बजे तक होगी।

## अनावश्यक बैंक खातों को दो दिनों के अंदर बंद करने को बैंक अधिकारियों को दिए निर्देश

**दुमका।** सदर प्रखंड में पूर्व से संधारित अनावश्यक बैंक खातों को बंद करने के लिए संबंधित बैंकों के शाखा प्रबंधकों के साथ बीडीओ सदर के कार्यालय कक्ष में लीड बैंक मैनेजर, दुमका की उपस्थिति में एक आवश्यक बैठक आहूत हुई। जिसमें एसबीआई, इंडियन बैंक, केनरा बैंक, सेन्ट्रल बैंक, बैंक ऑफ इंडिया, एक्सिस बैंक, एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक के शाखा प्रबंधक उपस्थित हुए। सभी शाखा प्रबंधकों के साथ विचार विमर्श करते हुए दो दिनों के अंदर बैंक खातों को बंद करने का निर्देश दिया गया। विदित हो कि सभी खाते ऐसे हैं जिसमें लेन-देन विगत कई वर्षों से नहीं किया गया है और मार्च 2023 से ही इन सभी बैंक खातों को बंद करने का अनुरोध किया जा चुका है। लीड बैंक मैनेजर प्रवीण कुमार की उपस्थिति में बैंको के शाखा प्रबंधकों ने दो दिनों के अंदर खाता को बंद करने का आश्वासन दिया।

## निजी विद्यालयों का बीडीओ ने किया निरीक्षण

**दुमका।** एमआर अभियान के तहत पूरे जिले में टीकाकरण का कार्य चल रहा है। सदर प्रखंड अंतर्गत बीडीओर राजेश सिन्हा द्वारा अभियान को लेकर प्राइवेट स्कूलों का निरीक्षण किया गया। बीडीओ ने कहा कि पूर्व के बैठक में प्रथम चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा यह बताया गया कि दो प्राइवेट विधालय द जिनियस पब्लिक स्कूल लखीकुंडी और न्यू चिल्ड्रेन प्रोग्रेसिव स्कूल लखीकुंडी के प्रधानाध्यापकों द्वारा टीकाकरण अभियान में सहयोग नहीं किया जा रहा है। द जिनियस पब्लिक स्कूल लखीकुंडी में 173 और न्यू चिल्ड्रेन प्रोग्रेसिव स्कूल लखीकुंडी में 165 बच्चों का टीकाकरण होना शेष है।

## नए परीक्षा नियंत्रक एलुमनी संघ सम्मानित

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय एलुमनी संघ के छात्रों नये परीक्षा नियंत्रक डॉ राजीव रंजन सिन्हा को मंगलवार को सम्मानित किया। छात्रों ने पौधा एवं डॉ एपीजे अब्दुल कलाम की जीवन पर आधारित पुस्तक विंग्स ऑफ फायर (अग्नि की उड़ान) भेंट स्वरूप प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर छात्र शमशाद आलम ने कहा कि यह गौरव का क्षण है। हम एलुमनी में से ही डॉ आर आर सिन्हा को परीक्षा नियंत्रक बनाया गया है। जब कोई भी एलुमनी किसी खास पद को धारण करते है तो अन्य एलुमनी भी इससे प्रेरणा लेते हैं।

### सुशील मोदी बोले- नीतीश कुमार की ओड़िशा यात्रा विफल

# पटनायक ने विपक्षी एकता को दिया झटका

खबर मन्त्र संवाददाता



**पटना।** राज्यसभा सदस्य सुशील मोदी ने कहा कि ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने नीतीश कुमार से कोई राजनीतिक बात नहीं होने की पुष्टि कर विपक्षी एकता को करारा झटका दिया है। मोदी ने कहा कि नवीन पटनायक भाजपा और कांग्रेस से समान दूरी बनाए रखने की अपनी नीति पर कायम रहे, जबकि ममता बनर्जी और शरद पवार के बाद नीतीश कुमार भी उन्हें भाजपा-विरोधी खेमे में लाने में नाकाम रहे। अब अपनी राजनीतिक मंशा की विफलता पर पर्दा डालने के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कह रहे हैं कि वे बिहार भवन के लिए जमीन मांगने ओडिशा गए थे। मोदी ने कहा कि नीतीश कुमार की इस बात में कोई दम नहीं, क्योंकि किसी राज्य सरकार से जमीन आवंटित कराने जैसे काम के लिए किसी मुख्यमंत्री को वहां जाने की जरूरत नहीं पड़ती। उन्होंने कहा कि यदि मुख्यमंत्री की बात को सही मान लिया जाए, तो क्या मुंबई में बिहार भवन के लिए जमीन मांगने वे शरद पवार से पहले महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री शिंदे से भी मिलेंगे? पहले केसीआर और अब नवीन पटनायक ने विपक्षी एकता की मुहिम की हवा निकाल दी। इधर, भाजपा विधानमंडल दल के नेता विजय सिन्हा ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की ओडिशा यात्रा में विपक्षी दलों को एक साथ लाने की पहल विफल हो गई है। नीतीश कुमार को नवीन पटनायक से राज्य के प्रति समर्पण का भी सबक लेना चाहिए। ओडिशा के मुख्यमंत्री द्वारा यह कहना कि राजनीतिक मुद्दे पर कोई बात नहीं हुई है अपने आप में महत्वपूर्ण है। कम से कम अब तो नीतीश को इस असफलता से सीख लेनी चाहिए। नवीन पटनायक कांग्रेस विरोध की राजनीति कर ओडिशा में अपनी पहचान बनाए हुए हैं। उन्होंने कभी भी कांग्रेस की अधीनता स्वीकार नहीं की। नीतीश कुमार के आगामी महाराष्ट दौरा का भी यही परिणाम होने वाला है। शिव सेना, राष्ट्रवादी कांग्रेस इनके छद्म आचरण और सिद्धांतविहीन राजनीति से अवगत है।

## मैं किसी बागेश्वर धाम को नहीं जानता : आरके सिंह

**पटना।** बागेश्वर धाम वाले बाबा धीरेंद्र शास्त्री के पटना आगमन पर पक्ष और विपक्ष के बीच बयानबाजी तेज है। इस बीच बिहार के आरा पहुंचे भाजपा के सांसद और केंद्रीय मंत्री आरके सिंह से जब इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने बाबा धीरेंद्र शास्त्री को पहचानने से ही इंकार कर दिया। दरअसल, भाजपा के सांसद व केंद्रीय मंत्री आरके सिंह मंगलवार को आरा में 220/132 केवी पावरग्रिड उपकेंद्र विस्तार का शिलान्यास करने पहुंचे थे। इस दौरान पत्रकारों ने उनसे पूछा कि बिहार की महागठबंधन सरकार बागेश्वर धाम वाले बाबा के पटना दौरे को लेकर लगातार बेतुका बयान दे रही है और भाजपा बाबा के समर्थन में खड़ी है। इस पर आपकी क्या प्रतिक्रिया है। उन्होंने कहा कि ई कौन है बागेश्वर धाम बाबा...मैं किसी बागेश्वर धाम को नहीं जानता।

# चोरी का हाईवा बरामद, पुलिस एक आरोपी को गिरफ्तार कर भेजी जेल

खबर मन्त्र संवाददाता

**शिकारीपाड़ा।** चोरी का हाईवा बरामद करते हुए शिकारीपाड़ा पुलिस एक आरोपी को गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेजने में सफल रही। गिरफ्तार आरोपी पश्चिम बंगाल के मल्लारपुर थाना क्षेत्र के रतगोड़ा गांव निवासी नयन बनर्जी है। इसकी जानकारी प्रेसवार्ता कर थाना प्रभारी उमेश राम ने दी। उन्होंने बताया कि बीते 3 मई को थाना क्षेत्र के पत्थर औद्योगिक क्षेत्र मंझलाडीह के एक पत्थर खादान के समीप से जेएच 04 एन 9198 नंबर की हाईवा चोरों ने उड़ा ली थी। इस बाबत सरसडंगाल गांव के पत्थर व्यवसायी विनोद कुमार भगत ने हाईवा चोरी की प्राथमिकी दर्ज कराया था। घटना के बाद पुलिस कप्तान के निदेर्शानुसार एसडीपीओ सदर मो नूर मुस्तफा के नेतृत्व में एक टीम का गठित हुई। गठित टीम हाईवा बरामदगी के लिए लगातार छापेमारी कर रही थी। इसी बीच पुलिस को सूचना मिली थी कि पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिला के सैंथिया थाना क्षेत्र के मातपलसा गांव के इमानुल मिर्धा के गैरेज में चोरी हुई हाईवा खड़ी है और उसकी पहचान बदलने के लिए रंग-रोगन का काम करवाया जा रहा है। हाईवा का रंग काला से पीला किया जा रहा है। पुलिस की टीम तत्काल छापेमारी कर उक्त हाईवा को बरामद करते हुए उसके रिसीवर नयन बनर्जी को गिरफ्तार करने में सफल रही। हालांकि अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि हाईवा को किन लोगों ने चुराया था और किसके द्वारा चोरी हुई हाईवा शिकारीपाड़ा से सैंथिया पहुंचाया गया। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है।



प्रेसवार्ता कर जानकारी देते थाना प्रभारी व जप्त हाईवा

## वेतनमान भुगतान की मांग कस्तूरबा विद्यालय संघ ने विधायक से की

**दुमका।** झारखंड अंशकालिक शिक्षक सह कर्मी संघ कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय संघ ने मंगलवार को कांग्रेस पोड़ैयाहाट विधायक प्रदीप यादव को मांग पत्र सौंपा। जिसमें संघ ने बताया कि 2005 से संचालित संपूर्ण कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में पठन-पाठन सुचारू रूप से किया जा रहा है। प्रारंभ में कक्षा 6 से 8 तक की पढ़ाई होती थी। जिसके लिए सरकार से द्वारा नियुक्ति समिति ने योग्यता और साक्षात्कार के आधार पर संविदा के अंतर्गत पूर्णकालिक शिक्षिकाओं का चयन किया गया। वर्ष 2010 से कस्तुरबा विद्यालय को अपग्रेड करते हुए 9 वीं से 12 वीं तक पठन-पाठन शुरू हुआ। इस शिक्षण कार्य के लिए नियुक्ति समिति द्वारा न्यूनतम योग्यता माध्यमिक स्तर पर स्नातक के साथ बीएड रखी गई। जबकि उच्च माध्यमिक में स्नाकोत्तर के साथ बीएड रखी गई। लेकिन इतना अधिक योग्यताधारी होने के बाद भी अंशकालिक शिक्षक-शिक्षिकाओं का मानदेय एवं पारिश्रमिक 250 रूपया से शुरू किया गया है। जबकी कक्षा 9 वीं से 12 वीं तक सारा पठन-पाठन अंशकालिक शिक्षक-शिक्षिका द्वारा ही पूरा किया जाता है। कक्षा 6 से 8 के खाली पदों पर अंशकालिक शिक्षक-शिक्षिका द्वारा ही सेवा दिया जा रहा है। पूरे राज्य में अलग-अलग मानदेय दिया जा रहा है। जो सामान्य मजदूर से भी कम है। जिससे परिवार का भरण-पोषण करना मुश्किल होता जा रहा है। संघ ने अंशकालिक शिक्षक-शिक्षकाओं की योग्यता और सेवा को देखते हुए स्थायी शिक्षक के रूप में वेतनमान के अंतर्गत अपग्रेड करने का मांग किया है।

### विधानसभा विशेष समिति की प्रमंडल स्तरीय बैठक हुई आयोजित

# नौकरियों में स्थानीय युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने को लेकर हुई चर्चा

खबर मन्त्र संवाददाता


बैठक करते विधानसभा समिति सदस्य व अन्य

**दुमका।** समाहरणालय सभागार दुमका में झारखंड विधान सभा के विशेष समिति की प्रमंडल स्तरीय बैठक मंगलवार को आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता समिति अध्यक्ष शिकारीपाड़ा विधायक नलिन सोरेन एवं सदस्य पोड़ैयाहाट विधायक प्रदीप यादव, गिरिडीह विधायक सुदिव्य कुमार एवं देवघर विधायक नारायण दास द्वारा की गई। बैठक में समिति अध्यक्ष और सदस्य ने अधिनियम 2021 और नियमावली 2022 के तहत बताया कि निजी क्षेत्र एवं वाय स्रोत द्वारा दी गई नौकरियों में स्थानीय युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने को लेकर बात कही गयी। समिति ने कहा कि 40 हजार और उनसे कम वेतन की नौकरी करनेवाले युवाओं को हर हाल में निजी कंपनियों को नौकरी उपलब्ध कराना है। नियोजन पदाधिकारी दुमका ने जिला नियोजन अधिनियम 2021 और नियमावली 2022 के तहत अब तक की गई कार्रवाई की जानकारी देते हुए बताया कि झारखंड नियोजन पोर्टल में 88 निजी कंपनियों ने निबंधन किया है, शेष प्रक्रिया में हैं। इसी प्रकार समिति द्वारा सभी जिले के नियोजन पदाधिकारी से अब तक की कार्रवाई की जानकारी ली तथा लक्ष्य अनुरूप कार्य पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया। समिति ने सभी विभागों के वरीय पदाधिकारियों को उनके अधीनस्थ आउटसोर्सिंग कंपनियों की जानकारी ली। अध्यक्ष एवं सदस्य ने बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों को उक्त अधिनियम के पीछे की सरकार की मंशा और राज्य के लिए उसकी महत्वपूर्णता से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि इस एक्ट का अनुपालन हर हाल में तय समय में पूरा करना है, जिला स्तर पर इसकी नियमित समीक्षा करने की बात कही। नियोजन पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि कितने स्थानीय युवाओं को किन कंपनियों ने विधानसभा की समिति ने पब्लिक सेक्टर यूनिट (पीएसयू) एवं बड़ कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ भी बैठक करें।

उनके यहां पोर्टल पर निबंधित कर्मियों की जानकारी लेते हुए कहा कि कि सभी नियोक्ता यह सुनिश्चित करेंगे कि उनके यहां कार्यरत सभी आउटसोर्सिंग कंपनियां अपना निबंधन झारखंड नियोजन पोर्टल पर हर हाल में करायें, साथ ही कर्मियों का विवरण की इंट्री पोर्टल पर करें और अपने यहां कार्यरत आउटसोसिंग कंपनियों की सूची जिला नियोजन कार्यालय को भी जमा करें।

## चलंत लोक अदालत पहुंची रंगेलिया गांव, लोगों को उनके हक और अधिकार को लेकर किया जागरूक

**दुमका।** न्याय आपके द्वार कार्यक्रम के तहत चलन्त लोक अदालत वाहन लोगों को जागरूक करने के लिए मंगलवा को रानेश्वर प्रखंड के रंगेलिया पंचायत पहुंची। जहां मुखिया जिसू बास्की की अध्यक्षता में लीगल एड डिफेंस काउंसिल अंकित कुमार सिंह ने कार्यक्रम की शुभारंभ किया। कार्यक्रम में एलएडीसी श्री सिंह ने डालसा द्वारा निःशुल्क विधिक सहायता कानून से संबंधित हक और अधिकार सहित लोक अदालत के विशेषताओं एवं नालसा के विभिन्न योजनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यक्ति किसी भी प्रकार के सरकारी योजनाओं से वंचित हो तो वैसे व्यक्ति आवेदन दें सकते है। जिसका लाभ दिलाने के लिए संबंधित अधिकारीयों को आवेदन भेजा जायेगा। इसके साथ ही कोई पीड़ित हो तो कानून के प्रति जागरूक होकर कानूनी प्रावधानों के द्वारा जो हक और अधिकार है। उसे अमल करते हुए त्वरित न्याय के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार को आवेदन करें। ऐसे कई बिंदुओं पर विभिन्न पंचायतों एवं गांव से आए हुए लोगों को जागरूक किया गया। लोगों को अधिक जानकारी के लिए लोगों के बीच पंपलेट का वितरण किया गया। मौके पर उप मुखिया देनेगार बीवी, वार्ड कर्मी, पीएलबी उमेश सोरेन मौजूद थे। कार्यक्रम मे मौजूद ग्रामीण वासियों से आवेदन लेते हुए उनके समस्या का जल्द से जल्द निदान का भरोसा दिलाया।

## गोपालगंज की बेटी जूनियर मिस इंडिया में बनी रनर अप

खबर मन्त्र संवाददाता

**गोपालगंज।** मुंबई में संपन्न हुए जूनियर मिस इंडिया प्रतियोगिता में गोपालगंज की 15 वर्षीय अनुष्का केसरी रनर अप रही। अनुष्का के घर वापसी गोपालगंज डीएम ने स्मृति चिन्ह देकर उन्हें सम्मानित किया। वहीं, मीडिया से बातचीत के दौरान अनुष्का ने बताया कि उसका सपना मिस इंडिया बनना है। बता दें कि 15 वर्षीय अनुष्का व्यवसाय प्रदीप केसरी की बेटी हैं। उन्होंने अभी मैट्रिक की परीक्षा दी है। अनुष्का के पिता ने बताया कि वह शुरू से ही पढ़ने लिखने में तेज रही है। साल भर पहले ऑनलाइन जूनियर मिस इंडिया का विज्ञापन देखकर उसने आवेदन दिया था। तीन चरणों में यह प्रतियोगिता संपन्न हुई थी। जिसमें उसने बेहतर प्रदर्शन किया। मेगा राउंड और ऑनलाइन प्रतियोगिता में इसका चयन होने के बाद अंतिम रूप से मुंबई के नेस्को सेंटर में आयोजित जूनियर मिस इंडिया का ग्रैंड फिनाले का कार्यक्रम संपन्न हुआ ,जिसमें अनुष्का रनर अप बनी। अनुष्का का सपना मिस इंडिया बनने का है। उन्होंने बताया कि फिलहाल 13 से 15 वर्ष के जूनियर ग्रुप में अनुष्का जूनियर मिस इंडिया में रन अप बनी है। उन्होंने अपने पहले ही प्रयास में बड़ी सफलता पाकर साबित कर दिया कि छोटे शहरों में भी प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। सभी ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और उनकी उपलब्धि के साथ- साथ जिले वासियों सहित पूरे बिहार का नाम रोशन करने के लिए उन्हें बधाईयां दी गई।



# रामचरित मानस है चित्त शुद्धि का विज्ञान : गुप्तेश्वर पांडेय




**बेगूसराय (हि.स.)।** राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर के पैतृक गांव सिमरिया में आयोजित सहस्त्र चंडी महायज्ञ ने वैदिक मंत्रोच्चार से इलाके को गुंजायमान कर दिया है। यज्ञ में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ आध्यात्म, मनोरंजन और साहित्य की त्रिवेणी बह रही है। आज के कथा में पूर्व डीजीपी और कथावाचक आचार्य गुप्तेश्वर पांडेय ने कहा है कि सिद्धों की शंका निवारण के लिए भगवान शिव के कथन पर तुलसीदास महाराज ने रामचरित मानस की रचना की। जिनके हृदय में श्रद्धा नहीं हो, उन्हें रामचरित मानस कथा अच्छी नहीं लगती। उन्होंने कहा कि जहां विज्ञान का अंत होता है, वहां अध्यात्म की शुरूआत होती है। रामचरित मानस चित्त शुद्धि का विज्ञान है। यदि किसी से ईर्ष्या, द्वेष और घृणा उत्पन्न हो तो, हमें समझना चाहिए कि मन बीमार है। भगवान राम जब नाग फांस में बंधे और गरूड़ जी नाग पाश को काटने आए तो उन्हें भी शंका हुआ कि भगवान खुद नाग पाश में कैसे बंध गए। संत का समाज घूमता फिरता तीर्थ है। फिजी से आए प्रवचनकर्ता स्वामी अग्निवेश महाराज ने कहा कि राम नाम ही जीवन का आधार है। आज हमें जो ख्याति मिली है, उसमें रामकथा का बड़ा योगदान है। जो अपने ऐश्वर्य और पद से नीचे उतरते हैं, रामचरित मानस उन्हें ही समझ में आती है।

प्रवचन शुरू होने से पहले कथावाचक आचार्य गुप्तेश्वर पांडेय को यज्ञ समिति के सचिव पूर्व मुखिया कृष्ण कुमार शर्मा एवं संयोजक विपिन कुमार सिंह ने तथा फिजी से आए कथावाचक स्वामी अग्निवेश को यज्ञ समिति के उपाध्यक्ष जयकांत राय एवं कैलाश सिंह ने अंगवस्त्र और प्रतीक चिह्न से सम्मानित किया। प्रवचन के बाद वृंदावन से आई गिर्राजधरण रासलीला मंडली ने कृष्ण लीला का सजीव वर्णन किया। मंडली के निर्देशक चिरंजी लाल शर्मा ठाकुर के कुशल निर्देशन में भगवान कृष्ण की लीला और भजन ने लोगों को झूमने पर विवश कर दिया। मेला क्षेत्र में दिनकर पुस्तकालय के स्टॉल का उद्घाटन वरिष्ठ साहित्यकार ई. कन्हाई पंडित ने किया।

एक नजर में

## आर्म्स एक्ट के आरोपी सोशल मीडिया पर पिस्टल लहराकर पुलिस को दे रहा चुनौती

**सहरसा।** जिले के सत्तरकटैया प्रखंड क्षेत्र के बिहरा थाना के बारा पंचायत के लालगंज वार्ड नं 11 में 7 मई को एक शादी समारोह में हर्ष फायरिंग की घटना हुई। बिहरा थाना क्षेत्र में आए दिन कई घटना घटित हो रही है। लेकिन पुलिस की उदासीनता से मनचले युवकों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। इस हर्ष फायरिंग की घटना को अंजाम देने वाले युवकों की टोली में मुख्य भूमिका बारा पंचायत के वार्ड नं 13 लालगंज निवासी विजय कुमार पिता भोगी साह खुलेआम बेहिचक अश्लील भोजपुरी गानों पर अवैध रूप से पिस्टल के साथ शराब की नशे में चूर होकर थिरक रहा है। विजय कुमार का आतंक इतना है कि जिस शादी समारोह में यह शराब के नशे में पिस्टल के साथ थिरक रहा था, उसके परिजनों द्वारा इन्हें बुलाने पर भी इंकार किया जाता रहा। विजय कुमार पर आर्म्स एक्ट के तहत व्यवहार न्यायालय में 1360/2022 मामला दर्ज है।

## भारतीय स्टेट बैंक के गृह ऋण खाते में एक करोड़ 79 लाख से अधिक का घोटाला

**बेगूसराय।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के आर.ए.ए.सी.सी. शाखा बेगूसराय के गृह ऋण खाते में एक करोड़ 79 लाख रुपये का घोटाला हुआ है। आंतरिक जांच में मामला सामने आने के बाद संबंधित कर्मचारी को निलंबित कर विभागीय प्रक्रिया की जा रही है। एसबीआई के क्षेत्रीय प्रबंधक आनंद कुमार मिश्रा ने नगर थाना में 11 लोगों के खिलाफ एक करोड़ 79 लाख 19 हजार गबन करने की प्राथमिकी दर्ज कराई है। नगर थानाध्यक्ष द्वारा इस मामले में थाना कांड संख्या-302/23 दर्ज करते हुए धारा 409 एवं 34 के तहत कार्रवाई की जा रही है। क्षेत्रीय प्रबंधक आनंद कुमार मिश्रा ने बताया कि सारण जिले के बनवारीपुर निवासी कामेश्वर भगत के पुत्र पिंटू कुमार (वर्तमान पता- राजापुल, पटना) भारतीय स्टेट बैंक के आर.ए.ए.सी.सी. शाखा बेगूसराय में सहायक प्रबंधक के पद पर कार्यरत हैं।

यह ऋण के भुगतान एवं ऋण के दैनिक देखरेख से संबंधित कार्य का निष्पादन करते थे। क्षेत्रीय प्रबंधक ने मंगलवार को बताया कि बैंक के आंतरिक जांच के दौरान पाया गया है कि पिंटू कुमार के द्वारा ग्राहकों के गृह ऋण खाते को डेबिट कर तीसरे व्यक्ति के खाते में रकम को जमा कर दिया गया है। इसके लिए संबंधित ग्राहकों से कोई सहमति पत्र नहीं लिया गया है। पिंटू कुमार का धोखाधड़ी पूर्ण एवं अपराधिक न्यास भंग करते हुए अनधिकृत तरीके से किए गए पैसों का अंतरण, उनके एवं उपरोक्त लाभार्थियों (जिनके खाते में पैसों का अंतरण हुआ है) द्वारा अपराधिक षडयंत्र कर पैसों का गबन किया गया है।

## मोतिहारी पुलिस ने अपराध की योजना बना रहे आठ अपराधियो को किया गिरफ्तार

**पूर्वीचंपारण।** जिले के हरसिद्धि थाना क्षेत्र में अपराध की योजना बना रहे आठ अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार करते हुए अपराध की योजना को विफल कर दिया है। इसकी जानकारी देते हुए एसपी कांतेश कुमार मिश्र ने पत्रकारों को बताया कि सूचना के आलोक में हरसिद्धि थाना क्षेत्र के कोबेया पुल के समीप कुछ अपराधकर्मी एकत्रित होकर अपराध की योजना बना रहे है। सूचना के सत्यापन एवं त्वरित कार्रवाई के लिए डीएसपी अरेराज रंजन कुमार के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया गया। लिहाजा पुलिस की टीम ने तत्काल कोबेया पुल की घेराबंदी कर छापेमारी की, जिसमें आठ अपराधियों को दबोच लिये गये। गिरफ्तार बदमाशो में अभिनव कुमार उर्फ अभी पिता नरेश प्रसाद ग्राम हरसिद्धि कानू टोला, विक्की कुमार पिता शत्रुधन ठाकुर दुधही भरवलिया, मो. शहाबुद्दीन पिता कलामुदीन हरसिद्धि खास, राज रोशन पिता सत्यदेव सहनी दुधही,नरेन्द्र कुमार पिता शंभू साह पानापुर, राहुल कुमार पिता महेन्द्र यादव धवही, लालबाबू कुमार पिता रीखदेव सहनी धनखरैया,राजकुमार पिता किनदेव प्रसाद हरसिद्धि खास सभी हरसिद्धि थाना जिला पूर्वी चम्पारण के है। इनके पास से एक पिस्टल, दो देशी कट्टा, दस जिंदा कारतूस, सात मोबाईल, एक बाइक बरामद की गई है। छापेमारी दल में डीएसपी के अतिरिक्त हरसिद्धि थानाध्यक्ष विक्रांत सिंह, पुअनि ज्वाला सिंह जिला सूचना इकाई, पुअनि रविरंजन कुमार हरसिद्धि, पुअनि विनीत कुमार हरसिद्धि एवं पुअनि विभा भारती हरसिद्धि के अलावें पुलिस के जवान शामिल थे।

## सांसद ने अधिकारियों को दी सख्त हिदायत काम का बदले तरीका अन्यथा होगी कार्रवाई

**अररिया।** अररिया सांसद प्रदीप कुमार सिंह ने मंगलवार को जोकीहाट प्रखंड कार्यालय में प्रखंड स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षात्मक बैठक की। जोकीहाट प्रखंड की जनता औ? जनप्रतिनिधियों द्वारा लगातार मिल रही शिकायत औ? जोकीहाट नगर पंचायत में हुए विकास कार्यों में बरती गई अनियमिताओं की सही जानकारी लेने को लेकर सांसद ने प्रखंड स्तर के अधिकारियों के साथ मीटिंग की और अधिकारियों को काम काज के तरीके में सुधार लाने की सख्त हिदायत दी। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट रूप से कहा कि काम काज के तौर तरीकों में बदलाव करे,अन्यथा कार्रवाई के लिए तैयार रहे।जनता की समस्याओं के निष्पादन में गंभीरतापूर्वक ध्यान देने की हिदायत दी। बैठक में उपस्थित सभी विभागीय अधिकारियों को जनसमस्याओं के निष्पादन में हो रही है देरी का कारण पूछने के साथ पंचायत स्तरीय जनप्रतिनिधियों द्वारा लगाए गए आरोपों के संबंध में भी जानकारी ली। सांसद ने बैठक के दौरान मौजूद सभी अधिकारियों को जनसमस्याओं के त्वरित निष्पादन एंव जनता की परेशानियों को दूर करने का दिशा- निर्देश दिया। बैठक के उपरांत सांसद प्रदीप कुमार सिंह ने कहा कि बीते कुछ महीनों से जोकीहाट की जनता औ? पंचायत स्तरीय जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रखंड स्तरीय अधिकारियों एंव कर्मचारियों की लापरवाही की शिकायत मिल रही थी।जनता से लेकर जनप्रतिनिधि तक इन अधिकारियों के कामकाज के तौर तरीके से तंग थे।विकास कार्यों में लगातार अनियमिताओं की भी जानकारी मिल रही थी।लिहाजा प्रखंड स्तरीय अधिकारियों के संग बैठक कर विकास कार्यों का लेखा-जोखा लिया एंव बैठक में उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों के समक्ष सही तरीके जनसमस्याओं के सही तरीके से निपटाने का सख्त निर्देश दिया।

## जातीय गणना पर भाजपा का दोहरा चरित्र : उमेश

**पटना।** बिहार जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रत्यक्ष रूप से जाति आधारित गणना के विरोध में खड़े होने की साहस नहीं है, इसीलिए भाजपा जाति आधारित गणना में अड़ंगा लगा रही है। प्रदेश अध्यक्ष ने मंगलवार को बयान जारी कर कहा कि इधर-उधर की बात करने के बजाए भाजपा को जाति आधारित गणना पर अपना रुख स्पष्ट करना चाहिए। उनके दोहरी नीति से प्रदेश की जनता में ऊहापोह और अनिश्चितता की स्थिति बनी हुई है। जातीय गणना पर भाजपा का दोहरा रवैया बिहार के हित में कतई नहीं है। उन्होंने कहा कि जाति आधारित गणना और आर्थिक सर्वेक्षण के विरोध में कोर्ट में याचिका दायर करने वाले लोग भाजपा के राजनीतिक एजेन्ट हैं। भाजपा के इशारे पर ही उनलोगों ने न्यायालय में जातीय गणना के खिलाफ याचिका दायर करने का काम किया है और बिहार की जनता इस बात को अच्छे से समझती है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि जातीय गणना को लेकर भाजपा की नीयत साफ नहीं है।

## ईंट के ढेर से निकला विषैला कॉमन करैत

**बगहा।** वाल्मीकिनगर स्थित विजयपुर मुहल्ला में एक निमार्णाधीन भवन से जंगली विषैला सांप कॉमन करैत का रेस्क्यू मंगलवार की देर शाम में किया गया । वन विभाग सूत्रों के मुताबिक भवन निर्माण के लिए रखे गए ईंट के ढेर में छुपे सांप को निर्माण कार्य में लगे मजदूरो ने देखकर आसपास के लोगों को बताई । लोगों ने वन विभाग को इसकी जानकारी दी।सूचना के तुरंत बाद स्नैक कैचर शंकर को रेस्क्यू के लिए भेजा गया । ईंट के ढेर में छुपे काफी मशक्कत के बाद विषैले कॉमन करैत का रेस्क्यू किया गया। जिसे बाद में वाल्मीकि व्याघ्र परियोजना के जंगल में सुरक्षित छोड़ दिया गया। इन दिनों गर्मी के कारण भोजन और ठंडे जगह की तलाश में ये जंगली जीवजन्तु रिहायशी इलाके की तरफ चले आ रहे हैं।





# सूर्या ने अकेले दम पर मुंबई को जिताया

## आरसीबी को 6 विकेट से हराकर टॉप-4 में एमआइ, रोहित फिर फेल

एजेंसी



**मुंबई।** मुंबई इंडियंस (एमआइ) ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू( आरसीबी) से आईपीएल 2023 में मिली अपनी पहली हार का बदला अब ले लिया है। एमआई ने मंगलवार को वानखेड़े स्टेडियम में खेले गये मुकाबले में आरसीबी को 6 विकेट से करारी शिकस्त दी। टास हार कर आरसीबी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए होम टीम मुंबई के सामने 200 का बड़ा टारगेट रखा था। मुंबई ने इस लक्ष्य को सूर्यकुमार यादव और नेहाल वढेरा की तूफानी बल्लेबाजी के चलते 16.3 ओवर में हासिल कर लिया। यह एक हाई स्कोरिंग मैच रहा। इससे पहले रोहित शर्मा की अगुवाई वाली मुंबई ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया था। दोनों टीमों ने अब तक पांच-पांच मुकाबले जीते थे। मुंबई की यह छठी जीत हो गयी और वह अंक तालिका में चौथे नंबर पर पहुंच गयी। पावर प्ले में ईशान किशन और रोहित शर्मा (7) के बड़े विकेट गंवाने के बावजूद मुंबई ने बेंगलुरू को 6 विकेट से हरा दिया। किशन ने शानदार शुरुआत की और तेजी से 42 रन बनाये। इसके बाद क्रीज पर आये सूर्यकुमार और नेहाल वढेरा ने मुंबई के लिए जीत आसान कर दी। सूर्या ने 35 गेंद पर तूफानी पारी खेलते हुए 83 रन बना डाले। सूर्या का आइपीएल में यह सर्वोच्च स्कोर है। इससे पहले उन्होंने हैदराबाद के खिलाफ 82 रन बनाये थे। आरसीबी के खिलाफ आज सूर्या ने 83 रन की अपनी पारी में 7 चौके और 6 छक्के लगाये हैं। अंत में वढेरा ने भी अपना अर्धशतक पूरा किया। मुंबई ने 200 का लक्ष्य 16.3 ओवर में ही हासिल कर लिया। 11वें ओवर में मुंबई के बल्लेबाज नेहाल वढेरा ने एक ऐसा छक्का मारा कि बॉल सीधा जाकर मैदान के बाहर लगी टाटा ईवी कार से टकरायी। यह कार ऑरेंज कैप विजेता को दी जायेगी।

**रोहित ने टास जीता :** इससे पहले मुंबई इंडियंस के कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया था। आरसीबी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए फाफ डुप्लेसी और ग्लेन मैक्सवेल के अर्धशतक के दम पर मुंबई को 200 रनों का लक्ष्य दिया था। आरसीबी ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 6 विकेट पर 199 रन बना दिये। सबसे ज्यादा ग्लेन मैक्सवेल ने 68 रन बनाये। वहीं फाफ डुप्लिसिस ने भी 65 रन की दमदार पारी खेली। इसके अलावा दिनेश कार्तिक ने भी अंत में आकर तेज गति से 30 रन बनाये। मुंबई के गेंदबाजों की ओर से जेसन बेहरनडॉफ सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने 36 रन देकर 3 विकेट लिए। वहीं पीयूष चावला, कैमरन ग्रीन और क्रिस जॉर्डन ने भी 1-1 विकेट झटका।

**रोहित फिर विफल रहे :** मुंबई को पिछले मुकाबले में एमएस धोनी की चेन्नई सुपर किंग्स से हार का सामना करना पड़ा था। कप्तान रोहित शर्मा पिछले कुछ मुकाबलों की तरह आज भी बड़ी पारी नहीं खेल सके। मात्र 7 रन बना कर आउट हो गये।

**कोहली 1 रन पर आउट:** आरसीबी को पहले ओवर की पांचवीं ही गेंद पर ही बड़ा झटका लगा, जब विराट कोहली एक रन पर आउट हो गये। उन्हें तेज गेंदबाज जेसन बेहरेनडोर्फ ने लिया। आरसीबी की ओर से दिनेश कार्तिक ने 18 गेंद पर 30 रनों की पारी खेली। फाफ डुप्लेसी 41 गेंद पर 65 रन बनाये। डुप्लेसी अब तक 500 से अधिक रन बना चुके हैं और ऑरेंज कैप अपने पास रखा हुआ है। ग्लेन मैक्सवेल 68 रन बनाकर आउट हो गये। आरसीबी के कप्तान फाफ डुप्लेसी ने भी अर्धशतक जड़ा।

### आज के मैच




## स्किन कैंसर से जूझ रहे रें सैम बिलिंग्स, 2 ऑपरेशन करवाए

**लंदन।** इंग्लैंड के विकेटकीपर बल्लेबाज सैम बिलिंग्स ने खुलासा किया है कि वह त्वचा कैंसर से जूझ रहे हैं और ज्यादा देर तक धूप में रहने के खतरों को लेकर अपने साथी खिलाड़ियों में जागरूकता पैदा करना चाहते हैं। बिलिंग्स ने पिछले साल अपने सीने पर से घातक मेलेनोमा को हटाने के लिए 2 ऑपरेशन करवाए थे। उन्होंने मंगलवार को सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी थी। उन्होंने कहा कि अगर मैं उस दिन जांच कराने के बजाय बैठक में चला जाता तो फिर मुझे अगले छह महीने तक इंतजार करना होता और तब यह बेहद गंभीर हो जाता। बिलिंग्स ने इंग्लैंड के लिए 3 टेस्ट, 28 वनडे और 37 टी-20 मैच खेले हैं। वह इस समय काऊंटी क्रिकेट खेल रहे हैं। उन्होंने साथी खिलाड़ियों और प्रशंसकों को धूप में ज्यादा समय बिताने के खतरों से आगाह किया। बिलिंग्स ने कहा कि मैं केवल पेशेवर मैचों की ही बात नहीं कर रहा हूं। क्लब क्रिकेटर और खेल को देखने वाले लोग भी इसकी चपेट में आ सकते हैं। मैं हाल में लॉर्डस में खेला था और धूप खिली थी।

## मॉर्निंग ग्रुप के राहत इंदौरी मेमोरियल बैडमिंटन टूर्नामेंट का दूसरा दिन



**रांची।** जीईएल चर्च कॉम्प्लेक्स परिसर में मॉर्निंग ग्रुप रांची के तत्वावधान में खेले जा रहे तीसरे राहत इंदौरी मेमोरियल बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दिन मंगलवार को मैच में डॉक्टर शेरान अली और मो कुस्सू की जोड़ी के बीच चले कड़े मुकाबले में मो कुस्सु ने जीत दर्ज करते हुए सेमी फाइनल की राह आसान कर ली। वहीं एक मैच हारने के बाद भी डॉक्टर शेरान अली की जोड़ी सेमी फाइनल की ओर कदम बढ़ाया। ग्रुप बी के अन्य मैच में मो मीर, मो मिमशाद, मो आमिर की जोड़ी ने अपना अपना मैच जीत कर अगले राउंड में अपनी जगह पक्की कर ली। मॉर्निंग ग्रुप के नेहाल अहमद ने यह जानकारी देते हुए बताया कि आज के मुख्य अतिथि जमीयतुल इराकीन के पूर्व अध्यक्ष अब्दुल मन्नान,समाज सेवी समी आजाद को शरफुल खान और कैसर खान ने खिलाड़ियों का परिचय करवाया, जबकि आज के मैच में रेफरी की भूमिका शमीम मुजीबी,कफिल खान,नफीस अख्तर ने निभाई।

## धीमी ओवर गति के लिये राणा पर लगा जुर्माना

**कोलकाता।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के कप्तान नीतीश राणा पर पंजाब किंग्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग मैच में धीमी ओवर गति बरकरार रखने के लिये 12 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया गया है। लीग ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि आइपीएल की आचार संहिता के तहत यह इस सीजन ओवर गति से संबंधित केकेआर का पहला अपराध था, इसलिए राणा पर 12 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया गया।

## गौतम गंभीर ने जीता दिला, पूर्व क्रिकेटर की मदद को आगे आये

**नयी दिल्ली।** भारत के पूर्व बल्लेबाज गौतम गंभीर ने नेक काम करते हुए एक बार फिर फैंस का दिल जीत लिया है। वह पूर्व क्रिकेटर राहुल शर्मा की बीमार सास के इलाज में मदद करने के लिए आगे आए, जिसका अब क्रिकेटर ने गंभीर का आभार व्यक्त करने के लिए अपने ट्विटर अकाउंट का सहारा लिया। आपको बता दें कि राहुल की सास ब्रेन हैमरेज से पीड़ित थीं और उनकी हालत गंभीर थी।पूर्व स्पिनर ने साझा किया कि गंभीर महत्वपूर्ण समय के दौरान उनके बचाव में आए थे। उन्होंने आगे कहा कि 2011 विश्व कप विजेता बल्लेबाज ने अपने निजी सहायक गौरव अरोड़ा की मदद से सर्वश्रेष्ठ न्यूरोलॉजिस्ट प्रदान किया और अपनी सास को नई दिल्ली के सर गंगा राम अस्पताल में भर्ती कराया।

## पेज 1 का शेष

### गठबंधन पर राजनीतिक चर्चा...

महागंठबंधन में पटनायक को बुलाने पर चुप्पी : नीतीश कुमार से जब पूछा गया कि क्या उन्होंने नयी दिल्ली में सभी गैर भाजपा दलों की प्रस्तावित बैठक में महागठबंधन पर चर्चा करने के लिए पटनायक को आमंत्रित किया है, तो वह भी टाल गये। श्री कुमार के 11 मई को शरद पवार और उद्धव ठाकरे सहित महा विकास अघाड़ी के नेताओं से मिलने मुंबई जानेवाले की भी संभावना है। नीतीश कुमार दोनों नेताओं को बिहार में होने वाली विपक्षी दलों की बैठक में निमंत्रण देंगे। महाराष्ट्र में शरद पवार की भूमिका चाणक्य की तरह है। उनको साथ लेकर नीतीश अपने तीसरे मोर्चे को मजबूती देनें की कोशिशों में जुटे हैं। नीतीश कह चुके हैं कि एनडीए गठबंधन को 100 सीट के अंदर समेटना है। अपने उद्देश्य के मुताबिक वो उस दिशा में प्रयास कर भी रहे हैं। नीतीश कुमार ने एक ही दिन में पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी और सपा प्रमुख अखिलेश यादव से भी मुलाकात कर चुके हैं। अखिलेश ने लखनऊ में कहा कि भाजपा जब तक हटेगी नहीं तब तक देश बचेगा नहीं। वहीं ममता बनर्जी ने भी नीतीश से कहा है कि बिहार से ही जेपी आंदोलन शुरू हुआ। सर्वदलीय बैठक कर हम तय कर सकते हैं कि हम किस दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। हमें विरोधियों को एकजुटता का संदेश भी देना है, ताकि भाजपा जीरो बन जाये।

### बिजली कटी...

पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष मंजूर अंसारी के नेतृत्व में बैठक चल रही थी। जेनरेटर के अभाव में बिजली विभाग के भरोसे बैठक शुरू कर दी। इसका खामियाजा भी आयोजकों को भुगतना पड़ा। इस मामले में जब सूबे के मंत्री और कांग्रेस नेता आलमगीर आलम से पूछा गया तो उनका जवाब था कि अचानक बिजली चली गयी। विभाग के अधिकारियों से संपर्क किया जा रहा है। वहीं, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर कतई मानने को तैयार नहीं हैं कि बिजली की किल्लत है। चेहरे का पसीना पोछते हुए वे कहते हैं कि पूर्ववर्ती सरकार के समय बिजली की जो स्थिति थी उसमें आज काफी सुधार हुआ है। गठबंधन की सरकार में बिजली की स्थिति काफी बेहतर है। बैठक में तकनीकी कारण से बिजली गुल हुई है। समय रहते सुधार हो गया उसके बाद बैठक संपन्न हुआ।

### आज रांची में...

जबकि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से भी 2024 के लिए भाजपा विरोध की मुहिम से जुड़ने के तहत नीतीश कुमार मुलाकात कर चुके हैं। सभी को एक मंच से जुड़कर भाजपा विरोध को लेकर नीतीश कुमार विपक्ष को एक जुट करने में लगे हुए हैं। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव से भी उत्तर प्रदेश में उनके लखनऊ आवास पर जाकर के नीतीश कुमार ने अप्रैल महीने में मुलाकात की थी। नीतीश कुमार 2024 के लिए सभी विपक्षी दलों को एकजुट करने में जुटे हुए हैं और इसी क्रम में 9 मई को नीतीश कुमार उड़ीसा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक से भी मुलाकात किये हैं। हालांकि नवीन पटनायक से मुलाकात को राजनीति से अलग बताया जा रहा है। लेकिन 2024 की तैयारियों पर चर्चा जरूर हुई होगी।

### अभी नहीं मिलेगी...

**11 से 14 मई तक बादल छाये रहने की संभावना :** विभाग ने बताया कि 11 मई से 14 मई तक राज्य के कुछ हिस्सों में बादल छाये रहेंगे। लेकिन कुछ जिलों में ही देखा जायेगा। हालांकि इससे तापमान में कमी नहीं होगी। लोगों को गर्मी का एहसास होगा। वहीं, उमस का भी सामना करना पड़ेगा। वहीं, कुछ जिलों में बादल के साथ इस दौरान कुछ इलाकों में धूप का भी एहसास लोगों को होगा। हालांकि बारिश की संभावना व्यक्त नही की गयी है। नौ मई को राज्य का अधिकतम तामपान 39 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जबकि न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया है। आने वाले कुछ दिनों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक होने की संभावना व्यक्त की गयी है। वहीं, जमशेदपुर, धनबाद, बोकारो, चाईबासा जिला के तापमान में 43 डिग्री सेल्सियस तक की वृद्धि दर्ज की जायेगी। **कुछ जिलों में हुई बारिश :** सोमवार को राज्य के कुछ जिलों में बारिश हुई। जिसमें गढ़वा, पलामू, पश्चिमी सिंहभूम, पूर्वी सिंहभूम शामिल रहे। लेकिन अन्य जिलों में मौसम गर्म रहा।

### इमरान खान गिरफ्तार...

**गुलामी से मौत बेहतर :** इमरान- गिरफ्तारी से पहले इमरान ने कहा कि मुझ पर कोई मामला नहीं है। वे मुझे जेल में डालना चाहते हैं, मैं इसके लिए तैयार हूं। उन्होंने कहा कि आईएसआई मेरा कत्ल कराना चाहती है। इनकी गुलाम से तो मौत बेहतर है। मुझे झूठे आरोपों में फंसाया जा रहा है। **कोर्ट में सुनवाई :** इमरान की गिरफ्तारी को लेकर इस्लामाबाद हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान चीफ जस्टिस ने पूरे घटनाक्रम पर नाराजगी जतायी। उन्होंने कहा कि जो हुआ, वह अक्षम्य है। मैं इसकी तह तक जाऊंगा। उन्होंने कहा कि अधिकारी अपनी जिम्मेदारी से मुंह नहीं फेर सकते। सब कुछ कानून के मुताबिक होना चाहिए। अगर ऐसा नहीं हुआ तो हम किसी को भी नहीं बख्शेंगे। कोर्ट से आईजी ने कहा कि एनएबी पास गिरफ्तारी का वारंट था। वारंट की कॉपी कोर्ट के सामने पेश कर दी गई है। **क्या है अल-कादिर ट्रस्ट केस :** यह एक विश्वविद्यालय से जुड़ा मामला है। आरोप है कि इमरान ने बतौर पीएम इसे गैरकानूनी तरीके से करोड़ों रुपए की जमीन मुहैया कराई थी। इसका खुलासा पाकिस्तान के सबसे अमीर शख्सियत मलिक रियाज ने किया था। उन्होंने आरोप लगाया था कि इमरान और उनकी पत्नी ने उनकी गिरफ्तारी के नाम पर धमकाकर अरबों रुपये की जमीन अपने नाम करा ली। इसमें इमरान की पत्नी बुशरा बीबी की ओर से पांच कैरेट के हीरे की अंगूठी मांगे जाने की बात सामने आई थी।

## मॉस्को चैंपियनशिप के पदक विजेता हुए सम्मानित

**नयी दिल्ली।** भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के उप–महानिदेशक शिव शर्मा और एकता विश्नोई ने मॉस्को वुशु स्टार्स चैंपियनशिप में पदक जीतने वाली लड़कियों को मंगलवार को यहां सम्मानित किया। भारतीय लड़कियों ने इसी महीने रूस में हुए आयोजन में कुल 17 पदक जीते।

## अभिमन्यु नें गुकेश को ड्रॉ पर रोका

**मालमो, स्वीडन।** तेपे सिगमन सुपर ग्रांड मास्टर शतरंज टूनार्मेंट में पांचवां राउंड एक बार फिर भारत के लिए मिला जुला रहा। प्रतियोगिता के टॉप सीड ग्रांड मास्टर डी गुकेश को अच्छी स्थिति में होने के बाद भी जीत नहीं दर्ज कर सके उन्हे दुनिया के सबसे कम उम्र के ग्रांड मास्टर का रिकार्ड अपने नाम रखने वाले यूएसए के 14 वर्षीय अभिमन्यु मिश्रा नें ड्रॉ पर रोक लिया। सफेद मोहरो से खेल रहे गुकेश को अभिमन्यु नें सिसिलियन ओपनिंग में 42 चालों में बराबरी पर रोका। वहीं कल गुकेश को हराकर वापसी करने वाले अर्जुन एरिगासी को नीदरलैंड के जॉर्डन वान फॉरेस्ट से हार का सामना करना पड़ा, पिछले पांच राउंड में अर्जुन नें दो मुकाबले जीते है जबकि उन्हे तीन में हार का सामना करना पड़ा है। अन्य मुकाबलों में रूस के पीटर स्वीडलर नें जर्मनी के विन्सेंट केमर से तो इजराइल के बोरिस गेलफंड नें स्वीडन के निल्स ग्रंडेलीयूस से से मुकाबला ड्रॉ खेला। 7 राउंड के इस टूनार्मेंट में अब अंतिम 2 राउंड बाक रह गए है ।

## फखर ने जीता आइसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ चैपमैन और जयसूर्या को छोड़ा पीछे

**दुबई।** पाकिस्तान के बल्लेबाज फखर जमां को अप्रैल महीने के लिये आईसीसी का सर्वश्रेष्ठ पुरूष खिलाड़ी चुना गया जबकि थाईलैंड की कप्तान नूरेमोल चाइवाइ सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी रहीं। दोनों बल्लेबाजों को अप्रैल में उनके शानदार प्रदर्शन के लिए पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों, आईसीसी हॉल आफ फेमर्स और मीडिया प्रतिनिधियों की जूरी के अलावा दुनिया भर के क्रिकेट प्रेमियों द्वारा किये गए मतदान के आधार पर चुना गया। फखर नवंबर 2022 में सिद्रा अमीन के बाद से यह पुरस्कार जीतने वाले पाकिस्तान के पहले खिलाड़ी हैं। उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे श्रृंखला में लगातार दो शतक लगाए। उन्होंने पुरस्कार के लिए न्यूजीलैंड के मार्क चैपमैन और श्रीलंका के प्रबाथ जयसूर्या को पछाड़ा। वहीं चाइवाइ जिम्बाब्वे के खिलाफ वनडे श्रृंखला में थाईलैंड की 3 .0 से ऐतिहासिक जीत की सूत्रधार रही। उन्हें प्लेयर आफ द सीरिज चुना गया था।

## मां बनने के बाद स्ट्राइकोवा ने जीता पहला मैच, मेरिना को 3 सेट में हराया

**रोम।** चेक गणराज्य की बारबरा स्ट्राइकोवा ने मातृत्व अवकाश से वापसी करते हुए अपना पहला महिला एकल मुकाबला जीता जब उन्होंने मंगलवार को यहां इटैलियन ओपन टेनिस टूनार्मेंट के पहले दौर में मेरिना जानेवस्का को तीन सेट में हराया। सैंतीस साल की स्ट्राइकोवा ने यूक्रेन में जन्मीं बेल्जियम की खिलाड़ी के खिलाफ 6–1, 3–6, 6–3 से जीत दर्ज की। अपने बेटे विन्सेंट के जन्म के कारण स्ट्राइकोवा ने दो साल से भी अधिक समय बाद दो हफ्ते पहले टूर पर मैड्रिड ओपन के साथ वापसी की थी। मैड्रिड में स्ट्राइकोवा को एकल वर्ग के पहले दौर में ही हार का सामना करना पड़ा था जबकि उन्होंने अपनी जोड़ीदार सीह सू वेई के साथ मिलकर युगल वर्ग के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई थी। स्ट्राइकोवा अगले दौर में नौवीं वरीय मारिया सकारी से भिड़ेंगी। अन्य मुकाबलों में एना ब्लिंकोवा ने मायर शेरिफ को 2–6, 6–2, 6–3 से हराया जबकि नूरिया पेरिजास डियास ने ज्यूल नीमेइर को 4–6, 6–4, 6–2 से शिकस्त दी।

## आशा देवी मेमोरियल टेबल टेनिस प्रतियोगिता 12 एवं 13 मई को

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। कांटाटोली के वाईएमसीए वीटीसी सेंटर में आशा देवी मेमोरियल टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन 12 एवं 13 मई को होगा। रांची डिस्ट्रिक्ट टेबल टेनिस संघ द्वारा आयोजित दो दिवसीय टूर्नामेंट में बालक बालिकाओं के अंडर 13, अंडर 15 और अंडर 17 वर्ग के अलावा पुरुष एवं महिला एकल के साथ ही 40 वर्ग के पुरुष एकल की स्पर्धा का भी आयोजन किया गया है। संघ के अध्यक्ष समरजीत सिंह ने कहा कि इच्छुक खिलाड़ी अपनी प्रविष्टि सुदीप्तो मुखर्जी 9431584636, देवेश कुमार झा 7979734561 के माध्यम से पंजीकृत कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि ई मेल आईडी पर

## दीपक, निशांत क्वार्टरफाइनल में, सचिन हारे

एजेंसी

**ताशकंद।** भारतीय मुक्केबाज दीपक भोरिया और निशांत देव ने मंगलवार को विश्व चैंपियनशिप में अपने-अपने मुकाबले जीतकर क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली, जबकि उनके हमवतन सचिन सिवाच हार का स्वाद चखकर प्रतियोगिता से बाहर हो गये। दीपक ने 51 किग्रा भार वर्ग के प्री-क्वार्टरफाइनल में चीन के च्यामाओ झांग को 5-0 से हराया। निशांत (71 किग्रा) ने फिलिस्तीन के निदल फोकाहा को पहले ही मिनट में दो बार चित्त करके अंतिम-16 का मुकाबला जीता। दीपक और निशांत अब कांस्य पदक से सिर्फ एक जीत दूर हैं, लेकिन सचिन (54 किग्रा) कजाकस्तान के साबिरखान से 0-5 से हारने के कारण टूनार्मेंट से बाहर हो गये। च्यामाओ के खिलाफ खड़े दीपक ने शुरू से ही बाउट को अपने काबू में रखा। दीपक के पास अपने प्रतिद्वंदी के हमलों को आंकने की क्षमता थी और उन्होंने अपनी स्फूर्ति और सटीक मुक्कों के साथ पहले राउंड से ही अपना दबदबा कायम कर लिया। दूसरे राउंड की शुरूआत में दीपक रणनीतिक तौर पर रक्षात्मक हो गए लेकिन राउंड खत्म होने से पहले उन्होंने झांग को कुछ जोरदार वामहस्त मुक्के मारकर एक बार फिर अपना दबदबा कायम किया। तीसरे राउंड में, झांग ने मुक्कों के संयोजन के साथ और अधिक आक्रामक होने की कोशिश की। दीपक को अपने बचाव के लिए काफी सक्रिय होना पड़ा, हालांकि भारतीय मुक्केबाज ने संयम के साथ मुकाबला किया और आराम से बाउट जीत ली। जीत के बाद दीपक ने कहा, ्मेरी रणनीति मैच में अपने सबसे मजबूत हथियार का उपयोग करने की थी जो कि मेरा लेफ्ट हुक है। और मैच में सब कुछ हमारी योजना के अनुसार हुआ। मैंने बाउट के दौरान गति प्राप्त करने की कोशिश की और कुछ सटीक मुक्के मारने से पहले अपने प्रतिद्वंद्वी को लुभाने की कोशिश भी की। मेरा ध्यान अब अगले मुकाबले पर है और मैं भारत के लिए पदक सुनिश्चित करने के की कोशिश करूंगा। इसके लिए मैं अपना 100 प्रतिशत दूंगा। दीपक अब अपना अगला मुकाबला किर्गिस्तान के दियुशेबाएव नूरझिगित के खिलाफ खेलेंगे, जबकि निशांत का सामना क्यूबा के जॉर्ज क्यूलर से होगा। आज के आगामी मुकाबलों के दौरान आकाश सांगवान (67 किग्रा) अपने क्वार्टरफाइनल के लिये रिंग में उतरेंगे।

## लौरियस ने मेस्सी को चुना साल का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी

एजेंसी

**पैरिस।** अर्जेंटीना के दिग्गज फुटबॉलर और सात बार के बैलेन डिओर विजेता लियोनेल मेस्सी को लौरियस खेल पुरस्कार समारोह में साल का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया है। अर्जेंटीना को फीफा विश्व कप 2022 जिताने वाले 35 वर्षीय खिलाड़ी को शीर्ष आयोजन में उनके प्रदर्शन के लिये सोमवार को इस पुरस्कार से नवाजा गया। अर्जेंटीना ने विश्व कप के रोमांचकारी फाइनल में फ्रांस को शूटआउट में मात दी थी। इस पुरस्कार की होड़ में फ्रांस के अग्रणी स्ट्राइकर कीलियन एम्बाप्pe, स्पेन के राफेल नडाल और दो बार के फॉमुर्ला-1 विश्व चैंपियन वस्टरप्पन भी शामिल थे। इस समारोह में अर्जेंटीना को साल की सर्वश्रेष्ठ टीम चुना गया। अपनी पत्नी एंटोनेला रोकुजो के साथ समारोह में मौजूद रहे मेस्सी ने अपने साथ-साथ टीम का पुरस्कार भी स्वीकार किया। मेस्सी ने इससे पहले 2020 में ब्रिटेन के फॉमुर्ला वन चैंपियन लेवाइस हैमिल्टन के साथ संयुक्त रूप से यह पुरस्कार जीता था।

## सऊदी में मेस्सी का खेलना लगभग तय : रिपोर्ट



**नयी दिल्ली।** अर्जेंटीना के स्टार फुटबॉल खिलाड़ी लियोनल मेसी क्लब फुटबॉल फ्रांस के लोकप्रिय क्लब पेरिस सैंट जर्मेन के लिए खेलते हैं। वह 2021 में बार्सिलोना के बाद इस क्लब से जुड़े थे। वहीं अब मेसी एक बार फिर इस समय सुर्खियों में बने हुए हैं। इसकी वजह कोई शानदार गोल या अवॉर्ड नहीं बल्कि इनका ट्रांसफर है। मेसी सऊदी अरब के एक क्लब के साथ बहुत बड़ी डील साइन करने जा रहे हैं।

### लियोनल मेसी अल-हिलाल के साथ साइन करेंगे 522 मिलियन यूरो की डील

अर्जेंटीना के कप्तान और वर्ल्ड कप विनर लियोनल मेसी सऊदी अरब के अल-हिलाल क्लब के साथ 522 मिलियन यूरो की डील साइन करने जा रहे हैं। अगर भारतीय करेंसी में देखें तो अल-हिलाल ने मेसी के सामने 4 अरब 70 करोड़ की डील रखी है, जिसको मेसी शायद जल्दी ही साइन कर सकते हैं। मेसी के इस मूव के साथ उनकी राइवलरी दिग्गज खिलाड़ी क्रिस्टियानो रोनाल्डो के साथ एक बार फिर देखने को मिलेगी, जो इस वक्त अल हिलाल के राइवल क्लब अल नस्र के लिए खेलते हैं। दोनों के बीच एक बार फिर पुराने दिनों की तरह जबरदस्त कॉन्टेस्ट देखने को मिल सकता है।

## प्लेयर ऑफ द ईयर 2022 अवार्ड जीतने पर हार्दिक सिंह ने कहा-मेरी मेहनत रंग लाई

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम के मिडफील्डर हार्दिक सिंह ने मार्च 2023 में नयी दिल्ली में आयोजित 5वें हॉकी इंडिया वार्षिक पुरस्कार 2022 में हॉकी इंडिया बलबीर सिंह सीनियर अवार्ड फॉर प्लेयर ऑफ द ईयर 2022 जीतकर एक बार फिर साबित कर दिया कि लगातार कड़ी मेहनत सफलता की ओर ले जाती है। हॉकी इंडिया द्वारा शुरू की गयी एक पॉडकास्ट श्रृंखला हॉकी ते चर्चा के नवीनतम एपिसोड में, ओलंपिक पदक विजेता और अनुभवी हार्दिक सिंह ने प्लेयर ऑफ द ईयर पुरस्कार जीतने के बारे में बात की साथ ही उन्होंने एफआईएच ओडिशा हॉकी मेन्स वर्ल्ड कप 2023 से बाहर होने के बारे में भी खुलकर बात की और बताया कि आज वह जहां हैं, वहां पहुंचने के लिए उन्होंने कड़ी मेहनत की है। हार्दिक ने कहा, मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं कभी यह पुरस्कार जीतूंगा, लेकिन मैं यह जानता हूं कि मैं पिछले तीन से चार सालों से कड़ी मेहनत कर रहा था और मेरी मेहनत रंग लाई। यह पुरस्कार यह भी सुनिश्चित करता है कि अच्छा खेलने से देशवासियों द्वारा सराहना भी मिलती है। हार्दिक ने यह भी याद किया कि कैसे उन्होंने 2019 में टोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाले मनप्रीत सिंह को देखकर पुरस्कार जीतने का सपना देखा था।




उन्होंने कहा, मैं सोच रहा था कि एक दिन मुझे यह पुरस्कार मिलेगा। इसलिए, मैं हर दिन कड़ी मेहनत कर रहा था और फिर टोक्यो 2020 ओलंपिक आया, जो मेरे लिए यह साबित करने का एक बड़ा अवसर था कि टीम में मेरी एक महत्वपूर्ण भूमिका है। 24 वर्षीय ने यह भी कहा कि इस तरह के पुरस्कार खिलाड़ियों को अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए प्रेरित करते हैं। उन्होंने कहा, मैं वास्तव में हॉकी इंडिया और जूरी की सराहना करता हूं, जिन्होंने सोचा कि मैं प्लेयर ऑफ द ईयर अवार्ड प्राप्त करने में सक्षम हूं। इसके अलावा, मुझे लगता है कि ये पुरस्कार वरिष्ठ और साथ ही जूनियर खिलाड़ियों को प्रेरित करते हैं क्योंकि हमेशा बेहतर प्रदर्शन करने की भूख होती है और इससे आपको बेहतर और बेहतर होने में मदद मिलती है। उन्होंने कहा, धनराज पिल्ले, गुरबक्स सिंह और हरचरण सिंह जैसे हॉकी के दिग्गजों की उपस्थिति में पुरस्कार प्राप्त करना मेरे लिए अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि थी और यह मुझे एक खिलाड़ी के रूप में सुधार करते रहने के लिए प्रेरित करता है। एक खिलाड़ी के रूप में अपने व्यक्तिगत विकास के बारे में हार्दिक ने कहा, वर्तमान में, मैं वास्तव में खुश हूं कि मैं दिन-ब-दिन कैसे बेहतर होता जा रहा हूं, मैं कैसे सुधार कर रहा हूं, और कैसे मैं हर सत्र में अपने कौशल को विकसित कर रहा हूं क्योंकि पिछले 2017-18 में, मैं अपने कंफर्ट जोन में आ गया जो मेरे लिए हानिकारक साबित हुआ क्योंकि मैं अच्छा नहीं खेल रहा था और अंततः टीम से बाहर कर दिया गया था।

## स्पीड न्यूज

### बंगाल में 4.5 करोड़ के सोने का बिस्कुट जब्त

**बनगांव।** अगरतला से बांग्लादेश के रास्ते आ रही एक अंतरराष्ट्रीय बस से साढ़े चार करोड़ रुपये मूल्य के सोने के बिस्कुट जब्त किए गए हैं। बीएसएफ के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले में सोमवार को भारत और बांग्लादेश सीमा पर स्थित पेट्रापोल में वाहन जांच अभियान के दौरान जब्ती की गई और बस चालक और खलासी को गिरफ्तार कर लिया गया।

### शेरनी व तेंदुए के हमले से दो बच्चों की मौत

**अमरेली।** गुजरात के अमरेली जिले में अलग-अलग घटनाओं में एक शेरनी और एक तेंदुए ने एक नवजात और एक तीन वर्षीय बच्चे की जान ले ली। वन विभाग के अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उप वनसंरक्षक जयन पटेल ने बताया कि लिलिया तालुका में खेड़ा गांव के पास खुले में अपने परिवार के साथ सो रहे पांच महीने के बच्चे को मंगलवार सुबह एक शेरनी उठा ले गई। उसका परिवार दिहाड़ी मजदूरी करता है।

### सब्जी कूलर खरीदने के लिए मिलेगा कर्ज

**नयी दिल्ली।** कृषि प्रौद्योगिकी फर्म रूकार्ट ने अपने ग्राहकों को उत्पाद खरीदने के लिए आसानी से कर्ज उपलब्ध कराने के लिए एसबीआई के साथ करार किया है। इस करार से ग्राहकों को फलों और सब्जियों को लंबे समय तक ताजा रखने वाले सब्जी कूलर को खरीदने में सुविधा होगी।

### कांग्रेस नेता हुड्डा के घर में आग लगी

**चंडीगढ़।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा के यहां स्थित सरकारी आवास में मंगलवार दोपहर आग लग गई। दमकल विभाग के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। अधिकारियों ने कहा कि दमकल की दो गाड़ियां हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री के सेक्टर 7 स्थित आवास पर भेजी गईं और आग पर तुरंत काबू पा लिया गया।

### श्रद्धा हत्याः आफताब खिलाफ आरोप तय

**नयी दिल्ली।** अपनी लिव-इन साथी श्रद्धा वालकर की गला दबाकर हत्या के बाद उसके शव के टुकड़े-टुकड़े करने के आरोपी आफताब अमीन पूनावाला के खिलाफ यहां की एक अदालत ने मंगलवार को हत्या और सबूत मिटाने के आरोप तय किए। इसके साथ ही उसके खिलाफ मुकदमा शुरू होने का मार्ग प्रशस्त हो गया। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश मनीषा खुराना कक्कड़ ने कहा कि दलीलों को विस्तार से सुना गया और अभियोजन पक्ष की तरफ से पर्याप्त सामग्री पेश की गई। उन्होंने कहा कि आरोपी के खिलाफ प्रथम दृष्टया भारतीय दंड संहिता की धारा 302 (हत्या) और 201 (अपराध के सबूत गायब करना) के तहत अपराध का मामला बनता है।अदालत ने हालांकि कहा कि पूनावाला को दोनों अपराधों के लिए दोषी ठहराया जा सकता है।

# ब्रिगेडियर और उससे ऊपर के रैंक के अधिकारी पहनेंगे एक जैसी वर्दी

## सेना ने किया बड़ा बदलाव, एक अगस्त से होंगे लागू

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** सेना ने फैसला किया है कि एक अगस्त से ब्रिगेडियर और उससे ऊपर के रैंक के अधिकारियों की एक समान वर्दी होगी, भले ही उनका मूल कैडर और नियुक्ति कुछ भी हो। सैन्य सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि यह फैसला हाल ही में संपन्न सेना कमांडरों के सम्मेलन के दौरान विस्तृत चर्चा और सभी हितधारकों के साथ व्यापक विचार-विमर्श के बाद लिया गया। यह निर्णय एक अगस्त से प्रभावी होगा।

सूत्रों के अनुसार, फैसले के तहत वरिष्ठ अधिकारियों की टोपी, कंधे पर बैज, गोरगेट पैच, बेल्ट और जूते का मानकीकरण किया जाएगा। कर्नल और नीचे के रैंक के अधिकारियों की वर्दी में कोई बदलाव नहीं होगा।एक सूत्र ने बताया कि भारतीय सेना ने रेजिमेंट की सीमाओं से परे, वरिष्ठ नेतृत्व के बीच सेवा मामलों में सामान्य

- ▸▸ वरिष्ठ अधिकारियों की टोपी, बैज, गोरगेट पैच, बेल्ट और जूते का होगा मानकीकरण
- ▸▸ कर्नल और नीचे के रैंक के अधिकारियों की वर्दी में कोई नहीं होगा बदलाव

पहचान और दृष्टिकोण को बढ़ावा देने के लिए ब्रिगेडियर और उससे ऊपर के रैंक के अधिकारियों के लिए एक समान वर्दी अपनाने का फैसला किया है।यह भारतीय सेना की निष्पक्ष और न्यायसंगत संगठन होने की खासियत को और भी सशक्त करेगा।

ारतीय सेना में ब्रिगेडियर और ऊपर के अधिकारी वे होते हैं जो पहले से ही यूनिट और बटालियनों की कमान संभाल चुके होते हैं और उनमें से ज्यादातर मुख्यालय या प्रतिष्ठानों में तैनात होते हैं, जहां सभी अंगों और सेवाओं के अधिकारी एक साथ काम करते हैं और कार्य करते हैं। सूत्रों ने बताया कि भारतीय सेना की सच्ची प्रकृति को दर्शाते हुए एक मानक वर्दी वरिष्ठ रैंक के सभी अधिकारियों के लिए एक सामान्य पहचान सुनिश्चित करेगी। विभिन्न प्रकार की वर्दी और साज-सज्जा का भारतीय सेना के संबंधित अंगों, रेजिमेंट और सेवाओं से विशिष्ट संबंध है।



# कोयला घोटाले में 51 करोड़ से अधिक की संपत्ति जब्त

एजेंसी

**नयी दिल्ली।**कथित कोयला लेवी जांच मामले में छत्तीसगढ़ कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव और चंद्रदेव प्रसाद राय तथा प्रदेश कांग्रेस कमेटी (पीसीसी) के कोषाध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल सहित अन्य लोगों की संपत्ति जब्त की गई है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को कहा कि इस मामले में अचल संपत्ति, महंगे वाहन, आभूषण और 51 करोड़ रुपये से अधिक की नकदी जब्त की गई है। ईडी ने बताया कि आईएएस अधिकारी रानू साहू, कोयला व्यापारी सूर्यकांत तिवारी के अलावा दो अन्य व्यक्तियों आर पी सिंह और विनोद तिवारी की संपत्तियों को भी धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की आपराधिक धाराओं के तहत जब्त किया गया है।

- ▸▸ छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के दो विधायकों और पीसीसी कोषाध्यक्ष के अचल संपति, महंगे कार व रुपये को ईडी ने किया जब्त

जांच एजेंसी ने बताया कि सूर्यकांत तिवारी के साथ उपरोक्त व्यक्तियों के वित्तीय संबंधों के प्रत्यक्ष प्रमाण मिले हैं। एजेंसी ने इससे पहले इस मामले में आईएएस अधिकारी समीर विश्नोई और राज्य सेवा की



नौकरशाह सौम्या चौरसिया की संपत्ति जब्त की थी। एजेंसी ने इससे पहले कहा था कि जांच बड़े पैमाने पर घोटाले के आरोपों से संबंधित है, जिसमें वरिष्ठ नौकरशाहों, व्यापारियों, राजनेताओं और बिचौलियों के गठजोड़ द्वारा छत्तीसगढ़ में प्रत्येक टन कोयले के लिए 25 रुपये की अवैध वसूली की जा रही थी।

## दिल्ली शराब घोटाला

### सांसद के बेटे की अंतरिम जमानत याचिका खारिज

**नयी दिल्ली।** राजधानी की एक अदालत ने कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े एक धनशोधन मामले में वाईएसआर कांग्रेस के सांसद मगुंटा श्रीनिवासुलु रेड्डी के बेटे राघव मंगुटा की अंतरिम जमानत याचिका खारिज कर दी है। विशेष न्यायाधीश एम. के. नागपाल ने राघव मंगुटा की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उसने पत्नी की स्वास्थ्य की गिरती स्थिति के मद्देनजर जमानत दिये जाने का अनुरोध किया था। अदालत ने कहा कि वह इस बात को नजरअंदाज नहीं कर सकती कि आरोपी के खिलाफ धनशोधन के गंभीर अपराध के लिए मुकदमा चलाया जा रहा है।अदालत ने यह भी कहा कि वह याचिकाकर्ता की पत्नी की बीमारी के कथित विवरण से भी संतुष्ट नहीं है, क्योंकि उसके समक्ष पेश किये गये दस्तावेजों में राघव की पत्नी की स्थिति गंभीर होने का जिक्र नहीं किया गया है।

# मप्र में बस पुल से गिरी 24 की मौत, 41 घायल

**खरगोन/ भोपाल।** मध्य प्रदेश के खरगोन जिले में मंगलवार सुबह एक यात्री बस के पुल से नदी के सूखे तल पर गिर जाने से दो और लोगों की मौत होने के बाद हादसे में मृतकों की संख्या बढ़कर 24 हो गयी है। इस हादसे में कम से कम 41 लोग घायल हो गये। खरगोन जिले के प्रभारी मंत्री एवं प्रदेश के कृषि मंत्री कमल पटेल ने संवाददाताओं को बताया कि इस हादसे में कम से कम 41 लोग घायल हुए हैं जिनका खरगोन और इंदौर के विभिन्न अस्पतालों में इलाज चल रहा है। पटेल ने यह भी कहा कि बस के ओवरलोड और तेज गति होने के कारण खरगोन जिले के सहायक क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी (एआरटीओ) को निलंबित कर दिया गया है। मंत्री ने कहा कि 37 लोगों की क्षमता वाली बस में करीब 70 यात्री सवार थे। पटेल ने कहा कि जिले में बसों की तेज गति और ओवरलोडिंग के खिलाफ पुलिस को अभियान चलाने का निर्देश दिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि गंभीर रूप से घायल 18 लोगों को बेहतर इलाज के लिए इंदौर रेफर किया गया जबकि 23 का इलाज खरगोन जिला अस्पताल में चल रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सड़क दुर्घटना में लोगों की मौत पर शोक व्यक्त किया और प्रत्येक मृतक के परिजन को दो-दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। इससे पहले अधिकारियों ने कहा था कि दुर्घटना के समय बस में लगभग 50 यात्री सवार थे।

- ▸▸ प्रधानमंत्री ने जताया शोक, मृतक के परिजन को दो-दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने का किया एलान

# तमिलनाडु में एनआइए ने 6 स्थानों पर की छापेमारी

## पीएफआई के पांच संदिग्ध गिरफ्तार

**नयी दिल्ली।** प्रतिबंधित पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) की गैरकानूनी गतिविधियों से जुड़े एक मामले में राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने मंगलवार को तमिलनाडु में छह स्थानों पर छापेमारी की और पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि चेन्नई, मदुरै, डिंडीगुल और थेनी जिलों में छापे मारे गए। एनआईए के एक प्रवक्ता ने कहा कि इन गिरफ्तारी के साथ ही, राज्य में पिछले साल दर्ज आपराधिक साजिश मामले में पकड़े गए लोगों की कुल संख्या 15 हो गई है। मंगलवार को गिरफ्तार आरोपियों की पहचान चेन्नई के अब्दुल रज्जाक (47), मदुरै के वकील मोहम्मद यूसुफ (35) और वकील एम मोहम्मद अब्बास (45), डिंडीगुल के काइजर ए (45) और थेनी के सातिक अली (39) के रूप में की गई है। आरोपियों की संपत्तियां की तलाशी ली गई, जिनमें ज्यादातर घर और फार्महाउस शामिल हैं। धारदार हथियार, डिजिटल उपकरण और दस्तावेजों सहित कई आपत्तिजनक सामग्री बरामद की।

## अनिल दुजाना की सम्पत्ति होगी कुर्क

**नोएडा।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुख्यात बदमाश अनिल दुजाना के एनकाउंटर के बाद पुलिस ने उसकी अवैध रूप से अर्जित की गई संपत्ति पर भी कार्रवाई करनी शुरू कर दी है। पुलिस ने इस दौरान उसकी करीब 8 संपत्ति को चिन्हित किया है। अब तक पुलिस अनिल दुजाना और उसके गुर्गों की करीब 2 करोड़ 21 लाख रुपए की प्रॉपर्टी को कुर्क कर चुकी है। एसटीएफ से मुठभेड़ में पश्चिम उत्तर प्रदेश का कुख्यात बदमाश अनिल दुजाना ढेर हो गया था। डीसीपी राम बदन सिंह ने बताया कि दुजाना की मौत के बाद लोगों का सहयोग मिल रहा है। जिससे पता लग रहा है कि उसके द्वारा डरा धमकाकर और अवैध रूप से काफी संपत्ति अर्जित की गई थी।

# महिला से सामूहिक दुष्कर्म के दो आरोपियों को 20-20 साल की सजा

**मुजफ्फरनगर।** मुजफ्फरनगर की अपर जिला एवं सत्र अदालत ने मंगलवार को वर्ष 2013 में जिले में हुए सांप्रदायिक दंगों के दौरान एक महिला से सामूहिक बलात्कार के दो आरोपियों को दोषी करार देते हुए 20-20 साल कैद और जुर्माने की सजा सुनाई। अभियोजन पक्ष की अधिवक्ता वृंदा ग्रोवर के मुताबिक सितंबर 2013 में मुजफ्फरनगर में हुए दंगों के दौरान फुगाना क्षेत्र के एक गांव में 26 वर्षीय महिला से सामूहिक बलात्कार किया गया था। इस मामले की जांच के लिए गठित विशेष दल ने कुलदीप, महेशवीर और सिकंदर नामक आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया था। लेकिन मामले की सुनवाई की प्रक्रिया के दौरान कुलदीप की मौत हो गई थी। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ए. के. सिंह ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद आरोपी महेशवीर और सिकंदर को दोषी करार दिया और 20-20 साल की कैद तथा 15-15 हजार रुपये जुमार्ने की सजा सुनाई। ग्रोवर ने बताया कि उच्चतम न्यायालय ने इस मामले में निचली अदालत को आदेश दिया था कि वह इसे प्राथमिकता से ले और इस मामले को लंबे समय तक टाला ना जाए। इसके बाद इस मामले की प्रतिदिन सुनवाई हुई थी। ग्रोवर ने बताया कि उन्होंने उच्चतम न्यायालय में दायर अपनी याचिका में कहा था कि इस वारदात के अभियुक्त निचली अदालत में सुनवाई की प्रक्रिया में विलंब कराने की कोशिश कर रहे हैं। सितंबर 2013 में मुजफ्फरनगर जिले में हुए सांप्रदायिक दंगों में 65 लोगों की मौत हो गई थी तथा करीब 100 अन्य जख्मी हुए थे।

- मुजफ्फरनगर दंगा के दौरान फुगाना में 26 वर्षीय महिला से किया था सामूहिक दुष्कर्म

## मप्र एटीएस ने 10 संदिग्ध लोगों को हिरासत में लिया

**भोपाल।** मध्य प्रदेश पुलिस के आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने मंगलवार को राज्य के दो शहरों से करीब 10 लोगों को कट्टरपंथी संगठन हिज्ब-उत-तहरीर (एचयूटी) से जुड़े होने के संदेह में हिरासत में लिया। एटीएस के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि एटीएस ने कट्टरपंथी संगठन से कथित संबंध को लेकर भोपाल और छिंदवाड़ा के विभिन्न इलाकों से आठ से 10 लोगों को हिरासत में लिया है और उनसे पूछताछ की जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की राजधानी भोपाल के ऐशबाग, जवाहर कॉलोनी और कुछ अन्य इलाकों से संदिग्धों को हिरासत में लिया गया हालांकि, सूत्रों ने कहा कि हिरासत में लिए गए लोगों के कब्जे से आपत्तिजनक साहित्य, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और कुछ अन्य सामग्री जब्त की गई है। पिछले साल, भोपाल से कई लोगों को प्रतिबंधित समूह जमात-उल-मुजाहिदीन बांग्लादेश के साथ कथित संबंधों के लिए गिरफ्तार किया गया था।

# कर्नाटक में विधानसभा चुनाव आज

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** कर्नाटक विधानसभा चुनाव में भाजपा के लिए काफी कुछ दांव पर लगा हुआ है, वहीं कांग्रेस के लिए भी बहुत कुछ दांव पर है।

इस दक्षिणी राज्य में जीत से कांग्रेस को जहां आगामी विधानसभा चुनावों के लिए संजीवनी मिलेगी और केंद्रीय स्तर पर उसकी स्थिति मजबूत होगी वहीं भाजपा के लिए यहां की जीत दक्षिण में पैर पसारने की उसकी उम्मीदों को पंख देगा तथा 2024 से पहले फिर से उसे मजबूत स्थिति में ला खड़ा करेगा। बहरहाल, कर्नाटक में नयी सरकार चुनने के लिए बुधवार को लोग मतदान करेंगे।

करीब महीने भर चले चुनाव प्रचार के शुरूआती दिनों में विचारधारा के साथ-साथ शासन से जुड़े मुद्दे हावी रहे लेकिन अंतिम चरण में भगवान हनुमान के प्रवेश ने मुकाबले को रोचक बना दिया कांग्रेस ने पहले बीएस येदियुरप्पा और फिर बसवराज बोम्मई के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार के तहत कथित भ्रष्टाचार को लेकर 40 फीसदी कमीशन सरकार के मुद्दे को जोरशोर से उछालकर चुनावी बढ़त हासिल करने की कोशिश की तो भाजपा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के करिश्मे और डबल इंजन सरकार के फायदे गिनाते हुए जनता को साधने की भरपूर कोशिश की। विपक्षी पार्टी कांग्रेस ने पांच गारंटी के साथ ही कई कल्याणकारी उपायों और रियायतों की घोषणा की तथा कुल आरक्षण को मौजूदा 50 प्रतिशत से बढ़ाकर 75 प्रतिशत करने का वादा किया है।

हालांकि, इसके घोषणापत्र में बजरंग दल और पहले से ही प्रतिबंधित कट्टरपंथी इस्लामी निकाय पीएफआई जैसे संगठनों पर प्रतिबंध सहित कड़ी कार्रवाई, और मुसलमानों के लिए चार प्रतिशत कोटा बहाल करने जैसे वादों ने भाजपा को इन्हें अपने पक्ष में भुनाने का मौका दे दिया। इसी उम्मीद में भाजपा ने हिंदुत्व के अपने मुद्दे को बढ़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। दो मई को कांग्रेस का घोषणापत्र जारी होने के बाद भाजपा ने दोनों मुद्दों को चुनाव के केंद्र में ला दिया।

खुद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विपक्षी पार्टी पर आरोप लगाया कि वह भगवान हनुमान और उनकी महिमा के नारे लगाने वालों को बंद करने की कोशिश कर रही है। मोदी की रैलियों में बजरंग बली की जय के नारे बुलंद होने लगे तो भाजपा नेताओं ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उस पर तुष्टिकरण की राजनीति के आरोप लगाए।

भाजपा के वरिष्ठ नेता बी एल संतोष ने प्रचार के दौरान कहा कि यह कांग्रेस है जिसने इस मुद्दे को सामने किया। उन्होंने कहा कि ऐसे में भाजपा निश्चित रूप से इसे उठाएगी।

- ▸▸ भाजपा के जीत से दक्षिण में पैर पसारने की उसकी उम्मीदों को पंख देगा और 2024 से पहले उसे मजबूत स्थिति में ला खड़ा करेगा
- ▸▸ कांग्रेस के लिए भी बहुत कुछ दांव पर, जीतने पर मिलेगी संजीवनी




# परिणीति और राघव चड्ढा की सगाई 13 मई को

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस परिणीति चोपड़ा और आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा शनिवार 13 मई को सगाई करने वाले हैं। एक सूत्र ने आईएएनएस को बताया, शनिवार, 13 मई को सगाई हो रही है, जिसकी तैयारियां चल रही हैं।

परिणीति पहले ही दिल्ली के लिए रवाना हो चुकी हैं। हाल ही में इस कपल को डिनर डेट के बाद एक रेस्टोरेंट से निकलते हुए स्पॉट किया गया। सेलिब्रिटी पैपराजी विरल भयानी द्वारा इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा किया गया था, जिसमें परिणीति को ऑल-ब्लैक आउटफिट में देखा जा सकता है, जबकि आप नेता ब्लैक पैंट के साथ ग्रे शर्ट में कैजुअल दिख रहे हैं। राघव और परिणीति के बीच डेटिंग की अफवाहें पिछले महीने तब शुरू हुईं जब दोनों को लंदन और फिर मुंबई में एक साथ देखा गया। दोनों को अक्सर मुंबई और नई दिल्ली एयरपोर्ट पर एक साथ देखा गया है।



एयरपोर्ट से पिक-अप करने से लेकर रेस्टोरेंट में साथ जाने तक, परिणीति और राघव को कई बार साथ देखा गया है। हालांकि, दोनों ने कभी भी अपने रिश्ते की खबरों को न तो खारिज किया है और न ही स्वीकार किया।

इस बीच, वर्क फ्रंट की बात करें तो, परिणीति इम्तियाज अली निर्देशित 'चमकीला' में दिलजीत दोसांझ के साथ स्क्रीन साझा करती नजर आएंगी। बताया जा रहा है कि यह फिल्म पंजाबी सिंगर अमर सिंह चमकिला से प्रेरित है।

## यूपी में द केरल स्टोरी टैक्स फ्री, मुख्यमंत्री देखेंगे फिल्म

**लखनऊ।** केरल में बड़े पैमाने पर हिंदू महिलाओं के धर्मांतरण और उन्हें आतंकी गतिविधियों में लिप्त किए जाने पर आधारित 'द केरल स्टोरी की चर्चाओं के बीच अब उत्तर प्रदेश में इस फिल्म को टैक्स फ्री किया जाएगा। यही नहीं, सीएम योगी अपने पूरे मंत्रिमंडल के साथ इस फिल्म का अवलोकन भी करेंगे। मुख्यमंत्री कार्यालय के ट्विटर हैंडल से इस संबंध में ट्वीट किया गया है। ट्वीट में लिखा गया है कि योगी अपने पूरे मंत्रिमंडल के साथ 12 मई को लखनऊ में द केरल स्टोरी फिल्म देखेंगे।

## द केरल स्टोरी पर 15 को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय विवादास्पद फिल्म 'द केरल स्टोरी' पर रोक लगाने से केरल उच्च न्यायालय के इनकार के खिलाफ दायर याचिका पर 15 मई को सुनवाई करेगा। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा की पीठ ने याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल के अनुरोध को स्वीकार करते हुए सुनवाई करने पर सहमति जताई। श्री सिब्बल ने इस मामले को विशेष उल्लेख के दौरान उठाते हुए तत्काल सुनवाई करने का अनुरोध किया था। अदालत के समक्ष पिछले कुछ दिनों में यह मामला यह चौथी बार आया है। फिल्म से संबंधित कई पहलुओं पर सुनवाई करने से अदालत ने इनकार कर दिया था।

